

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत रत्न डॉ. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 102 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### केंद्र ने गैस मीटरों के लिए बनाए मसौदा नियम, परीक्षण, सत्यापन और मुहर लगाना अनिवार्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के तहत गैस मीटरों के लिए मसौदा नियम तैयार किए हैं। इस नियम के तहत व्यापार और वाणिज्य के लिए उपयोग में लाए जाने से पहले गैस मीटरों का परीक्षण, सत्यापन और स्टाम्पिंग अनिवार्य होगा। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि विभाग ने विधिक मापविज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के तहत गैस मीटरों के लिए मसौदा नियम तैयार करके उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने, न्यायसंगत व्यापार पद्धतियों को बढ़ावा देने और गैस के उपयोग में सटीक माप सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इन नियमों के तहत गैस मीटरों के उपयोग में लाने पर उनकी शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए इन नियमों के अंतर्गत उनका पुन: सत्यापन भी निर्धारित किया गया है, ताकि उपयोग में होने पर उनकी शुद्धता सुनिश्चित की जा सके।

### बाबा साहेब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को अलीपुर रोड स्थित बाबा साहेब आंबेडकर मेमोरियल में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता, एकता और मानवाधिकारों के लिए समर्पित बाबा साहेब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ, केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार एवं बीएल वर्मा एवं सांसद योगेंद्र चंदोलिया और भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह संयोजक संजय मयूख ने भी आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली भाजपा ने किया। आंबेडकर जयंती पर सोमवार को दिल्ली भाजपा ने सभी 256 मंडलों में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर दिल्ली भाजपा के अनुसूचित

# हरियाणावासियों को मिली परियोजनाओं की सौगात

● विकसित भारत-विकसित हरियाणा समारोह बना हरियाणा के विकास का साक्षी, मोदी ने यमुनानगर में दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट में 800 मेगावाट की तीसरी इकाई का किया शिलान्यास,

**सौगात**

● दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्रोजेक्ट में 2300 मेगावॉट इकाइयों वाले मौजूदा संयंत्र का विस्तार है

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** संविधान शिल्पी बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेशवासियों को विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट, यमुनानगर में लगभग 8469 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 800 मेगावाट की तीसरी इकाई का शिलान्यास किया। इसके अलावा, यमुनानगर में 90 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाले गोबर-धन संयंत्र का शिलान्यास और लगभग 1069 करोड़ रुपये से निर्मित रेवाड़ी बाइपास का भी उद्घाटन किया। समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज, कृष्ण लाल पंवार और श्याम सिंह राणा भी मौजूद रहे। ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हरियाणा पावर जनरेशन कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीजीसीएल) को दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट, यमुनानगर में 800 मेगावाट की तीसरी इकाई स्थापित करने की अनुमति दी गई। यह परियोजना यमुनानगर में दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्रोजेक्ट में 2300 मेगावॉट इकाइयों वाले मौजूदा संयंत्र का विस्तार है। इस तीसरी इकाई के निर्माण के लिए 233 एकड़ भूमि का उपयोग किया जाएगा। इस परियोजना को पूरा करने के लिए 52 महीने की समय सीमा तय की गई है, जबकि वाणिज्यिक संचालन 48 महीनों के अंदर यानि मार्च, 2029 तक शुरू हो जाएगा। इस इकाई से हरियाणा की घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,382 मेगावॉट तक बढ़ जाएगी।

**रेवाड़ी बाईपास का उद्घाटन**
रेवाड़ी बाईपास परियोजना को भारतमाला परियोजना के अंतर्गत हाइब्रिड एन्युइटी मोड पर लगभग 1069 करोड़ रुपये से विकसित किया गया है। यह चार लेन का बाईपास रेवाड़ी शहर के चारों ओर बनाया गया है, ताकि शहर की ट्रैफिक भीड़ को कम किया जा सके। यह बाईपास कुल 14.4 किलोमीटर लंबा है। यह एन.एच.-352 जंक्शन से शुरू होकर नारनौल की दिशा में एन.एच.-11 से जुड़ता है। यह परियोजना रेवाड़ी शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या को हल करने और नारनौल से बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे यात्री और माल ढुलाई दोनों के लिए सफर और भी सुविधाजनक और समयबद्ध होगा। बाईपास, रिंग रोड और अन्य अवसंरचना विकास के माध्यम से मौजूदा और प्रस्तावित दोनों कॉरिडोरों की दक्षता बढ़ेगी, जिससे माल परिवहन व यातायात की सुगमता बढ़ेगी।





## विकसित भारत के लिए विकसित हरियाणा हमारा संकल्प: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित हरियाणा हमारा संकल्प है। इस संकल्प की सिद्धि के लिए, हरियाणा के लोगों की सेवा के लिए और यहां के युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए सरकार ज्यादा स्पीड से और ज्यादा बड़े स्केल पर काम करेगी। गरीब, किसान, नौजवान और नारी शक्ति, इन चारों स्तंभों को सशक्त करने के लिए डबल इंजन सरकार निरंतर काम कर रही है और हम सभी के प्रयासों से हरियाणा जरूर विकसित होगा। हरियाणा फलेगा, फुलेगा और देश का नाम रोशन करेगा, ऐसी मेरी शुभकामनाएं हैं। प्रधानमंत्री आज यमुनानगर में आयोजित विकसित भारत-विकसित हरियाणा समारोह में प्रदेशवासियों को विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास करने उपरांत उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे। समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज, कृष्ण लाल पंवार और श्याम सिंह राणा भी मौजूद रहे। नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के भाई–बहनों को राम–राम कहते हुए मां सरस्वती के उद्गम स्थल, पंचमुखी हनुमान जी और कपाल मोचन की धरा को प्रणाम किया।



### किसानों की मेहनत हर भारतीय की थाली में नजर आती है: पीएम

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि हरियाणा की गाड़ी विकास के पथ पर दौड़ रही है। हरियाणा के किसानों की मेहनत हर भारतीय की थाली में नजर आती है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों के दुख:सुख की सबसे बड़ी साथी है। हमारा प्रयास है कि हरियाणा के किसानों का सामर्थ्य बढ़े। हरियाणा की सरकार अब राज्य की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। हरियाणा के लाखों किसानों को पीएम फसल बीमा योजना का लाभ भी मिल रहा है।

### यमुनानगर में गोबर-धन संयंत्र का शिलान्यास

**नगर** निगम यमुनानगर जगाधरी द्वारा बी.पी.सी.एल. के सहयोग से यमुनानगर के मुकारबपुर में 90 करोड़ रुपये की लागत से गोबर–धन संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इस संयंत्र की कम्प्रेस्ड बायोगैस उत्पादन की वार्षिक क्षमता 2,600 मीट्रिक टन होगी। परियोजना मई 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है। सी.बी.जी. संयंत्र में कृषि अवशेष, मवेशियों के गोबर और नगरपालिका के ठोस कचरे जैसे अपशिष्ट/बायोमास स्रोतों का उपयोग बायो–गैस बनाने के लिए किया जाएगा। इस प्लांट में सालाना 45,000 मीट्रिक टन ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक ढंग से निपटान किया जाएगा। साथ ही 36,000 मीट्रिक टन गाय के गोबर का उपयोग किया जाएगा। सी.बी.जी. बायोगैस का शुद्ध रूप है और सीएनजी का विकल्प है। इस प्लांट में बनी 2,600 मीट्रिक टन सी.बी.जी. से इतनी ही सीएनजी की बचत होगी।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा बंगाल हिंसा का मामला, याचिका दायर

**मांग**

● वकील ने हिंसा और मौतों की जांच के लिए एक टीम बनाने और सुप्रीम कोर्ट से इस जांच की निगरानी करने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। सुप्रीम कोर्ट के वकील शशांक शेखर झा ने हिंसा और मौतों की जांच के लिए एक विशेष टीम बनाने और सुप्रीम कोर्ट से इस जांच की निगरानी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को लोगों की जान बचाने और आगे की हिंसा को रोकने के लिए भी कदम उठाने चाहिए। दरअसल, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन हुआ। हिंसा के बाद मुर्शिबाद में केंद्रीय बलों की तैनाती की गई। इस हिंसा में तीन लोगों की जान गई है। पिछले हफ्ते मुर्शिदाबाद और दक्षिण 24 परगना, मालदा और हुगली सहित बंगाल के अन्य जिलों में हुई हिंसा के बाद से 200 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वक्फ कानून के खिलाफ पिछले हफ्ते शुक्रवार को बड़ा प्रदर्शन किया। बाद में यह प्रदर्शन हिंसा में तब्दील हो गया। प्रदर्शनकारियों ने रेलवे ट्रैक को ब्लॉक कर दिया। इसके अलावा पुलिस पर पत्थरबाजी की गई। इस दौरान पुलिस ने बल का प्रयोग किया। उपद्रवीयों ने पुलिस की कई वन को आग के हवाले कर दिया इसके अलावा जमकर तोड़फोड़ की गई।



**कई जिलों में प्रदर्शन जारी**
उल्लेखनीय है कि वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ बंगाल के मुस्लिम बहुल जिले मुर्शिदाबाद व दक्षिण 24 परगना में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है।

### भगोड़ा मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार

**नई दिल्ली: भगोड़े** मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। भारत को हजारों करोड़ रुपये के पीएनबी ऋण घोटाले में उसकी तलाश है। भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध पर बेल्जियम ने चोकसी के खिलाफ एक्शन लिया है। जानकारी के मुताबिक मेहुल बेल्जियम के एंटवर्प में अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ रह रहा था। उसने वहां का रेजिडेंसी कार्ड भी हासिल कर लिया था। भारतीय अधिकारियों ने बेल्जियम के अधिकारियों से मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया जल्द शुरू करने का अनुरोध किया।

## रामपाल कश्यप को पीएम ने अपने हाथों से पहनाए जूते



**संकल्प पूरा**

● रामपाल कश्यप ने संकल्प लिया था कि जब तक नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बन जाते, तब तक वह नंगे पांव चलेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने (सोमवार) 14 साल से नंगे पांव चल रहे कैथल के रामपाल कश्यप को अपने हाथों से जूते पहनाए। उस समय रामपाल कश्यप ने संकल्प लिया था कि जब तक नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बन जाते, तब तक वह नंगे पांव चलेंगे और जूते नहीं पहनेंगे। पीएम मोदी ने आज उन्हें जूते पहनाने के बाद आशीर्वाद दिया और काम करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि काम में जुट जाओ।

**'जब तक मोदी प्रधानमंत्री नहीं बन जाते...'**
वहीं, पीएम मोदी ने भी ट्वीट कर कहा कि हरियाणा के यमुनानगर में आज कैथल के रामपाल कश्यप जी से मिलने का सौभाग्य मिला। इन्होंने 14 वर्ष पहले एक व्रत लिया था कि मोदी जब तक प्रधानमंत्री नहीं बन जाते और मैं उनसे मिल नहीं लेता, तब तक जूते नहीं पहनूंगा। मुझे आज उनको जूते पहनाने का अवसर मिला। मैं ऐसे सभी साथियों की भावनाओं का सम्मान करता हूं, परंतु मेरा आग्रह है कि वो इस तरह के प्रण लेने के बजाए किसी सामाजिक अथवा देशहित के कार्य का प्रण लें।

**कौन हैं रामपाल कश्यप**
रामपाल कैथल के खेड़ीगुलामा गांव के रहने वाले हैं। यमुनानगर कार्यक्रम के दौरान स्टेज के पीछे पीएम मोदी ने जूते पहनाए हैं।

## '50 हैंड ग्रेनेड' वाले बयान पर बाजवा के खिलाफ केस दर्ज

**चेतावनी**

● दिल्ली में पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस को इस तरीके से चुप नहीं कराया जा सकता



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं पंजाब विधानसभा में नेता विपक्ष प्रताप सिंह बाजवा के "50 हैंड ग्रेनेड" वाले बयान को लेकर चंडीगढ़ से दिल्ली तक सियासत गरमा गई है। इस बयान को लेकर जहां मोहाली साइबर क्राइम थाने में बाजवा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है वहीं दिल्ली में पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस को इस तरीके से चुप नहीं कराया जा सकता है। सरकार की इस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने कल चंडीगढ़ में प्रदर्शन करने का फैसला किया है।

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने सोमवार को यहां कहा कि प्रताप सिंह बाजवा की राज्य में खराब कानून व्यवस्था से जुड़ी चेतावनी को गंभीरता से लेने की बजाय सूबे के मुख्यमंत्री ने उन पर आतंकी समूहों से सम्बन्ध होने का आरोप मढ़ दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री को पता होना चाहिए कि आतंकवाद के कारण बाजवा ने अपने परिजनों को खोया है। जयराम रमेश ने कहा कि कल एक टेलीविजन इंटरव्यू में प्रताप सिंह बाजवा ने खुलासा किया था कि राज्य में 50 हैंड ग्रेनेड तस्करी कर लाए गए हैं। उनका यह बयान मीडिया में व्यापक रूप से रिपोर्ट की गई खबरों पर आधारित था और यह पिछले छह महीनों में पंजाब में लगभग 16 ग्रेनेड विस्फोटों के मद्देनजर आया था। दरअसल, बाजवा का बयान ऐसे समय पर आया, जब जालंधर में भारतीय जनता पार्टी नेता मनोरंजन कालिया के घर पर ग्रेनेड हमला हुआ था।

## एसबीआई ने लोन की दरों में 0.25 फीसदी कटौती की



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** देश एवं सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने सोमवार को अपने लोन पर ब्याज की दर में 0.25 फीसदी की कटौती की है। इस कटौती के बाद मौजूदा और नए उधारकताओं दोनों के लिए ऋण सस्ता हो जाएगा। संशोधित दरें 15 अप्रैल से लागू होंगी। स्टेट बैंक की वेबसाइट पर अपडेट की गई दरों की जानकारी के अनुसार इस कटौती के बाद एसबीआई की रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट 0.25 फीसदी की कमी के साथ 8.25 फीसदी हो जाएगा। एसबीआई ने एक्सटर्नल बेंचमार्क बेस्ड लेंडिंग रेट (ईबीएलआर) को भी 25 आधार अंकों (0.25 फीसदी) घटाकर 8.65 फीसदी कर दिया है।

## पीएमएमवाई के तहत 33 लाख करोड़ रुपये के गारंटी मुक्त ऋण स्वीकृत: पंकज

**कारोबार में मदद**


● पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने 52 करोड़ लोगों को 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बिना गारंटी वाले लोन दिए



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/नागपुर।** केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत 52 करोड़ लोगों को कारोबार शुरू करने के लिए 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बिना गारंटी वाले लोन दिए गए हैं। इन लाभार्थियों में 68 फीसदी महिलाएं शामिल हैं। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने नागपुर में राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारियों के 77वें बैच को संबोधित करते हुए यह बात कही। पंकज चौधरी ने आर्थिक वद्धि को लेकर देश के दृष्टिकोण पर कहा, पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने 52 करोड़ लोगों को 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बिना गारंटी वाले लोन दिए हैं। यह ऋण 50,000 रुपये से लेकर 20 लाख रुपये तक के हैं। आईआरएस के 77वें बैच के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में मंत्री ने कहा, आज लोग इन लोन की मदद से नए-नए कारोबार की शुरूआत कर रहे हैं।

**दोहराई** देश में जाति जनगणना अत्यंत जरूरी है, अभी केंद्र सरकार 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर अपनी योजनाएं बना रही

## कांग्रेस ने सामान्य जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने की मांग



**मांग**

● मल्लिकार्जुन खरगे राज्यों के आरक्षण को 9वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग भी की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने देश में सामान्य जनगणना के साथ ही जाति जनगणना कराने की मांग दोहराई है। इसके साथ ही राज्यों के आरक्षण को 9वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग भी की है, ताकि 50 प्रतिशत की सीलिंग हटाकर राज्यों के आरक्षण को सुरक्षित किया जा सके। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को यहां पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि आज संविधान निमार्ता डॉ आंबेडकर की जयंती है। आज के दिन मैं कांग्रेस की तरफ से पांच बातें कहना चाहता हूं। पहली यह कि देश में जाति जनगणना अत्यंत जरूरी है। अभी केंद्र सरकार 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर अपनी योजनाएं बना रही है। आगामी जनगणना का अभी तक पता नहीं है। खरगे ने मांग की कि सामान्य जनगणना के साथ-साथ जाति जनगणना कराना जरूरी है। उन्होंने तर्क दिया कि इतने वर्षों के बाद ये नहीं मालूम कि आज समाज के अलग-अलग वर्गों की वास्तविक हालत कैसी है। सामाजिक न्याय के पैमाने पर शिक्षा, नौकरी, मकान और जमीन का मालिकाना हक आदि पर उन्होंने कितनी तरक्की की है। खरगे ने कहा कि दूसरी बात यह है 1976 में इंदिरा गांधी ने एससी-एसटी सब-प्लान लागू किया था ताकि इन समुदायों के साथ समुचित न्याय हो लेकिन 2015 में केंद्र सरकार ने इसे खत्म कर दिया। हालांकि कांग्रेसशासित कर्नाटक और तेलंगाना राज्य सरकारों ने सब-प्लान लागू करने का कानून बनाया है, इसलिए हम भाजपा सरकार से मांग करते हैं कि एस-एसटी सब-प्लान को केंद्र सरकार फिर से लागू करे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि तीसरी बात यह है कि तमिलनाडु के सिवाय कोई राज्य नहीं है, जहां आरक्षण सुरक्षित है। हम मांग करते हैं कि राज्यों के आरक्षण को 9वीं अनुसूची में शामिल किया जाए जिससे 50 प्रतिशत की सीलिंग हटाकर राज्यों के आरक्षण को सुरक्षित किया जा सके।

# बाबा साहेब की कुर्बानी को समाज ने हमेशा सहेजें रखना होगा: एन आर फुले

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत,** आज डॉ भीमराव अम्बेडकर एजुकेशनल सोसायटी सोनीपत द्वारा बाबा साहेब की 134वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एन आर फुले उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त गुरुग्राम (साउथ) रहे वहीं कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि डॉ सुमन मुंडे अस्सिटेंट प्रोफेसर भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां तथा डॉ सुमित कुमार अस्सिटेंट प्रोफेसर राजकीय कन्या महाविद्यालय खरखौदा एवं खरखौदा के सुप्रसिद्ध समाजसेवी ओर पूर्व जिला पार्षद सोनीपत प्रीतम खोखर तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश कुमार सेवानिवृत्त जिला राजस्व अधिकारी सोनीपत रहे। सभी उपस्थित मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण ओर मोमबत्ती जलाकर किया। डॉ सत्यवीर निर्माण ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के आदर्शो पर चलना होगा, बाबा साहेब जैसे मजबूत इरादों को अपना कर हमें आगे बढ़ना होगा हक मांगने से नहीं संघर्ष से मिलता है इसलिए आप सभी को अपने कम खर्चे करने होंगे और बच्चों को शिक्षित करना होगा। वहीं डॉ सुमन मुंडे ने नारी शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि अगर इस दुनिया में नारी को मुक्ति दिलाने का कार्य किया है तो वह है डॉ भीमराव अंबेडकर जी जिन्होंने अपने चार चार बच्चों की कुबार्नी केवल सिर्फ केवल समाज के उत्थान के लिए दे दी। हमें बाबा साहेब के दिखाएं रास्ते पर चलना होगा और कठिन परिश्रम करना होगा और उन्होंने कहा की हम जैसे शिक्षित व्यक्ति जहां भी जिस भी पद पर विराजमान हैं हमें सदैव समाज को दिशा दिखाने का काम करना चाहिए। वहीं अति विशिष्ट अतिथि डॉ सुमित कुमार ने भी शिक्षा पर देते हुए बाबा साहेब के जीवन ओर संघर्षों से अवगत कराया। खरखौदा के सुप्रसिद्ध समाजसेवी प्रतीम खोखर ने कहा कि समाज ने बाबा साहेब के लक्ष्य को सिर्फ पांच प्रतिशत ही प्राप्त किया है पचानवे प्रतिशत अभी बाकी है ओर वह बच्चा हुआ लक्ष्य हम एकता और संघर्ष तथा शिक्षित होकर प्राप्त कर सकते हैं।



**कार्य किया**

समाज ने बाबा साहेब के लक्ष्य को सिर्फ पांच प्रतिशत ही प्राप्त किया है पचानवे प्रतिशत अभी बाकी है

# विशाल सिंह तंवर बने लेफ्टिनेंट



**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद गुर्जर**
**नांगल चौधरी।** इंडियन मिलिट्री अकादमी देहरादून से 9 दिसंबर 2023 को पासिंग आउट परेड के बाद लेफ्टिनेंट विशाल सिंह तंवर का अपने पैतृक शहर नांगल चौधरी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। विशाल सिंह तंवर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा एसडी पब्लिक स्कूल चंडीगढ़ से पूरी की। बीसीए भी एसडी कॉलेज चंडीगढ़ से ही पूरी की। शिक्षा के साथ ही फुटबॉल खेल में भी वे कॉलेज के अब्बल दर्जे के खिलाड़ी रहे। एनसीसी आर्मी विंग में भी बेस्ट कैडेट इन चंडीगढ़ रहे। लेफ्टिनेंट तंवर वर्तमान में रेजीमेंट आफ आर्टलरी में तैनात है। आईएमए में भी उन्होंने बेस्ट फायरिंग अवार्ड अर्जित किया है।
लेफ्टिनेंट विशाल सिंह तंवर की इस उपलब्धि पर भाजपा नेता रमेश तंवर व पूर्व नगर पार्षद सोनू तंवर ने कहा,"विशाल सिंह ने पिता रविंद्र सिंह तंवर व माता कल्पना तंवर के सपनों को साकार रूप देकर, क्षेत्र के बच्चों के लिए आदर्श स्थापित किया है। विशाल सिंह ने सदा ही अपने स्वर्गीय दादा भीखा सिंह तंवर के सिद्धांतों का अनुसरण किया है।
लेफ्टिनेंट तंवर कि इस उपलब्धि से संपूर्ण शहर नांगल चौधरी में ही नहीं,बल्कि क्षेत्र में खुशी का माहौल है।" इस अवसर पर-चितरू सिंह राजपूत, सुरेश सिंह, जापान सिंह, संजीव कुमार,दिलीप सिंह, बजरंग सिंह,अंकित,आशीष,रवि राजपूत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# बीच चौराहे पर श्रद्धालुओं से मारपीट

**मथुरा।** वृंदावन के अटल्ला चुंगी चौराहे पर उस समय हड़कंप मच गया। जब बांके बिहारी के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को बीच चौराहे पर लात घुसो से पीटा जाने लगा। वहीं चौराहे पर मौजूद पुलिसकर्मी भी मूक दर्शक बने रहे। श्रद्धालु की पत्नी और बेटी बचाने का प्रयास करती रही। लोगों ने उनको भी नहीं बक्शा। सोशल मीडिया पर मारपीट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वृंदावन कोतवाली इलाके के अटल्ला चुंगी चौराहे पर श्रद्धालुओं के साथ कुछ लोग मारपीट कर रहे हैं। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एक व्यक्ति को तीन से चार लोग लात घुसो से पीट रहे हैं। जिसमें पुलिस की मौजूदगी भी नजर आ रही है। हालांकि पुलिसकर्मी बीच बचाव कर रहे हैं, लेकिन लोगों के द्वारा व्यक्ति को पीटा जा रहा है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विकास सिंघल पुत्र विपिन कुमार निवासी बी–28, कैलाश कालोनी, नई दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 215/18, 216/18 व 224/18, अन्तर्गत धारा 174ए आईपीसी, थाना जीके–1, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास सिंघल** मिल नहीं रहा हैं, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास सिंघल** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती हैं कि केस **एफआईआर नं. 215/18, 216/18 व 224/18, अन्तर्गत धारा 174ए आईपीसी, थाना जीके–1, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विकास सिंघल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.05.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**देवांशी जनमेजा**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
दक्षिण–पूर्व जिला, कोर्ट नं. 10
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

**DP/4545/SD/2025**
**(Court Matter)**

# जिले भर में 29 स्थानों पर भाजपाइयों ने किया बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महानगर इकाई द्वारा शहर भर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। महानगर के 29 स्थानों पर स्थित अंबेडकर प्रतिमाओं पर पार्टी कार्यकताओं और नेताओं ने माल्यार्पण कर नमन किया। मुख्य कार्यक्रम डीग गेट स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल, पूर्व महापौर मुकेश आर्य बंधु, भाजपा नेता मेघश्याम सैनी, हनुमान गुर्जर, अंकुर अग्रवाल, श्याम शर्मा, प्रमोद बंसल, पवन हिंडौन, रजत बाल्मिक, बृजेश अहेरिया अवधेश उपाध्याय महेंद्र शर्मा और दीपक गोला सत्यप्रकाश सिंघल ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि भारत में जातिवाद के बीज विदेशी आक्रांताओं ने बोए थे, लेकिन डॉ. अंबेडकर ने संविधान में सभी को समान अधिकार देकर सामाजिक न्याय की नींव रखी। उन्होंने कहा कि भाजपा बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी श्रृंखला में वृंदावन स्थित राधा निवास अंबेडकर पार्क में मथुरा-वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र वार्ष्णेय उपसभापति मुकेश सारस्वत ने माल्यार्पण किया। विधायक श्रीकांत शर्मा ने पुष्प अर्पित करते हुए कहा, बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने का कार्य किया।



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया हैं कि अभियुक्त **राहुल पुत्र राजेन्द्र गुप्ता निवासी म. नं. 443, सोमाली एक्सटेंशन, गली नं. 2, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 670/2017 अन्तर्गत धारा 380/411 आईपीसी, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे सामाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 670/2017 अन्तर्गत धारा 380/411 आईपीसी, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**रीतिका जैन**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नं. 105
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/4641/OD/2025**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अजीत,** पुत्र गोपाल शाह, निवासी-बी-ब्लॉक झुग्गी, काली माता मंदिर के पास ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1052/2021 धारा 380/411/34 भा.द.स थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजीत** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजीत** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अजीत, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1052/2021 धारा 380/411/34 भा.द.स थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 27.06.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री रीतिका जैन**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
उत्तर पश्चिम, कोर्ट नंबर 105
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/4647/OD/2025**

# बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में भारतीय संविधान के शिल्पी, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, अपर जिलाधिकारी नमामि राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। जिलाधिकारी ने बाबा साहब के जन्म दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि हमें बाबा साहब के बताए गए रास्तों पर चल कर देश प्रदेश एवं अपने जनपद को आगे बढ़ाना है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **विनोद कुमार** पुत्र **जय राम** निवासी **म.नं. ई–55/15, दिलशाद विहार कॉलोनी, सीमापुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 34/22 U/s 411/34 IPC & 147/179 IR Act, थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **विनोद कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विनोद कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है case **FIR No. 34/22 U/s 411/34 IPC & 147/179 IR Act, थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्ता **विनोद कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 26.05.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री तानिया सिंह
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी–02,
कमरा नं. 296 (ए), द्वितीय तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/4635/Rly/2025(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कपिल सांगवान उर्फ नंदू, पुत्रः श्री सूरज भान, पताः आरजेड–81बी, नंदा एन्क्लेव, नजफगढ़, दिल्ली** ने **FIR No. 191/2023, U/s 387/120B IPC, पुलिस थाना एनडीआर क्राइम ब्रांच, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कपिल सांगवान उर्फ नंदू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कपिल सांगवान उर्फ नंदू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 191/2023, U/s 387/120B IPC, पुलिस थाना एनडीआर क्राइम ब्रांच, नई दिल्ली** के अभियुक्त **कपिल सांगवान उर्फ नंदू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.06.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पारस दलाल
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–01
कमरा नं. 203, द्वितीय तल
राउज एवेन्यू जिला न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/4576/DW/2025**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **विजय पाल,** पुत्र श्री संत राम, निवासी- 241ए, खसरा नंबर 146, गाँव बुराड़ी, दिल्ली 110084 ने **सीसी संख्या 4894/2017 धारा 138 एनआई अधिनियम थाना मुखर्जी नगर दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय पाल** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय पाल** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **विजय पाल, सीसी संख्या 4894/2017 धारा 138 एनआई अधिनियम थाना मुखर्जी नगर दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 04.06.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री निहारिका कुमार शर्मा**
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (उत्तर)
कमरा नं. 117
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/4535/NW/2025**

# भूरेका में बिजली की लाइन से निकली चिंगारी से जली गेहूं की फसल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** नौहझील के गांव भूरेका में जर्जर विद्युत लाइन की चिंगारी से प्रगतिशील किसान सुधीर अग्रवाल की बीज उत्पादन वाली गेहूं की 4-5 एकड़ फसल जल गई। उन्होंने 14 दिन पूर्व ही एक्सईएन डीवीवीएनएल को पत्र लिखकर लाइन दुरुस्त करने और फसल कटने तक कड़ी दोपहर में सप्लाई बंद रखने की मांग की थी। सोमवार की सुबह 9.20 बजे विद्युत लाइन से उठी चिंगारी ने किसान सुधीर अग्रवाल की गेहूं की फसल को चपेट में ले लिया। बीज उत्पादन बाली फसल में आग लगते देख श्रमिक और ग्रामीण दौड़ लिए। आनन फानन में पंपसेट चालू कर पानी चलाया। लोगों के सहयोग और डालकर पानी व जुताई कर आग के प्रभाव को रोका गया। लगभग 50 लोगों के प्रयास के बाद भी 4-5 एकड़ फसल जल गई।




# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सीएम ने डॉ आंबेडकर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

## वंचित, पीड़ित और जरूरतमंद को सम्मान, अवसर और अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध दिल्ली सरकार

**नमन**

● महान शिल्पी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर उनकी पावन स्मृति को कोटिशः नमन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को संसद भवन परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा, भारत रत्न, संविधान निमार्ता और सामाजिक न्याय के महान शिल्पी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर उनकी पावन स्मृति को कोटिशः नमन। बाबा साहेब ने हमें केवल संविधान नहीं दिया, बल्कि समता, समरसता और अधिकारों पर आधारित एक न्यायपूर्ण व समावेशी भारत की राह दिखाई। उनका संदेश स्पष्ट है—जब तक अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को न्याय नहीं मिलता, तब तक हमारा विकास अधूरा है। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में बाबा साहेब के विचारों, स्थलों और स्मृतियों को सम्मान देने के लिए जो कार्य हुए हैं, वे प्रेरणादायक हैं। उनका यह संकल्प कि आंबेडकर जी की विरासत केवल एक वर्ग नहीं, पूरे राष्ट्र की धरोहर है, वास्तव में ऐतिहासिक है। दिल्ली सरकार बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करते हुए प्रत्येक वंचित, पीड़ित और जरूरतमंद को सम्मान, अवसर और अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने एक्स लिखा कि समाज के वंचित और शोषित वर्ग के सशक्तीकरण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जन्म जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

## मुख्यमंत्री ने आंबेडकर कॉलोनी के चार पार्को के सौंदर्यकरण का उद्घाटन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारत रत्न डॉ भीम राव आंबेडकर जी की 135वीं जयंती पर सोमवार को शालीमार बाग विधानसभा के हैदरपुर आंबेडकर कॉलोनी के चार पार्कों के सौंदर्यकरण का उद्घाटन किया। उन्होंने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पार्क हमें सामाजिक समरसता, न्याय और समानता के बाबा साहेब के आदर्शों की निरंतर प्रेरणा देता रहेगा। मुख्यमंत्री ने इसके बाद हैदरपुर गांव के बस स्टैंड से लेकर नहर तक की सड़क व नालियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके पूरा होने पर स्थानीय निवासियों का आवागमन सुगम हो जाएगा और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए अपनी पूरी शक्ति से कार्यरत है। हमारी प्राथमिकता है दिल्ली के प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं और गरिमापूर्ण जीवन मिले।

# विधानसभा का प्रतिनिधिमंडल तीन दिवसीय ओडिशा दौरे पर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में 15 अप्रैल से तीन दिवसीय ई-विधान कार्यान्वयन अध्ययन के लिए विधानसभा का एक प्रतिनिधिमंडल ओडिशा दौरे पर जाएगे। यह दौरा ओडिशा विधानसभा में राष्ट्रीय ई-विधान अनुप्रयोग (नोवा) के सफल कार्यान्वयन से सीखने और उसका मूल्यांकन करने के लिए आयोजित किया गया है। ओडिशा विधानसभा हाल ही में पूरी तरह से कागज रहित प्रणाली में परिवर्तित हुई है। इस प्रतिनिधिमंडल में विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, वरिष्ठ अधिकारी एवं नोवा परियोजना से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इस दौरे का उद्देश्य ओडिशा द्वारा अपनाई गई श्रेष्ठ तकनीकी प्रणाली, कार्यप्रणाली और नवाचारों का अध्ययन करना है। विधानसभा अध्यक्ष ने आशा व्यक्त की है कि यह दौरा दिल्ली विधानसभा की डिजिटल परिवर्तन यात्रा को गति देगा और इसे एक आधुनिक, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-सक्षम विधायी निकाय के रूप में स्थापित करेगा।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने नई दिल्ली के संसद परिसर में स्थित प्रेरणा स्थल में आज डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## फंदा लगाकर युवक ने की खुदकुशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में रविवार को किशोर नामक एक युवक छत में लगे पंखे से फंदे में लटका मिला। परिजनों ने उसकी पत्नी पर हत्या करवाने का आरोप लगाया है, क्योंकि उनके बीच में काफी दिनों से झगड़े चल रहे थे। इस मामले में परिजनों के संग स्थानीय लोगों ने सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर पोस्टमार्टम के बाद मिले शव को रोड पर रखकर प्रदर्शन किया। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि परिजनों की मांग पर मेडिकल बोर्ड द्वारा शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराया जाएगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। ि

# बाबा साहेब ने सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया: विजेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में आज भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने हमेशा समानता, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, मंत्री रविंद्र सिंह इंद्राज और अन्य विधायक उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. आंबेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान को विश्वभर में एक अद्वितीय स्थान प्राप्त है। उन्होंने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां कोई भेदभाव न हो और सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हों। उनका यह दृष्टिकोण आज भी आधुनिक भारत की नींव है। उन्होंने कहा कि आंबेडकर का जीवन संघर्ष और उनकी सोच आज भी लोगों को प्रेरित करती है। गुप्ता ने कहा कि बाबा साहेब की सोच ने देश को एक नई दिशा दी, जिसमें सामाजिक समरसता और न्याय की प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने बताया कि डॉ. आंबेडकर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया, जो देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह सम्मान उनके समाज सुधार, न्याय और समानता के प्रति योगदान को दशार्ता है। उनका जीवन और कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे। विधानसभा परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब के विचारों को याद किया गया और संविधान के मूल मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता और समानता को बनाए रखने की प्रेरणा ली गई।



**श्रद्धांजलि**

● दिल्ली विधानसभा में डॉ. भीमराव आंबेडकर को विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और विधायकों ने दी श्रद्धांजलि

# अस्पताल में बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित की

**कार्यक्रम**

● जीबी पंत अस्पताल में डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। अनुसूचित** जाति (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अल्पसंख्यक कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन ने सोमवार को जीबी पंत अस्पताल में भारत रत्न डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।
इस दौरान एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से भी धूमधाम के साथ बाबासाहेब का जन्मदिन मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जीबी पंत अस्पताल एससी, एसटी, ओबीसी एंड अल्पसंख्यक कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड के प्रधान नरेश कुमार मारोठिया एवं विजेंद्र कुमार चंदेलिया महासचिव समस्त कार्यकारिणी पदाधिकारियों द्वारा किया गया।




आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आंबेडकर जयंती के अवसर पर पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की

## अब इंडिगो की उड़ानें नई दिल्ली के टर्मिनल 1 और टर्मिनल 3 से संचालित होगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने सोमवार को कहा कि वह 15 अप्रैल से दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर टर्मिनल-2 से संचालित होने वाली अपनी सभी उड़ानों को टर्मिनल-1 पर स्थानांतरित करेगी। इंडिगो ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि 15 अप्रैल से टर्मिनल 2 पर आने और वहां से प्रस्थान करने वाली उसकी सभी उड़ानें टर्मिनल 1 से संचालित होंगी। इस परिवर्तन के कार्यान्वयन के साथ इंडिगो अब इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 और टर्मिनल 3 से संचालित होगी। कंपनी ने बताया कि यह अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

# डॉ. रंजना को राधिका राय लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार




**सम्मान**

▶▶ यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के शेरपुर गांव की राधिका राय की विरासत को याद करता है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत अंतरराष्ट्रीय केंद्र (आईआईसी) में आयोजित भारत डायलॉग्स वुमन लीडरशिप अवार्ड समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय महिलाओं की अदम्य भावना और उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। सामाजिक शोध केंद्र की निदेशक और वूमेन पावर कनेक्ट की अध्यक्ष डॉ. रंजना कुमारी को राधिका राय लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य भाषण, पैनल चर्चा और आभासी प्रस्तुतियां शामिल थीं। कार्यक्रम का आकर्षण सामाजिक शोध केंद्र की निदेशक और वूमेन पावर कनेक्ट की अध्यक्ष डॉ. रंजना कुमारी को राधिका राय लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान करना था। यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के शेरपुर गांव की राधिका राय की विरासत को याद करता है, जो किसी औपचारिक पद पर न होने के बावजूद अपने समुदाय में सामाजिक कल्याण और अखंडता की प्रतीक थीं। इस कार्यक्रम में दो गहन विचार-विमर्श पैनल चचाएं हुईं। 'शक्ति और महिलाओं के पारंपरिक केंद्रः चुनौतियां और जीत विषय पर पैनल चर्चा का संचालन भारत डायलॉग्स की सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक पूजा प्रियंवदा ने किया। कार्यक्रम में 'मार्जिन विदिन मार्जिनः रचनात्मक कार्यों में महिला नेतृत्व' विषय पर दूसरे पैनल चर्चा का संचालन भारत डायलॉग्स के सह-संस्थापक और सीईओ विवेक सत्य मित्रम ने किया। इन चचाओं में योगदान देने वाले प्रख्यात व्यक्तित्वों में प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मश्री प्रतिभा प्रहलाद, वरिष्ठ पत्रकार और लेखक मधुकर उपाध्याय, विज्ञापन क्षेत्र की दिग्गज सिमरत गुलाटी, विख्यात पटकथा लेखिका अनु सिंह चौधरी, भारत की पहली महिला दास्तानगो फौजिया दास्तानगो, गतिशील नौकरशाह और विकलांगता अधिकारों की प्रखर आवाज उम्मुल खैर मौजूद रहे।

# कैट ने आर्थिक राष्ट्रवाद का किया आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने देशभर के व्यापारियों और नागरिकों से आर्थिक राष्ट्रवाद को अपनाने का आह्वान किया है। कारोबारी संगठन ने व्यापारियों से भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने और उपभोक्ताओं से देशी वस्तुओं तथा स्थानीय उद्योगों को समर्थन देने की अपील की है। इसका मकसद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' एवं 'मेड इन इंडिया' विजन को मजबूती देना है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस अभियान से राष्ट्र की अर्थव्यवस्था और संप्रभुता को मजबूती मिलेगी। इसके जरिए प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को देश के कोने-कोने में सुदृढ़ किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक राष्ट्रवाद आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हर भारतीय को एकजुट होकर भारतीय वस्तुओं और व्यवसायों का समर्थन करना चाहिए। इस मुहिम में 9 करोड़ से ज्यादा व्यापारी अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। खंडेलवाल ने एक मजबूत आर्थिक नींव की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आर्थिक राष्ट्रवाद आज की सबसे बड़ी जरूरत है। हर भारतीय को एकजुट होकर भारतीय वस्तुओं और व्यवसायों का समर्थन करना चाहिए। यह केवल व्यापार का विषय नहीं है, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय गौरव, आर्थिक मजबूती और रणनीतिक आत्मनिर्भरता से जुड़ा मुद्दा है। इस राह पर सभी को साथ लेकर चलना होगा। सांसद खंडेलवाल ने कहा कि विदेशी फंडिंग वाली ई-कॉमर्स कंपनियां तथा क्विक कॉमर्स प्लेटफार्म ब्रांड्स के साथ मिलकर भारतीय बाजार में विदेशी और नकली उत्पादों की भरमार कर रही हैं।




**राष्ट्रीय गौरव**

● प्लेटफार्म ब्रांड्स के साथ मिलकर भारतीय बाजार में विदेशी और नकली उत्पादों की भरमार कर रही हैं।

# गोदाम से मसाले के डिब्बे चुराने के मामले में पुराना गार्ड गिरफ्तार

**काबू किया**

● सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर चुका है। डुप्लीकेट चाबी से अरविंद ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले के वसंत कुंज साउथ थाना पुलिस ने एक गोदाम से मसाले के डिब्बे चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को पकड़ा है। आरोपित की पहचान अरविंद गुप्ता के रूप में हुई है। वह गोदाम में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर चुका है। डुप्लीकेट चाबी से अरविंद ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपित के कब्जे से मसाले के 44 डिब्बे बरामद किए गए हैं। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि 11 अप्रैल को घिटोरनी स्थित एक गोदाम में चोरी होने की सूचना पुलिस को मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने गोदाम खोला तो उसमें रखे मसाले के डिब्बे गायब थे। पुलिस ने सीसीटीवी की जांच की तो रात के समय 3 व्यक्ति चोरी करते हुए नजर आए। चोर मसाले के डिब्बे महिंद्रा पिकअप में लादकर ले गए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने अरविंद गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया।

# आतिशी ने आंबेडकर जयंती पर बाबा साहेब को नमन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने सोमवार को गोविंदपुरी में आयोजित आंबेडकर जयंती कार्यक्रम में बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि संविधान के जरिए करोड़ों भारतीयों को आत्मसम्मान, अधिकार और न्याय दिलाने वाले बाबा साहेब डॉ. भीमराव को वह शत-शत नमन करती हैं। आतिशी ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से देश में हर वर्ग को सम्मान और अधिकार दिलाए। उनका संविधान पूरी दुनिया के लिए मिसाल है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बाबा साहेब का सपना था कि सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले और आगे बढ़ने का बराबरी का अवसर मिले। उनके इसी सपने को साकार करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि हम संविधान की ताकत के साथ हर तानाशाही और अत्याचार का मुकाबला करते हुए इस देश के लिए देखे बाबा साहेब के सपनों को जरूर साकार करेंगे।



# आंबेडकर के सपनों से खिलवाड़ केजरीवाल ने किया: वीरेंद्र सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर के सपनों से सर्वाधिक खिलवाड़ दिल्ली की पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी की सरकार और उसके मुखिया अरविंद केजरीवाल ने किया है। उन्होंने कहा कि आआपा सरकार ने दिल्ली के दलित, अल्पसंख्यक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवंटित 891 करोड़ रुपये में से पांच फीसद से भी कम 40.80 करोड़ रुपये ही खर्च किए। उन्होंने कहा कि अपने दस साल के शासन में अरविंद केजरीवाल ने दलित शोषित समाज को बाबा साहेब की तस्वीर दिखा कर उनका राजनीतिक शोषण किया। केजरीवाल ने बाबा साहेब के संदेशों की अवहेलना कर लोगों के शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए कोई काम नहीं किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि केजरीवाल ने सचिवालय के कमरों में बाबा साहेब के चित्र लगाए। केजरीवाल ने बाबा साहेब के नाम पर दलितों एवं शोषितों के लिए स्थापित तीन शैक्षणिक योजनाओं को लागू करने और दलित बस्तियों के उत्थान में कोई रुचि नहीं ली। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने दलित उत्थान को केवल बाबा साहेब के होर्डिंग एवं तस्वीरों तक सीमित रखा और 2020 से 2024 के बीच दलित बस्तियों के उत्थान के बड़े-बड़े सपने दिखाए। दलितों के उत्थान के लिए चार साल में कुल 260 करोड़ रुपये का बजट आवंटन किया परन्तु खर्च मात्र 121 करोड़ रुपये ही किया। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने दलित एवं पिछड़े वर्गों के साथ अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए बाबा साहेब के नाम पर तीन योजनाएं लागू कीं। उनके लिए बजट आवंटन भी किए परन्तु जमीन पर सब छलावा निकला। उन्होंने कहा कि आआपा सरकार ने 2020 में अनुसूचित समाज के छात्रों के कल्याण के लिए जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना लाई। इस योजना पर 2020 से 2024 के बीच 180 करोड़ रुपये आवंटित किए पर 4.4 करोड़ रुपये ही खर्च हुए। इस तरह आआपा ने अल्पसंख्यक, जातीय पिछड़े एवं आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों के लिए भी जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना लागू की। इस योजना पर चार वर्ष में 250 करोड़ रुपये का बजट आवंटन किया पर खर्च किए मात्र 4.2 करोड़ रुपये। इस तरह मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रतिभा योजना लागू की।



**साधा निशाना**

● आआपा सरकार ने आवंटित 891 करोड़ रुपये में से केवल 40.80 करोड़ रुपये ही खर्च किए

# विकसित भारत के मानचित्र पर विकसित हरियाणा की भी होगी तस्वीर: सैनी

**ऐतिहासिक**

- प्रधानमंत्री की नीति, नीयत और नेतृत्व पर प्रदेश की जनता ने मुहर लगाकर तीसरी बार दिया ऐतिहासिक जनादेश – मुख्यमंत्री
- 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा का भी होगा अहम योगदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना मानते हैं, अपना समझते हैं और उनसे हक से अपनी बात कहते हैं। प्रधानमंत्री के प्रति जनता में अटूट विश्वास और गहरे जुड़ाव की भावना है। इसीलिए प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री की नीति, नीयत और नेतृत्व पर पूर्ण जनसमर्थन की मुहर लगाकर तीसरी बार ऐतिहासिक जनादेश दिया। प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट बनाने के संकल्प में हरियाणा पूर्ण सहभागिता निभाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस संकल्प सिद्धि में हरियाणा देश के साथ कदम से कदम और कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा और विकसित भारत के मानचित्र पर विकसित हरियाणा की भी तस्वीर होगी। मुख्यमंत्री आज यमुनानगर में आयोजित विकसित भारत-विकसित हरियाणा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करने उपरांत उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे।





## प्रधानमंत्री का हरियाणा से विशेष लगाव, यह उनका 25वां दौरा: केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

**केन्द्रीय** ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री ने महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट, हिसार से अयोध्या के लिए पहली फलाइट का शुभारंभ किया और एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास किया। इसी प्रकार, यमुनानगर में भी 800 मेगावाट की अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल यूनिट की आधारशिला, यमुनानगर में गोबर-धन संयंत्र की आधारशिला भी रखी गई है। इसके लिए वे प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं।
मनोहर लाल ने कहा कि वे केंद्रीय मंत्री के रूप में तो प्रधानमंत्री का स्वागत करते ही हैं, साथ ही हरियाणा के अपने परिवारजन, जिन्होंने लगभग 10 वर्षों तक हरियाणा की सेवा करने का अवसर दिया, उन 2 करोड़ 80 लाख लोगों की ओर से भी वे प्रधानमंत्री का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि यमुनानगर उनके लिए इसलिए भी खास है क्योंकि अपने सामाजिक जीवन के लगभग 6 वर्ष यमुनानगर में बिताए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा से विशेष लगाव और जुड़ाव रहा है, ये प्रदेश उनकी कर्मभूमि है। 2014 से अब तक हरियाणा की जनता प्रधानमंत्री को इसलिए याद रखती है क्योंकि इन 10 वर्षों में प्रधानमंत्री ने 24 बार प्रदेश का दौरा किया है, जिनमें 13 बार सरकारी और 11 गैर सरकारी दौरे शामिल हैं। आज का यह दौरा उनका 25वां दौरा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में उद्योगों और रोजगार के अवसर अहम होंगे। इनके लिए बिजली बहुत आवश्यक है। 2014 में देश में बिजली का उत्पादन 249 गीगावाट थी और आज 466 गीगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। वर्ष 2033–34 तक 874 गीगावाट का लक्ष्य है। समारोह में सांसद नवीन जिंदल, रेखा शर्मा, रामचंद्र जांगड़ा और कार्तिकेय शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों की ओर से मां सरस्वती की गोद में बसी पावन नगरी यमुनानगर में आने पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। उन्होंने भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि आज हम सभी हरियाणावासियों के लिए बहुत बड़ा और शुभ दिन है। आज किसानों और मजदूरों के मसीहा दीनबंधु सर चौधरी छोटूराम के नाम पर स्थापित थर्मल पॉवर प्लांट में 800 मेगावाट की अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल यूनिट की आधारशिला प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई है। साथ ही, यमुनानगर जगाधरी नगर निगम क्षेत्र में गोबर-धन संयंत्र की आधारशिला भी रखी गई है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने रेवाड़ी बाइपास परियोजना का भी उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लिए आज का दिन एक और गौरवपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज हो गया है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर प्रदेशवासियों को विकास की नई सौगातें दी हैं, जो ह्यविकसित भारत - विकसित हरियाणाह्न के संकल्प को साकार करेगी। यह प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि और हरियाणा के प्रति उनके विशेष स्नेह का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस समारोह में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज, कृष्ण लाल पंवार और श्याम सिंह राणा भी मौजूद रहे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार के 'गोबरधन मिशन' के तहत गोबर–धन संयंत्र एक अहम प्रयास है और यह एक मिसाल भी है कि हम आधुनिक युग में भी अपने परंपरागत ज्ञान और कौशल का प्रयोग करते हुए विकास के मार्ग पर आगे कैसे बढ़ सकते हैं। यह परियोजना न केवल एक तकनीकी उपलब्धि होगी, बल्कि भविष्य की ओर बढ़ाया गया एक हरित, टिकाऊ और स्वच्छ कदम भी होगा। नायब सिंह सैनी ने कहा कि यमुनानगर की धरती वह धरा है, जहां की माटी से लकड़ी और बर्तन के लघु उद्योगों से लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। आज आपके आगमन से यह शहर विकास के स्वर्णिम युग में कदम रख रहा है। आज यहां की हवा में एक नया जोश है, एक नई उम्मीद है और एक नया उत्साह है।

**पिछले 10 सालों में हरियाणा ने विकास के हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान किए स्थापित**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और प्रेरणा से पिछले 10 सालों में हरियाणा ने विकास के हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और अपना परचम लहराया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा डबल इंजन सरकार के साथ आगे बढ़ रहा था। लेकिन अब हरियाणा की जनता के आशीर्वाद और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार है। इस तीसरी पारी में हरियाणा अब तीन गुना रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा का ऐसा कोई जिला नहीं है, जहां से कोई नेशनल हाईवे न गुजरता हो। ऐसा कोई शहर, गांव, गली या कस्बा नहीं है, जिसकी कनेक्टिविटी जिला मुख्यालय से न हो।

### बिजली निगमों का देश में पहला और दूसरा स्थान हासिल करना ऐतिहासिक उपलब्धि

**नायब** सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऊर्जा क्षेत्र को राजनीति से हटाकर 'राष्ट्र नीति' में बदला है। आज हरियाणा में बिजली के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है। पिछले 10 वर्षों में हरियाणा के बिजली उपक्रमों का घाटा 30 प्रतिशत से घटकर केवल 10 .4 प्रतिशत रह गया है। यह केवल उदय स्कीम के माध्यम से हुआ है। हाल ही में जारी वर्ष 2023–24 की राष्ट्रीय रैंकिंग में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम ने पूरे देश में प्रथम स्थान पाया है। इतना ही नहीं, पूरे देश में दूसरा स्थान दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम को मिला है। यह राज्य के लिए यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा में 'म्हारा गांव–जगमग गांव' योजना के तहत 24 घंटे बिजली देने का प्रावधान किया।

## हरियाणा में हुआ एक नई दिशा, नई उड़ान और एक नए युग का आरंभ



**जनहितकारी**

- मुख्यमंत्री ने किया मोदी का स्वागत
- विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा हरियाणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं को क्रियांवित करने के साथ ही आमजन की सेवा में प्रभावी रूप से अपनी जिम्मेवारी निभा रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा ट्रिपल इंजन सरकार के साथ विकास में सहभागी बन रहा है। मुख्यमंत्री सोमवार को हिसार में भारत रत्न बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं के शुभारंभ व टर्मिनल-2 के शिलान्यास अवसर पर आयोजित संकल्प की उड़ान समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 14 अप्रैल का यह दिन हम सबके लिए बड़ा ही ऐतिहासिक है। आज हम सब उस क्षण के साक्षी बन रहे हैं, जब हिसार की इस पावन भूमि पर नवनिर्मित महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से भगवान राम की नगरी अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक हवाई उड़ानों का शुभारंभ शुरू हो गया है। साथ ही हरियाणा के इस पहले एयरपोर्ट के दूसरे टर्मिनल के भवन का शिलान्यास भी विकास की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने कहा कि हिसार ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में एक नया जोश है, एक नई चमक है। हरियाणा में एक नई दिशा, नई उड़ान और एक नए युग का आरंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि 2047 में भारत विकसित देश बने, इसको साकार करने में हरियाणा का विशेष योगदान रहेगा।
मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अवगत कराया कि यह वही हिसार है, जहां की मिट्टी से मेहनत की खुशबू उठती है, जहां पशुधन की समृद्धि गूंजती है, जहां के सैनिकों ने हमेशा हंसकर देश के लिए कुर्बानियां दी हैं। उन्होंने कहा कि आज विद्या का प्रकाश यहां हर घर को रोशन कर रहा है। यहां की राखी गढ़ी हमें हमारी प्राचीन सभ्यता की गौरव गाथा सुनाती है।

## सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा थे बाबा साहेब: मुख्यमंत्री नायब सिंह

**निर्माण**

- प्रधानमंत्री बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलकर सशक्त भारत का कर रहे निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हिसार में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती के अवसर पर लघु सचिवालय परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन प्रदेश के लिए ही नहीं पूरे देश के लिए सौभाग्यशाली दिन है जो हम बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ते हुए उनके सपने को साकार करने में भागीदार बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब भारतीय संविधान के प्रख्यात शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा थे। बाबा साहेब ने हमेशा भारत देश के गरीबों, शोषितों एवं वंचितों के उत्थान और कल्याण के लिए पूरा जीवन समर्पित किया। उन्होंने पूरे भारत को संविधान सूत्र से जोड़कर देश की एकता और अखंडता को नई मजबूती प्रदान की। भारत देश उनके इस अमूल्य योगदान को हमेशा याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलते हुए भारत के 2047 विजन पर केंद्रित होकर विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है जिसे सभी मिलकर पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा देश भर में संविधान के अंगीकृत करने की 75 वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है,जिसके चलते वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराते हुए संविधान के प्रति आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

## इनेलो ने धूमधाम से मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। सोमवार को इनेलो** ने पार्टी मुख्यालय चंडीगढ़ समेत सभी 90 विधानसभा हलकों में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने बाबा साहेब की मूर्ति पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।
संगठन का विस्तार करते हुए इनेलो पार्टी ने राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी), राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राज्य कार्यकारिणी में नई नियुक्तियां की। राजनीतिक मामलों की समिति(पीएसी) में इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरएस चौधरी, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेर सिंह बडशामी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रकाश भारती, नीति और कार्यक्रम समिति के चेयरमैन एमएस मलिक, राज्य संगठन सचिव अदित्य देवीलाल, महिला सेल की राज्य प्रभारी सुनैना चौटाला, युवा विंग के राष्ट्रीय प्रभारी करण चौटाला, इनेलो छात्र विंग के राष्ट्रीय प्रभारी अर्जुन चौटाला, राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान,
राज्य प्रधान महासचिव प्रताप सिंह, महिला विंग की राज्य संयोजक तनुजा कश्यप, पूर्व विधायक दिलबाग सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता अश्विनी दत्ता और अमन केसरी को सदस्य नियुक्त किया।

## मुख्यमंत्री ने सूचना एवं जन संपर्क विभाग की प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**सटीक वर्णन**

- हरियाणा प्रदेश ने विकास का एक नया आयाम स्थापित किया है। विकास की गाथा का सटीक वर्णन करती है

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिसार हवाई अड्डे पर लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और कहा कि हरियाणा प्रदेश ने विकास का एक नया आयाम स्थापित किया है। सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी प्रदेश के विकास की गाथा का सटीक वर्णन करती है। प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी भी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार की मुख्य योजनाओं और विकास के आंकड़ों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रदेश के विकास की गति का अंदाजा प्रति व्यक्ति आय से लगाया जा सकता है। हरियाणा में 2024-25 में प्रति व्यक्ति आय 3 लाख 53 हजार 181 है जोकि वर्ष 2014 में केवल 1 लाख 37 हजार 770 होती थी। इसी प्रकार निर्यात की बात की जाए तो 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार 2 लाख 75 हजार 245 करोड रुपए का निर्यात हुआ है जोकि वर्ष 2014 में मात्र 68 हजार 32 करोड रुपए रहा है।
उन्होंने कहा कि प्रदेश हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम छू रहा है। लोगों की मांग और उनकी सुविधा के अनुसार सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रदेश में जहां केवल 6 मेडिकल कालेज होते थे। अब उनकी संख्या बढ़ाकर 15 कर दी गई है।

## राज्यपाल ने अंबेडकर को अर्पित की श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सोमवार को भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें भारतीय संविधान के प्रमुख निमार्ता तथा सामाजिक न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के लिए अथक योद्धा के रूप में याद किया।
राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने हाशिए पर पड़े और शोषितों के अधिकारों की वकालत करके न्यायपूर्ण और समावेशी भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।
श्री दत्तात्रेय ने कहा कि एक दूरदर्शी समाज सुधारक, बाबासाहेब ने अपना जीवन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और समाज के अन्य कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनके काम ने एक ऐसे भारत की नींव रखी, जो जाति, पंथ या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना हर नागरिक को सशक्त बनाने की आकांक्षा रखता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि शिक्षा और रोजगार में भेदभाव के खिलाफ कानूनी सुरक्षा और समानता के मौलिक अधिकार की स्थापना जैसे संवैधानिक प्रावधानों के माध्यम से, डॉ. अंबेडकर ने सुनिश्चित किया कि न्याय और निष्पक्षता के आदर्श हमारे लोकतांत्रिक ढांचे की आधारशिला बनें।

## समस्याओं के समाधान को लेकर मुख्यमंत्री बेहद गंभीर

**बैठक**

- एप्लीकेशन में आमजन प्रदेश में क्षतिग्रस्त सड़कों या सड़कों में गड्ढों की शिकायत दर्ज कर सकेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की गंभीरता एक बार फिर नजर आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यमुनानगर कार्यक्रम के तुरंत बाद बिना थके मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में सिविल सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए सख्त निर्देश दिए कि 15 जून तक प्रदेश भर में सभी सड़कों की मरम्मत की जाए ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो सके। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी विशेष अभियान चलाकर सड़कों के सुधारीकरण के सम्बन्ध में अल्पावधि के टेंडर लगाकर सभी प्रक्रियाएं जल्द पूरी करना सुनिश्चित करें ताकि आगामी मानसून से पहले सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य पूरा किया जा सके। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि उपायुक्त सर्वे करवाकर मानसून से पहले सड़कों का नवीनीकरण करवाना सुनिश्चित करें ताकि 15 जून के बाद कोई भी सड़क खराब हालत में न रहे।

**विकास कार्य में गुणवत्ता से नहीं होगा कोई समझौता**

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में गुणवत्ता के मामले में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रत्येक कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोक निर्माण, शहरी स्थानीय निकाय, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड और संबंधित महानगर विकास प्राधिकरण, पंचायती राज तथा जिला परिषद के अधीन जो भी सड़कें हैं उन सभी की विशेष मरम्मत का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों का डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड खत्म नहीं हुआ है, उन सड़कों की मरम्मत उसी ठेकेदार से करवाना सुनिश्चित करें।

**हरपथ 2.0 होगा लॉन्च, आमजन सड़कों की खराब हालत की कर सकेंगे शिकायत**

प्रदेश की सड़कों को गड्ढा-मुक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित जीआईएस-आधारित ह्यहरपथह्न एप्लीकेशन का अपग्रेड वर्जन 2.0 को 25 अप्रैल को मुख्यमंत्री द्वारा लॉन्च किया जाएगा। इस एप्लीकेशन में आमजन प्रदेश में क्षतिग्रस्त सड़कों या सड़कों में गड्ढों की शिकायत दर्ज कर सकेंगे। इससे त्वरित निपटान सुनिश्चित करते हुए सड़कों का सुधार किया जाएगा।

## बाबा साहेब के संदेश के साथ आगे बढ़ रही है सरकार: मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में भारत रत्न बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात करते हुए उनके जन्म स्थल से लेकर शिक्षा, दीक्षा व महानिर्वाण स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करते हुए प्रेरणादायक संदेश दिया है। केंद्र सरकार का लक्ष्य वंचित, गरीब, शोषित, पीड़ित वर्ग के अधिकारों की रक्षा करना व उनके जीवन का उत्थान करना है। सरकार अपने वादे के अनुरूप हवाई चप्पल पहनने वाले गरीब लोगों द्वारा देखे गए हवाई सफर के सपने को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं का शुभारंभ प्रदेश को देगा नई ऊंची उड़ान। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को हिसार में भारत रत्न बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं के शुभारंभ व टर्मिनल-2 के शिलान्यास अवसर पर आयोजित संकल्प की उड़ान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मुख्य मंच पर बाबा साहेब के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री को हरियाणा आगमन पर किसान की समृद्धि व खुशहाली का प्रतीक गेहूं की बालियों को पुष्प गुच्छ भेंट किए तथा पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया। उन्होंने गुरु जंभेश्वर, महाराजा अग्रसेन व अग्रोहा धाम को भी श्रद्धापूर्वक नमन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का दिन समाज के अंतिम व्यक्ति, गरीबों, वंचितों के उत्थान को समर्पित है चूंकि बाबा साहेब की जयंती के पावन अवसर पर कृष्ण की भूमि का राम की भूमि से सीधा जुड़ाव हुआ है और अनेक बड़ी विकास परियोजनाओं का शुभारंभ हरियाणा की जनता के लिए किया जा रहा है। केंद्र व हरियाणा सरकार की हर नीति, हर योजना व हर फैसला हमारे प्रेरणा स्रोत डा.भीमराव अंबेडकर को समर्पित है। उन्होंने कहा कि गरीब, शोषित व जरूरतमंद लोगों के जीवन में बदलाव लाने का सपना पूरा करने का लक्ष्य केंद्र सरकार ने देखा है।

## सब एकजुट होकर संविधान को बचाने के लिए आगे आए: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा/हिसार/हांसी:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद कुमारी सैलजा ने सोमवार को डॉ. अंबेडकर जयंती पर सिरसा में अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धासुमन अर्पित किए और देशवासियों को अंबेडकर जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज बाबा साहेब द्वारा रचित संविधान को बचाना है क्योंकि संविधान सुरक्षित रहेगा तो देश सुरक्षित रहेगा, देश के लोग सुरक्षित रहेंगे, आज हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम सब मिलकर 36 बिरादरी, समाज, देश और वंचित वर्ग के लिए



काम करेंगे। वे सोमवार को सिरसा में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। सैलजा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें संविधान, समानता, न्याय और स्वाभिमान का मार्ग दिखाया। संविधान में हर नागरिक को बराबरी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय का अधिकार सुनिश्चित किया। डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निमार्ता नहीं थे, वे एक समाज सुधारक, आर्थिक विशेषज्ञ, लेखक और नारी सम्मान के प्रबल पक्षधर भी थे। कुमारी सैलजा ने कहा कि आज

**पैरवी की**

- सांसदकुमारी सैलजा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सुदृढ़ लोकतांत्रिक व्यवस्था की पैरवी की

हम सबको मिलकर संविधान को बचाना है, अगर संविधान सुरक्षित है तो समाज सुरक्षित हे, देश सुरक्षित है, देश के लोग सुरक्षित है उनके अधिकार सुरक्षित है। हम सभी को मिलकर 36 बिरादरी, समाज, देश और वंचित वर्ग के लिए काम करना होगा, देश के भाइचारे को बचाना होगा। इस मौके पर कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला, वीरभान मेहता, संदीप नेहरा एडवोकेट, मोहित शर्मा, राजेश चाडीवाल, लादूराम पूनिया आदि मौजूद थे। सोमवार सुबह हिसार के लघु सचिवालय में स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धासुमन अर्पित किए। कुमारी सैलजा ने उपस्थित जनों से बाबा साहेब द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करने का भी आह्वान किया। कुमारी सैलजा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सुदृढ़ लोकतांत्रिक व्यवस्था की पैरवी की। वे हमेशा सामाजिक न्याय व समानता के प्रबल पक्षधर रहे, इसलिए उन्होंने दलितों के उत्थान के लिए शिक्षा पर विशेष बल दिया।

## बाबा साहेब की जयंती पर आम आदमी पार्टी ने पूरे हरियाणा में दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पानीपत, सोनीपत, कैथल, सिरसा, नूंह, हिसार, यमुनानगर, जींद, फरीदाबाद और रोहतक समेत पूरे प्रदेश में बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। सभी कार्यकताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समर्पण और संविधान निर्माण में उनका योगदान आज भी हमें प्रेरणा देता है।

# सांझा साहित्य मंच की काव्य गोष्ठी में बिखरे विभिन्न रंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। इसांझा साहित्य** मंचइ द्वारा स्थानीय मानव सेवा संघ,कर्ण पार्क में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन सोनीपत से पधारे ख्याति प्राप्त गजलकार डा. कमर रईस की अध्यक्षता में किया गया। काव्य गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे जनाब हरबंस पथिक और इपानीपत से पधारे गीतकार नरेश लाभ मुख्य अतिथि रहे। काव्य गोष्ठी में इहरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य उपप्रधान अनिल सैनी विशेष रूप से उपस्थित हुए। काव्य गोष्ठी में इमंच संचालन कृष्ण कुमार निर्माण ने किया। सबसे पहले भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब को याद किया और उन्हें फूल मालाएं अर्पित की गई। साथ ही जलियाँवाला बाग के तमाम अनाम शहीदों को भी श्रद्धापुष्प अर्पित



किए गए। घरौंडा के कवि राजबीर वर्माइ के निधन पर दो मिनट का मौन भी रखा गया। कवि गोष्ठी से पूर्व बाबा साहेब के योगदान पर विचार गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए अध्यापक नेता अनिल सैनी ने कहा कि बाबा साहेब विलक्षण महामानव थे, जिन्होंने पूरे समाज के लिए काम करते हुए एक महासूत्र दिया कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। यह मंत्र है खुद को आगे बढ़ाने का, अत्याचार के खिलाफ लड? का। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान उनकी देन हैं। इकवि गोष्ठी में डॉ. कमर रईस को उनकी साहित्य सेवाओं के लिए मंच की ओर से साहित्य साधक और हरबंस पथिक व नरेश लाभ को साहित्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गयाइ। यह पुरस्कार उन्हें मंच के महासचिव सतविंदर बाल, संस्थापक संयोजक कृष्ण कुमार निर्माण की ओर से प्रदान किया गया। इसके बाद उपस्थित तमाम कवियों ने अपनी

**महासूत्र दिया**

**▶▶ बाबा साहेब विलक्षण महामानव थे, जिन्होंने पूरे समाज के लिए काम करते हुए एक महासूत्र दिया**

कविताएं प्रस्तुत की, उनकी बानगी इस प्रकार रही। तन उजले, मन कालै लोग, रोज करें सैं चालै लोग-कृष्ण कुमार निर्माण। हवा में उडनाा मेरी खू नहीं है। अना मुझमें भी है पर बू नहीं है-इडॉ. कमर रईस बरछायूँनी। सीने से मेरे दिल को चुराकर के ले गया कोई। चलो अच्छा हुआ जालिम बहुत परेशान करता था-इहरबंस पथिकइ। नदी तू धीरे-धीरे चल। उतर हिमालय की गोदी से बहती तू कलकल-नरेश लाभ। तकाजा उम्र का है या असल में बदहवासी है। बिगड़ जाती है तबीयत जब हवा चलती जरा सी है-जय भारद्वाज तरावड़ी। चाल पिया माँ के मन्दर म्हं, धोक मारकै आइए, मेरी स्याहमी बैठी मात तू पहलम इस तै सीस नवाईए-रामनाथ शास्त्री। पा के सब कुछ ले समझ, खुद को न कोई खुदा। कुछ न कुछ इंसान को दुश्वार होना चाहिए-सतविंदर कुमार राणा बाल। वो जलियाँ वाला बाग की कहानी, आज भी दोहराई जाती है। उन वीर शहीदों की वीर गाथा, आज भी सुनाई जाती है-सुषमा चौपड़ा। क्यों भूलूँ और कैसे याद भूलूँ वह दहकती आग। अगिन कुण्ड बना था जो जलियाँ वाला बाग-प्रवीण जन्नत। हमने दानिशमंदों में बैठना छोड़ दिया फक्कर। शेर लूटे जो वाहवाही, समझना मेरे कलाम का नहीं-गुलाब सिंह फक्कर। सर उठाकर जी रहा हूँ, इन्हीं की बदौलत।

# नशा छोड़ने का संदेश लेकर आज सोनीपत पहुंचेगी साइक्लोथॉन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार** ने कहा कि ड्रग फ्री हरियाणा अभियान के तहत प्रदेश भर में चल रही साइक्लोथॉन (साइकिल यात्रा) 15 अप्रैल को जिले में प्रवेश करेगी। नशा मुक्ति का संदेश लेकर आ रही इस ऐतिहासिक यात्रा के स्वागत व उसमें भाग लेने को लेकर जिलावासियों में उत्साह और जोश का माहौल है। जिला प्रशासन द्वारा इस आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं व जिले से हजारों की संख्या में लोग पूरे जोश और उत्साह के साथ साइकिल यात्रा का स्वागत करने को उत्सुक हैं।

**गांव सिसाना में होगा साइक्लोथॉन का भव्य स्वागत–**
उपायुक्त ने बताया कि सबसे पहले यह यात्रा रोहतक जिला की ओर से जिला के गांव सिसाना में प्रवेश करेगी, जहां एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव सिसाना में आयोजित कार्यक्रम में विधायक पवन खरखौदा साइक्लोथॉन का स्वागत करेंगे और




फिर हरी झंडी दिखाकर आगे रवाना करेंगे। इस आयोजन में जिले के हजारों साइकलिस्ट भाग लेंगे और नशे के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। यात्रा खरखौदा शहर, गांव झरोठ, कंवाली, तुर्कपुर, मण्डौरा, नाहरा, मल्हा माजरा, छतेहरा बहादुरपुर, ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, आईटीआई चैक, सुभाष चैक, गीता भवन चैक, तीरंगा चैक से होते हुए जिला पुलिस लाईन में रात्रि ठहराव करेगी।

**16 अप्रैल को सुभाष स्टेडियम से रवाना होगी साइक्लोथॉन –**
इसके पश्चात 16 अप्रैल को सुभाष स्टेडियम से सोनीपत विधायक निखिल मदान साइक्लोथॉन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके पश्चात यह साईकिल यात्रा तीरंगा चैक, गीता भवन चैक, देवीलाल चैक, गांधी चैक, अग्रसेन चैक, जीटी रोड़ स्थित मुरथल चैक, लड़सौली, गन्नौर शहर से होते हुए सीसीएएस जैन कॉलेज गन्नौर में रूकेगी, जहां पर आयोजित समापन समारोह कार्यक्रम में गन्नौर से विधायक देवेन्द्र कादियान साईकिल यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर पानीपत के लिए रवाना करेंगे। साइक्लोथॉन( साईकिल यात्रा) का एक मात्र उद्देश्य है कि हरियाणा के सभी आयु वर्ग के आमजन को जागरूक करना।

# शिक्षा ही समाज को आगे ले जा सकती है : विधायक देवेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। नगरपालिका रोड** स्थित शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर में सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक देवेंद्र कादियान ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश को मजबूत संविधान दिया। समाज के वंचित वर्ग के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रधान दयानंद अहलावत ने की। विधायक कादियान के पहुंचने पर आयोजकों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। कादियान ने समिति सदस्यों के सहयोग से बीपीएल परिवारों के 5वीं से 12वीं कक्षा तक के करीब 500 बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। समिति सदस्यों को विधायक ने मुख्यमंत्री कोष से 5 लाख रुपए का चेक सौंपा। समिति पदाधिकारियों ने इसके लिए उनका आभार जताया। विधायक कादियान ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे ले जा सकती है। बेटा-बेटी सभी को शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए। बच्चे शिक्षित होंगे तो समाज और देश तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि रविदास समिति शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। हर खास मौके पर बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम के समापन पर समिति पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि कादियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मोहिंद्र सिंहमार, जितेंद्र तूर, जयनारायण सिंहमार, रामदिया रंगा, विजेंद्र अहलावत, पालेराम, सुखबीर सिंहमार, कृष्णलाल रंगा, रामकिशन मेहरा, रामकुमार मेहरा, प्रदीप कुमार, अंकित मल्होत्रा, शंकर, सुशील खेड़ी गुर्जर, रामगोपाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मोदी के विचार सुनने के लिए कार्यकर्ता हुए रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। विकसित भारत** विकसित हरियाणा कार्यक्रम में भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचार सुनने के लिए जाखौली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल के नेतृत्व बसों में बैठकर जाखौली मंडल अध्यक्ष से कार्यकर्ता रवाना हुए। जगदीशपुर के सरपंच जितेन्द्र के नेतृत्व में पंच व ग्रामीण बस में बैठकर रवाना हुए। रवाना होने से पूर्व मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद व भाजपा व मुख्यमंत्री नायब सैनी के जयकारों से वातावरण को गुंजयमान कर दिया। उनके साथ सतबीर पंच, पंच सुरेन्द्र, रोतहाश,



चन्द्रपाल, बाबूराम, सेवाराम, अजय, अशोक हलावत, सुनील कुमार भी रवाना हुए। शेखर आंतिल ने रवाना होने पूर्व संबोधित करते हुए कहा कि यमुनानगर के इतिहास के साथ नए अध्याय को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरियाणा में आए रहे है। हरियाणा की जनता को बड़ी सौगात देंगे। प्रधानमंत्री यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट का शिलान्यास और हिसार में नए एयरपोर्ट का उद्घाटन व टर्मिनल का शिलान्यास करेंगे। यह हरियाणा के लिए गर्व का क्षण था। यमुनानगर में शुरू होने वाली थर्मल यूनिट का निर्माण भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजनाएं प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। इन परियोजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन के अवसर पर यमुनानगर और हिसार में आयोजित होने वाली महारैलियों में लाखों लोग शामिल हुए।

**शिलान्यास**

**▶▶ यूनिट का शिलान्यास और हिसार में नए एयरपोर्ट का उद्घाटन व टर्मिनल का शिलान्यास किया**

# पंच पर दुकान में घुस कर हमला, गंभीर रूप से घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। लल्हेड़ी खुर्द** में शुक्रवार की शाम गांव के पंच पर उसकी परचून दुकान में घुस कर 10-15 लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में पंच राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल हो उपचार के लिए प्राथमिक उपचार के लिए गन्नौर अस्पताल ले गए। जहां से स्वजन उसे सोनीपत के निजी अस्पताल ले गए जहां उसे खानपुर मेडिकल रेफर कर दिया गया, लेकिन स्वजन उसे सोनीपत के निजी अस्पताल ले गए। जहां राजेश अभी उपचाराधीन है। सूचना पर थाना बड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पंच के ब्यान दर्ज किए। घायल पंच राजेश ने गांव के सरपंच व उसके भतीजे पर हमला करवाने का शक जताया है। पुलिस ने इस संबंध में सरपंच मेहर सिंह व करनाल जेल में सजा काट रहे उसके भतीजे मोनू पर केस दर्ज कर लिया है। शिकायत में पंच राजेश ने बताया कि वह अपनी दुकान पर बैठा था तभी हमलावरों ने अचानक आकर गाली-गलौच व मारपीट शुरू कर दी। पड़ोसियों की मदद से हमलावरों से बचाया गया। राजेश ने बताया कि जाते-जाते हमलावर उसे सरपंच के खिलाफ दी गई शिकायत वापिस न उठाने पर जान से मारने की धमकी भी देकर गए।

# स्वावलंबन तथा युवा मंच ने अंबेडकर जयंती मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। गांव बेगा** में स्वावलंबन तथा युवा मंच बेगा के कुशल नेतृत्व में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। बतौर मुख्यातिथि डीएसपी पानीपत ज्योति भन्खड़ ने शिरकत की। अध्यक्षता सुरेन्द्र सरपंच बेगा ने की। स्वावलंबन मंच के संस्थापक डा.अत्तर सिंह द्वारा बच्चों से क्विज प्रतियोगिता कराई और विजेताओं को 500-500 रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया। मंच के संस्थापक डा. अत्तरसिंह ने कहा बाबा साहेब के दिए गए सिद्धांतों पर युवा चलें तो निश्चित रूप से सफल



होंगे। बाबा साहब ने कहा है कि कभी सफलता निश्चित नहीं होती और असफलता अंतिम नहीं होती। मुख्यअतिथि डीएसपी ज्योति भनखड़ ने कहा कि गरीब पैदा होना हमारे बस में नहीं लेकिन हम गरीबी में ना मरे यह हमारे हाथ में है। इसके लिए मेहनत, संकल्प व लक्ष्य की जरूरत है। युवाओं को अगर किसी प्रकार की सहायता की जरूरत है तो उनकी पूरी मदद की जाएगी।

# समाज की तरक्की के लिए सामूहिक शक्ति और लक्ष्य जरूरी: विस अध्यक्ष



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर । विधानसभा** अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने रविवार को गांव पुरखास में गुरू भागमल जी की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद गुरू भागमल आराधना भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने संतजनों से आशीर्वाद लिया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की तरक्की के लिए सामूहिक शक्ति और लक्ष्य जरूरी हैं। इसके लिए अच्छे वातावरण की जरूरत होती है। हरविंदर कल्याण ने शिवेन्द्र मुनि का धन्यवाद किया। कहा कि उनके प्रयास से यह सामूहिक कार्यक्रम संभव हुआ। इससे समाज में भाईचारा और प्रेम बढ़ता है। उन्होंने बताया कि उन्हें बचपन से ही महापुरुषों का आशीर्वाद मिला है। उनका गांव कुटैल तपोभूमि है। वहां संत संतोष गिरी महाराज ने तप किया था। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी महापुरुषों के दिखाए रास्ते पर चलकर गरीबों के कल्याण के लिए काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित भंडारे में उन्होंने प्रसाद भी ग्रहण किया।गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि समाज को अपने उत्थान और विकास के लिए अध्यात्म के रास्ते पर बढ़ना चाहिए। अध्यात्म ही वह शक्ति है जो समाज को जोड़ती है। इससे प्रेम और भाईचारे की भावना पैदा होती है। उन्होंने कहा कि सभी लोग संकल्प लें कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करेंगे। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से संतों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन मिलता है। संतजन प्रेरणास्त्रोत होते हैं। भाजपा नेता आजाद नेहरा ने कहा कि संतो के बताए रास्ते पर चलकर समाज और देश का विकास संभव है। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर शिवेन्द्र मुनि जी, हितेश मुनि, मनोज कुमार जैन, गौतम कुमार जैन, बसंत जैन, अनिल जैन, रविंद्र दिलावर, एसडीएम प्रवेश कादियान, सरपंच , पंच सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आंबेडकर के आदर्शो को आत्मसात करने की जरूरत : पुनीत राई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। भाजपा के जिला** उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई एवं वार्ड 8 के गणमान्य लोगों ने मिलकर संविधान निमार्ता,समाज सुधारक, महान विचारक भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। पुनीत राई ने ग्रामीणों के साथ बाबा साहेब की फोटो पर पुष्प अर्पित करके उन्हें शत शत नमन किया और लोगों को उनके बनाए हुए सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रेरित किया। पुनीत राई ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए। उनके द्वारा किए काम के कारण



उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। पुनीत राई ने लोगों से अपील की कि वे बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलें। डॉ. आंबेडकर ने समाज में शिक्षा के महत्व को बहुत अच्छे से समझाया है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर एक ऐसा भारत बनाना है, जो रूढ़ीवादी परंपराओं से मुक्त हो। भाजपा नेता पुनीत राई ने डॉ. आंबेडकर के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा, बाबा साहब का योगदान केवल एक विशेष जाति या धर्म के लिए नहीं है।

उनके द्वारा बनाए गए संविधान ने सभी धर्मों, जातियों और समाजों के लोगों को समानता, स्वतंत्रता और समरसता का अधिकार दिया। आज के समाज में बाबा साहब का दृष्टिकोण और मूल्य अधिक प्रासंगिक हैं। हमें उनकी शिक्षाओं को अपनाने की आवश्यकता है, ताकि हम एक समान और समृद्ध समाज का निर्माण कर सकें। इस अवसर पर रामकरण, मोंटी सौदा, शशि कपूर सौदा, मोहित लिवान, सत्ते लिवान, राकेश कौशिक, राकेश त्यागी, विकास डबास, प्रवेश शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**जयंती**

**▶▶ महान विचारक भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई**

# ड्रग-फ्री साइक्लोथॉन यात्रा आज पहुंचेगी गन्नौर में, होगा भव्य स्वागत : एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। ड्रग-फ्री** हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा आज गन्नौर पहुंचेगी। तैयारियों को लेकर एसडीएम प्रवेश कादियान के निर्देश पर पुलिस, नगरपालिका, , शिक्षा, जनस्वास्थय विभाग सहित कई विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा यात्रा के स्वागत की तैयारी पूरी कर ली गई है। एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि यात्रा मुरथल से शुरू होकर लड़सौली के सरकारी स्कूल पहुंचेगी। इसके बाद जीटी रोड होते हुए गन्नौर अड्डा, फिर



रेलवे रोड से नमस्ते चौक पहुंचेगी। यहां से यू-टर्न लेकर सीसीएएस जैन गर्ल्स कॉलेज में सोनीपत जिले का समापन होगा। इसके बाद यात्रा पानीपत जिले में प्रवेश करेगी। एसडीएम ने सभी विभागों को यात्रा का स्वागत करने के निर्देश दिए। स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। एसडीएम प्रवेश कादियान ने जैन गर्ल्स कॉलेज में प्रचार्या डा. मनोज से तैयारियों को लेकर चर्चा कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। उन्होंने कहा कि ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 हर घर को नशे से बचाने और प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। इसकी शुरूआत 5 अप्रैल को हिसार से हुई थी। यात्रा गांव-शहर में युवाओं में जागरूकता ला रही है।

# संवैधानिक अधिकारों की रक्षा ही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**पर्यावरण परिषद** हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष अफसर रावल की तरफ से लघु सचिवालय पानीपत में स्थापित संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित कर व लड्डू बांटकर 135वा जन्मदिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया । इस अवसर पर अफसर रावल ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समतामूलक समाज की स्थापना की व गरीब, शोषित, वंचित समाज के अधिकारों की पैरवी करते हुए जातिव्यवस्था के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

# कादियान ने पुरखास गांव के परचेज सेंटर का दौरा किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। गन्नौर मंडी** में गेहूं की खरीद नमी के कारण रुक गई। गोदाम से ट्रक वापस भेजे गए है। आढ़तियों ने इसे अधिकारियों की मनमानी बताया। उन्होंने विधायक देवेंद्र कादियान को समस्या से अवगत कराया। उसके बाद विधायक देवेंद्र कादियान ने पहले पुरखास गांव के परचेज सेंटर का दौरा किया। किसानों से बात की। फिर गन्नौर अनाज मंडी पहुंचे। आढ़तियों से मुलाकात की। आढ़तियों ने बताया कि बारिश के कारण गेहूं में नमी है। इसी वजह से खरीद नहीं हो रही। गोदाम से ट्रक लौटाए जा रहे हैं। विधायक ने मौके पर अधिकारियों से बात की। अधिकारियों ने कहा कि तय मानक से ज्यादा नमी होने पर गेहूं



खराब हो सकता है। फिर भी कोशिश करेंगे कि किसानों को परेशानी न हो। आढ़तियों ने बारदाना की कमी की बात भी रखी। विधायक ने भरोसा दिलाया कि मंडी में किसानों और आढ़तियों को कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। मंडी में पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाएं देने को कहा गया है। विधायक ने कहा कि सरकार किसानों का एक-एक दाना खरीदेगी। अनाज मंडी प्रधान सुरेंद्र ने बताया कि गेहूं में नमी तय मानक से थोड़ी ज्यादा है। इसी कारण खरीद नहीं हो रही थी। बारदाना है, लेकिन स्पेयर में नहीं है। काम जारी है। विधायक को जानकारी दी गई। उन्होंने अधिकारियों से बात कर भरोसा दिलाया कि किसानों और आढ़तियों को परेशानी नहीं होगी।

**रविवार को गन्नौर मंडी में खरीद नहीं होती। सिर्फ लिफ्टिंग होती : जगबीर सिंह**
मार्केट कमेटी अधिकारी जगबीर सिंह ने बताया कि हर रविवार को गन्नौर मंडी में खरीद नहीं होती। सिर्फ लिफ्टिंग होती है। अब तक मंडी और सेंटरों पर 2 लाख 24 हजार 930 क्विंटल गेहूं पहुंच चुका है। शुरू में नमी के कारण ट्रक लौटाए गए थे। अब स्थिति सामान्य है। आढ़तियों को रविवार को खरीद न होने की जानकारी नहीं थी।

## संपादकीय

# राष्ट्र के सामने चुनौतियां और समाधान

**स्वतंत्रता** आन्दोलन के समय से ही यह अनुभव किया जाने लगा था कि सदियों की गुलामी के चलते भारतीय समाज में अपनी आंतरिक इच्छा शक्ति, आत्म विश्वास, नवाचार की खोज करने की बौद्धिक क्षमता, आपसी विश्वास, की भारी कमी आ गई है। सदियों से दबे कुचले समाज को अपने शासकों के शोषण को झेलते हुए जैसे-तैसे दांव पेच से जीवनयापन करने के लिए समझौते करते हुए समय निकालने की आदत हो गई है। कभी धर्म बदल कर तो कभी शासकों के शोषण की कमी अपने से कमजोर वर्गों का शोषण करके पूरी करने के प्रयासों के आदी हो कर अपने झूठे अहंकार को संतुष्ट करने के प्रयासों के चलते खंडित समाज की रचना हो चुकी है। देश का शासन संभालते हुए राष्ट्र पुर्निर्माण करने का काम सिर पर है। इस काम को कैसे किया जाए यह चुनौती आसान नहीं थी। एक ओर देश को भारतीय दृष्टि से अपनी नींव पर खड़ा करने की समझ थी, जिसके समर्थक गांधी और उनकी सोच पर विश्वास करने वाले लोग थे, तो दूसरी ओर अंग्रेजी सोच से प्रभावित नेहरू और उनके वैचारिक समर्थक थे। हालांकि गांधी ने इस बहस को सार्वजनिक करने के प्रयास किए किन्तु नेहरू ने इस बहस को यह कह कर टाल दिया कि इस बात का फैसला तो चुने हुए प्रतिनिधि ही करने के अधिकारी होंगे। यह बहस इसलिए भी आगे न बढ़ सकी क्योंकि उस समय सबसे पहली प्राथमिकता स्वतंत्रता प्राप्त करना थी। इस बहस से यह खतरा था कि आपसी एकता के अभाव का संदेश जनमानस में जाता। दूसरी ओर सांप्रदायिक आधार पर द्विराष्ट्र सिद्धांत के समर्थक देश की एकता को खतरा पेश कर रहे थे, जिनका नेतृत्व जिन्ना कर रहे थे। उनको संरक्षण देने का काम परोक्ष रूप से अंग्रेजी सरकार कर रही थी ताकि भारत को कमजोर करके किसी न किसी रूप में अपना प्रभुत्व बनाए रखा जा सके। खासकर सोवियत रूस के नजदीक अपनी सैनिक उपस्थिति भी उनका एक उद्देश्य था, जिसे कश्मीर समस्या के माध्यम से वे कुछ हद तक हल कर पाए। अंग्रेज और जिन्ना अपनी चाल में सफल भी हो गए किन्तु हम वहां भी गलती का शिकार हो गए। जब दो धर्मों के आधार पर देश बांट दिए गए तो बेहतर यही होता कि शांति पूर्ण तरीके से गैर मुस्लिम भारत में आ जाते और मुसलमान पकिस्तान चले जाते। किन्तु हिन्दू मुस्लिम आबादियों का आदान प्रदान भयंकर मार काट में बदल गया। अंग्रेज सेना जानबूझ कर मूकदर्शक बनी रही। आबादियों का पूर्ण प्रत्यर्पण भी न हो सका और आज दिन तक आपसी टकरावों की समस्या से देश को जूझना पड़ रहा है। हालांकि भारतीय नेतृत्व का उस समय का फैसला मानवतावादी था किन्तु सांप्रदायिक अहंकार में उसके महत्व को समझने में भारतीय राष्ट्र विफल रहा। वर्तमान में इस समस्या को ऐतिहासिक बोझ से बाहर निकल कर मानवतावाद से ही हल किया जा सकता है, जो दोतरफा ही होना चाहिए। मुसलमानों को भी यह समझना होगा कि हिन्दू बहुल देश में आप अपनी धार्मिक मान्यताओं को मानने में पूर्णतः स्वतंत्र हैं, किन्तु आप भी हिन्दू मान्यताओं के पालन में बाधक न बनें। यदि आप मूर्ति पूजा, भजन गाने, शंख, घंटे की आवाज, और नाचने गाने का बुरा मानने लगेंगे तो झगड़े कैसे रुकेंगे। हमें एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल होने, मुबारक देने, की संस्कृति विकसित करनी होगी।
, रसखान, खुसरो सरीखे अनेक उदाहरण मौजूद हैं जिनसे मिल-जुल कर रहना और एक दूसरे के विकास पर खुश होना सीखना होगा।

# धर्म के बहाने वक़्फ सम्पत्तियों एवं प्रबंधन में पारदर्शिता का विरोध

प्रसांत वीर सिंह

> "अत: नए कानून में पहले के कानून की इस कमी को दूर करते हुए वैध उत्तराधिकारियों की व्याख्या में परिवार की महिलाओं को भी शामिल किया गया है, जो निश्चित तौर पर मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाता है।इतना ही नहीं नए कानून में सच्चर समिति की अनुशंसाओं के अनुसार, राज्य वक़्फ बोर्ड एवं केन्द्रीय वक़्फ परिषद् की संरचना में भी सुधार किया गया है। पहले उक्त दोनों संस्थाओं के सदस्य केवल मुस्लिम ही बन सकते थे, जबकि अब, उक्त दोनों संस्थाओं में दो गैर-मुस्लिम सदस्यों को अनिवार्यत: शामिल करने का प्रावधान किया गया है। ध्यातव्य है कि गैर-मुस्लिम सदस्यों की भूमिका केवल वक़्फ के प्रशासन और परोपकार सम्बंधी विषयों में होगी, धार्मिक गतिविधियों में नहीं। अत: धार्मिक मसलों में गैर-मुस्लिम सदस्यों द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता है"

**जैसा** कि सर्वविदित है, मुस्लिम समुदाय के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक स्थिति के अध्ययन हेतु वर्ष 2005 में वढअ सरकार द्वारा सात सदस्यीयजस्टिस राजिन्दर सच्चर समिति गठित की गई थी, जिसने वर्ष 2006 में दिए अपने रिपोर्ट में,ह्यइकोनॉमिक पोटेंशियल ऑफ वक़्फ एसेट्स इन इंडियाह्व अनुभाग में,वक़्फसम्पत्तियों के संदर्भ में कई चिंताओं एवं समाधानों काउल्लेख किया था।मसलनवर्ष 2006 तक सम्पूर्ण भारत में4.9 लाख पंजीकृत वक़्फ सम्पत्तियाँ हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल5.7लाख एकड़ है, जिसका अधिकांश हिस्सा पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में है। एक ओर जहाँ इन सम्पत्तियोंका बाजार मूल्य लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपये है, वहीं दूसरी ओर इनका बही मूल्यमात्र 6000 करोड़ रुपये है। इतने बड़े क्षेत्रफल की सम्पत्ति और इनका उच्च बाजार मूल्य होने के बावजूद इनसे केवल 163 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष की आय हो रही है। अर्थात केवल 2.7 प्रतिशत का रिटर्न दर है, जो वक़्फसम्पत्तियों के निम्न स्तरीय उपयोगिता एवं कुप्रबंधन को दशार्ता है। सच्चर समिति ने वक़्फ सम्पत्तियों की सम्भावित क्षमताओं पर जोर डालते हुए कहा कि यदि इन सम्पत्तियों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया जाए तो यह मुस्लिम समुदाय के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक विकास में अत्यधिक सहयोग कर सकती है और कम से कम बाजार मूल्य के 10 प्रतिशत अर्थात 163 करोड़ रुपयों की तुलना में 12000 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष की आय प्राप्त की जा सकती है। इस उद्देश्य से समिति ने कुछ सुझाव भी दिए जैसे- मुतवल्ली द्वारा वक़्फसम्पत्तियों के प्रबंधन हेतु कड़े एवं प्रगतिशील कानून, अनधिकृत अतिक्रमण और पारदर्शी अभिलेखन हेतु डिजिटल अभिलेख, वक़्फ न्यायाधिकरण की शक्ति, महिलाओं की भागीदारी, निश्चित समय अंतराल पर सम्पत्तियों का सर्वेक्षण, वक़्फसम्पत्तियों के बेहतर विकास और प्रबंधन हेतु गैर-मुस्लिम पेशेवर विशेषज्ञों को वक़्फबोर्डों में शामिल करना इत्यादि।

ध्यातव्य है कि वक़्फ अधिनियम, 2025 सच्चर समिति की इन्हीं अनुशंसाओं पर आधारित है, जैसे पहले का वक़्फ अधिनियम, 1995 प्रावधान करता था कि कोई गैर-मुस्लिम भी वक़्फ घोषित कर सकता है, जबकिनवीन अधिनियम के अनुसार, पिछले न्यूनतम 5 वर्षों से इस्लाम का आचार-व्यवहार करने वाला व्यक्ति ही वक़्फ घोषित कर सकता है। जहाँ पहले वक़्फ बाय यूजर के माध्यम से बिना किसी विधिक कागजात के केवल किसी सम्पत्ति के प्रयोग मात्र से ही उसे वक़्फ मान लिया जाता था, वहीं अब वक़्फ अधिनियम, 2025 के द्वारा वक़्फ सम्पत्ति पर दावे हेतु स्वामित्व सम्बंधी विधिक कागजात का होना आवश्यक है। सरकारी आख्या के अनुसार, देश में 25 राज्य (संघ शासित प्रदेश) वक़्फ बोर्डों ने कुल मिलाकर 5973 सरकारी सम्पतियों पर वक़्फ के रूप में दावा कर रखा है, इस कारण कई सार्वजनिक विकास कार्य रुके हुए हैं। इस संदर्भ में नवीन कानून यह प्रावधान करता है कि ऐसी सरकारी सम्पत्तियाँ, जिन्हें वक़्फ बोर्ड वक़्फ सम्पत्ति मानता है, तब उद्ट द्वारा उस अमुक सम्पत्ति की स्वामित्व सम्बंधी जाँच की जाएगी और कोई आधिकारिक दस्तावेज एवं अभिलेख न होने पर उक्त सम्पत्ति को सरकारी माना जाएगा।पहले, वर्ष 1995 के अधिनियम के अनुसार, किसी गैर-सरकारी सम्पत्ति पर स्वामित्व विवाद की स्थिति में निर्णय लेने हेतु राज्य सरकार द्वारा एक सर्वेक्षण आयुक्त नियुक्त किया जाता था, जो तय करता था की अमुक सम्पत्ति वक़्फ है या निजी सम्पत्ति, तत्पश्चात सर्वेक्षण आयुक्त अपनी आख्या राज्य सरकार एवं राज्य वक़्फ बोर्ड को देता था।इसके बाद राज्य सरकार गजट द्वारा घोषित करती थी कि अमुक-अमुक सम्पत्ति वक़्फ है।इस गजट घोषणा की तिथि से आगामी 1 वर्ष की अवधि तक किसी पीड़ित पक्षकार के पास अवसर होता है कि राज्य सरकार की घोषणा के विरुद्ध वक़्फ न्यायाधिकरण में अपील करे, ध्यातव्य है कि वक़्फ न्यायाधिकरण उक्त सम्पत्ति के वक़्फ होने या न होने का निर्णय करती है, जो अंतिम होता है।

केवल कुछ मामलों में विधिक त्रुटियों एवं संवैधानिक मुद्दों पर ही संबंधित उच्च न्यायालय अथवा सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधिकरण के विरुद्ध अपील किया जा सकता है अन्यथा नहीं। किन्तु यदि गजट घोषणा की तिथि से 1 वर्ष की अवधि के अंदर कोई पक्ष उक्त घोषणा के विरुद्ध न्यायाधिकरण में अपील नहीं करता है, तो राज्य वक़्फ बोर्ड उक्त सम्पत्ति को वक़्फ के रूप में सूचीबद्ध कर लेती है, तब भविष्य में कभी भी उस सम्पत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा स्वामित्व सम्बंधी दावा नहीं किया जा सकता था। जबकि नवीन कानून के अनुसार, अब सर्वेक्षण आयुक्त की बजाय उद्ट ही सर्वेक्षण करेगाऔर किसी विवाद की स्थिति में न्यायाधिकरण का निर्णय अंतिम नहीं होगा, बल्कि असंतुष्ट पक्ष द्वारा उक्त निर्णय के 90 कार्य दिवसों के अंदर सम्बंधित उच्च न्यायालय में अपील किया जा सकता है।ध्यातव्य है कि भारत में सम्पत्ति स्वामित्व सम्बंधी कोई अपील करने हेतु समय सीमा का निर्धारण परिसीमा अधिनियम,1963 द्वारा किया जाता है, जो निजी एवं सरकारी सम्पत्तियों के मामले में क्रमशः 12 वर्ष और 30 वर्ष है। जबकि अब तक वक़्फ सम्पत्तियों को अपवादस्वरुप इस कानून से छूट मिली हुई थी, अर्थात 100, 200... 500... वर्षों में कभी भी वक़्फ बोर्ड किसी सम्पत्ति के वक़्फ होने का दावा कर सकती थी। ऐसी सुविधा भारत में किसी और धार्मिक ट्रस्ट के पास नहीं है।इसके विपरीत किसी व्यक्ति के निजी सम्पत्ति पर वक़्फ बोर्ड द्वारा वक़्फ होने का दावा किए जाने पर पीड़ित को अपील हेतु परिसीमा अधिनियम के तहत 12 वर्षों का समय नहीं मिलता था, उसे केवल 1 वर्ष का समय दिया जाता था। जबकि अब नवीन कानून के द्वारा भविष्य में कभी भी दावा करने का उक्त छूट एवं 1 वर्ष की समय बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। अब परिसीमा अधिनियम वक़्फ बोर्ड एवं उसकी सम्पत्तियों पर ठीक वैसे ही लागू होगा जैसे सम्पूर्ण भारत में लागू होता है तथा अब पीड़ित को अपील हेतु परिसीमा अधिनियम के तहत 12 वर्षों का समय मिलेगा।अगला विवादास्पद मुद्दा वक़्फ-अल-औलादका है, जिसके अंतर्गत कोईव्यक्ति यह घोषित कर सकता था कि उसके किसी वैध उत्तराधिकारी के अभाव में उसकी सम्पत्ति स्वतः वक़्फ बन जाएगी, लेकिन इस वैध उत्तराधिकारी के अंतर्गत केवल परिवार के पुरुष सदस्यों को ही शामिल किया जाता था, महिला सदस्यों को नहीं।

अतः नए कानून में पहले के कानून की इस कमी को दूर करते हुए वैध उत्तराधिकारियों की व्याख्या में परिवार की महिलाओं को भी शामिल किया गया है, जो निश्चित तौर पर मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाता है।इतना ही नहीं नए कानून में सच्चर समिति की अनुशंसाओं के अनुसार, राज्य वक़्फ बोर्ड एवं केन्द्रीय वक़्फ परिषद् की संरचना में भी सुधार किया गया है। पहले उक्त दोनों संस्थाओं के सदस्य केवल मुस्लिम ही बन सकते थे, जबकि अब, उक्त दोनों संस्थाओं में दो गैर-मुस्लिम सदस्यों को अनिवार्यतः शामिल करने का प्रावधान किया गया है। ध्यातव्य है कि गैर-मुस्लिम सदस्यों की भूमिका केवल वक़्फ के प्रशासन और परोपकार सम्बंधी विषयों में होगी, धार्मिक गतिविधियों में नहीं। अतः धार्मिक मसलों में गैर-मुस्लिम सदस्यों द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता है।इसके साथ-साथ वक़्फ न्यायाधिकरण की संरचना में भी प्रासंगिक सुधार किया गया है।नए वक़्फ कानून के एकतरफा विरोधों के मध्य यह जानना आवश्यक है कि हाफि ज मोहम्मद जफर अहमद वादऔर सैयद फजल पूकोया थंगल वाद इत्यादि के अनुसार, यद्यपि कि वक़्फ मुस्लिम व्यक्तिगत कानून के अधीन एक धार्मिक विषय है, किन्तु इसके प्रबंधन एवं प्रशासन में संलग्न राज्य वक़्फ बोर्ड सहित केन्द्रीय वक़्फ परिषद् और वक़्फ न्यायाधिकरण इत्यादि मुस्लिम व्यक्तिगत कानून के अधीन कोई धार्मिक संस्थाएँ नहीं हैं। अतः इनको प्रबंधित करने हेतु बनाया गया कोई भी कानून, मसलन वक़्फ अधिनियम, 2025, धार्मिक मामला न होकर केवल सम्पत्ति से सम्बंधित मामला है। अतः हम निश्चित तौर पर यह कह सकते हैं कि वक़्फ अधिनियम, 2025 मुस्लिम धर्म या परम्पराओं में कोई हस्तक्षेप नहीं करता है। अब जो लोग सरकार पर मुस्लिमों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगा रहे हैं, उन्हें यह समझना चाहिए कि भारत में सभी गैर-मुस्लिम धार्मिक संस्थाओं का प्रबंधन किस प्रकार किया जाता है।

जहाँ एक ओर वक़्फ सम्पत्तियों (मस्जिद, कब्रिस्तान इत्यादि) को प्रबंधित करने हेतु राज्य वक़्फ बोर्ड एवं केन्द्रीय वक़्फ परिषद् इत्यादि हैं, वहीं दूसरी ओर अधिकांश हिंदू मंदिरों को सामान्यतः राज्य सरकारें ही प्रबंधित करती हैं। जहाँ मुस्लिम समुदाय की वक़्फ सम्पत्तियों से सम्बंधित विवादों का निपटान वक़्फ न्यायाधिकरण द्वारा किया जाता है, वहीं शेष अन्य सभी धर्मों (हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन एवं ईसाई इत्यादि) से सम्बंधित धार्मिक अथवा परोपकारी संस्थाओं के सम्पत्ति सम्बंधित विवादों का निपटान सिविल न्यायालय या उच्च न्यायालय द्वारा किया जाता है।अंततः संविधान की भाषा में कहें तो किसी एक धर्म को अन्य धर्मों की तुलना में किसी प्रकार का विशेषाधिकार प्रदान करना पंथनिरपेक्षता के सिद्धांत को चोट पहुँचाता है। आखिरकार संविधान के कथित हितैषियों को धार्मिक सम्पत्तियों के प्रबंधन से सम्बंधित उक्त भेदमूलक प्रावधान क्यों नहीं दिखते हैं?

## कविता

सत्य चमकता सूर्य।
सत्य सदैव सत्य होता है।
अपने पीछे इतिहास
नहीं छोड़ता।
उसे किसी गवाह
या किसी के समर्थन
की शायद जरूरत नहीं।
हां सत्य का भविष्य
बड़ा उज्जवल है।
चमकते सूर्य की तरह।
सच अकेले चलता हुआ
घबराता नहीं,
वह किसी साथी को
तलाशता भी नहीं,
कोई कमी
महसूस नहीं होती,
सूरज की किरणों के
साथ चमकता हुआ,
गहन अंधकार में
छुपता भी नहीं,
कनक की तरह सदैव
कसौटी पर खरा
उतरता है।
एक बार सत्य ने
मुझसे कहा मेरे संग संग
चार कदम चल कर देखो,
तुम्हारी आत्मा परमात्मा
में परिवर्तित हो जाएगी,
अद्भुत शक्ति, ऊर्जा और
उत्साह, जीवन में
प्रवाहित हो जाएगा।
फिर किसी नाते,
किसी रिश्ते,
परिजनों की कहीं भी
किन्ही भी परिस्थितियों में
आवश्यकता न होगी,
तुम किसी के संग नहीं
पूरा समुदाय
तुम्हारे संग चलेगा।
पूरा ब्रह्मांड
प्रतीक्षा करता है,
कोई तो हो जो
संपूर्ण सत्य को
समाहित,
आत्मसात करें,
अपने छोटे
नश्वर जीवन में,
फिर
कोई चिंता, बेचैनी,
नुकसान का अंदेशा
भी नहीं,
सत्य सदैव
सास्वत है,
निर्विकार,लोभ रहित,
ईश्वर का साक्षात पृथ्वी
पर
अदृश्य स्वरूप।

संजीव

---------

## विकसित भारत की आधारशिला

**डॉ मनमोहन प्रकाश, स्वतंत्र पत्रकार**

**भारत** जब 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब हमारा लक्ष्य है कि हम एक विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व के समक्ष खड़े हों। लेकिन यह विकास केवल ऊँची इमारतों, उद्योगिक उन्नति,डिजिटल क्रांति और तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था से ही नहीं मापा जाएगा। असली कसौटी यह होगी कि क्या भारत के नागरिक संवैधानिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात कर चुके हैं।इस पर विचार करना उस समय और भी ज्यादा आवश्यक हो जाता है जब हर भारतीय भारत-रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती पूर्ण हर्षोल्लास से मना रहा है।
डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान हमें न केवल अधिकार देता है, बल्कि उत्तरदायित्व की भावना भी जगाता है। न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व–ये शब्द केवल किताबों तक सीमित न रहें, बल्कि हमारे सोच और व्यवहार में उतरें, तभी हम सच्चे अर्थों में "विकसित भारत" की परिकल्पना साकार कर सकते हैं।
आज हम देख रहे हैं कि जैसे-जैसे सामाजिक और राजनीतिक चेतना बढ़ रही है, नागरिक अधिकारों को लेकर जागरूकता भी बढ़ी है। लेकिन अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी बराबर महत्व देना जरूरी है। सड़क पर कानून हाथ में लेना, हिंसक विरोध प्रदर्शन करना या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना–ये सब संविधान की मूल भावना के विपरीत हैं।
हाल के वर्षों में नागरिकता संशोधन कानून, कृषि बिल, 370 का हटना,वक्फ बिल संशोधन या आरक्षण जैसे मुद्दों पर हुए आंदोलनों में कहीं न कहीं यह देखने को मिला कि असहमति के स्वर कभी-कभी असंवेदनशील आचरण में बदल गए। क्या लोकतंत्र का यह रूप गांधीजी के अहिंसा सिद्धांत से मेल खाता है? क्या भगवान बुद्ध और भगवान महावीर की धरती पर हिंसा के लिए कोई स्थान होना चाहिए?राष्ट्र पिता गांधीजी और संविधान निमार्ता बाबा साहेब दोनों ने स्पष्ट किया था कि विरोध का मार्ग हमेशा अहिंसा और संवाद होना चाहिए।
आज आवश्यकता है कि हम ह्यअसहमति के अधिकारह्व का प्रयोग करते समय ह्यसंविधान सम्मत मयार्दाह्व का पालन करें।
न्यायपालिका, जन-याचिकाएं, जन संवाद–ये लोकतंत्र के ऐसे उपकरण हैं जो हर नागरिक को अपने विचार रखने का मंच प्रदान करते हैं। मेरा ऐसा मानना है कि विकसित भारत की संकल्पना तब ही साकार होगी जब-हर नागरिक को संविधान सम्मत नियम,कानून पर विश्वास हो, सामाजिक, प्रायवेट तथा सरकारी संस्थाएं पारदर्शी तथा उत्तरदायी हों,और समाज में विश्वास, सहिष्णुता और समानता का वातावरण हो। हम सब इस तथ्य से परिचित हैं कि 21वीं सदी का भारत टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। लेकिन इस चमकदार विकास के साथ अगर नैतिक गिरावट आती रही, तो यह प्रगति खोखली हो जाएगी।

## विचार

# प्रकृति का श्रृंगार परिवर्तन और सत्य मानवीय जीवन की ऊर्जा

**संजीव**

**स्वामी** विवेकानंद जी ने कहा है कि"सत्य में वह शक्ति है जो मानव को असीमित ऊर्जा और अतुल्य बल प्रदान कर सकती है" यदि तुम अखंड सत्य का पालन करो तो कोई भी तुम्हें रोकने में समर्थ नहीं है, यह तो सत्य है कि सत्य की शक्ति अत्यंत व्यापक एवंसर्वकालीन है।
यह तो सत्य है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि 'सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का 'सांच को आंच नहीं' जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित "सत्यमेव जयते" आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है।
यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी, उदारवादी संस्कृति के विकास का प्रभाव पूरे विश्व पर पर्याप्त मात्रा में पड़ा और वैश्विक स्तर पर मूल्यों में नैतिक स्तर पर परिवर्तन आने लगे। आधुनिक युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और आर्थिक विकास का युद्ध इस युग में अर्थ अथवा धनबल अपनी अकूत शक्ति के बल पर पूरी सभ्यता व व्यवस्था का केंद्रीय तत्व बनकर उभरा है। धन बल पर आधारित इस युग में स्थिति यह बन गई है कि राजनीति, समाज, धर्म ,अध्यात्म ,अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण ,ज्ञान विज्ञान ,जीवन दर्शन सभी अर्थ व धन के निदेर्शों के अनुरूप ही चलन में आ गए हैं। धन के बल पर आज पारिवारिक संबंधों सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा राजनैतिक शक्ति,संतुलन, आध्यात्मिक स्तर पर प्रभाव नैतिक स्तर पर सहमति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को केवल प्रभावित ही नहीं कर रहे हैं।.

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# रंगमंच पर जाति का खेल: कितना जायज?

**प्रियंका सौरभ**

**रंगमंच औ**र सिनेमा, लेखन और दृश्य माध्यमों का बहुत गहरा सामाजिक असर होता है। जब मंच पर किसी समूह की बार-बार जयजयकार की जाती है, उसे ही वीर, बुद्धिमान, त्यागी और नैतिक माना जाता है, और बाकी वर्गों को या तो खलनायक या हास्य पात्र या फिर हाशिए के लोग दिखाया जाता है – तो यह असंतुलन समाज के भीतर भी गहरे बैठ जाता है।कला को यह अधिकार अवश्य है कि वह ऐतिहासिक घटनाओं, परंपराओं और चरित्रों को अपनी दृष्टि से दिखाए। लेकिन अगर यह दृष्टि बार-बार एक ही दिशा में झुकी हो – अगर वह विविधता को दबाकर केवल कुछ गिने-चुने वर्गों को ही उभारती हो – तो वह दृष्टि एकपक्षीय और पूर्वग्रह से ग्रसित मानी जाएगी।

**इतिहास का चयन और वर्तमान की राजनीति**

किसी भी नाटक या फि ल्म का आधार अक्सर इतिहास होता है। लेकिन इतिहास को देखने और दिखाने का तरीका आजकल चुनिंदा हो गया है। हम उन्हीं कहानियों को मंचित कर रहे हैं जो सत्ता के केंद्र में रही हैं, और उन्हीं समूहों को बार-बार ह्यगौरवह्व और ह्यशौर्यह्व के प्रतीक के रूप में पेश किया जा रहा है जिन्होंने पारंपरिक रूप से सामाजिक सत्ता को अपने नियंत्रण में रखा है। दूसरी ओर, वे कहानियाँ जो सामाजिक संघर्ष, विद्रोह, क्रांति, या समानता की बात करती हैं – वे या तो अनुपस्थित हैं या उन्हें सीमित दर्शकों के लिए मंचित किया जाता है। सवाल यह नहीं है कि किसकी कहानी बताई जा रही है, सवाल यह है कि किन कहानियों को लगातार दबाया जा रहा है।
जब कोई बच्चा बचपन से ही नाटकों, फिल्मों, और धारावाहिकों में देखता है कि नायक एक ही सामाजिक वर्ग से आता है, उसका पहनावा, भाषा, व्यवहार श्रेष्ठ दिखाया जाता है, और बाकी वर्ग केवल सहायक, सेवक या खलनायक के रूप में मौजूद रहते हैं, तो वह यह धारणा बना लेता है कि समाज का यही स्वाभाविक क्रम है। यह सोच बाद में भेदभाव, पूर्वग्रह और असमानता को जन्म देती है। इस तरह कला सिर्फ मनोरंजन नहीं करती, बल्कि सामाजिक सोच और मानसिकता का निर्माण भी करती है। और जब वह मानसिकता असंतुलित होती है।

## बाबूजी की बकरी का बजट

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**बाबूजी हमेशा** कहा करते थे–"बकरी पालो, गाय-भैंस से बेहतर रहती है।" घर में चाय के खर्चे से लेकर सरकार के बजट तक सब कुछ बकरी की तर्ज पर ही चलता था। सरकार चाहे पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था का सपना देखे, मगर बाबूजी की बकरी से बड़ी कोई योजना नहीं थी। गाँव के चौपाल पर जब भी बहस छिड़ती, बाबूजी तर्क देते– "देखो भैया, ये सरकार बजट बनाती है, और हम उसकी बकरी बना देते हैं।" बकरी की देखभाल में ऐसा समर्पण था कि सरकार भी उनसे सीख सकती थी। हर बजट सत्र में बाबूजी की आँखें वित्त मंत्री पर नहीं, अपनी बकरी पर टिकी होतीं। "इस बार चारे का दाम बढ़ा तो मैं भी सब्सिडी मांगूंगा," वो घोषणा कर देते। गाँव के लोग उनकी बातें सुनते और सिर हिलाते–"बाबूजी, आप मंत्री क्यों नहीं बन गए?" इस पर उनका जवाब हमेशा तैयार रहता–"मंत्री तो बन जाऊँ, मगर तब मेरी बकरी कौन पालेगा?" बकरी का नाम था–रुपैया। और नाम की तरह ही इसकी इज्जत भी थी। जब गाँव में दूध महँगा हुआ तो बाबूजी ने घोषणा की–"अब से हमारी बकरी को भी जीएसटी लागू होगा!" हर शाम जब दूध दुहते, तो बकरी के कान में फुसफुसाते–"तेरा भी टैक्स बढ़ सकता है, सरकार से बच के रहना!" गाँव में बकरी को लेकर ऐसा माहौल था कि कुछ लोग उसे वोट तक देने को तैयार थे। गाँव के नेताजी जब चुनाव प्रचार करने आए तो बाबूजी बोले–"बकरी के चारे का दाम कम करवा दो, वोट पक्के!" नेताजी ने मुस्कुराकर कहा–"बाबूजी, ये चुनावी मुद्दा नहीं है।" इस पर बाबूजी ने अपना जुमला दाग दिया–"तो फिर वोट भी चुनावी नहीं होगा!" नेताजी समझ गए कि इस गाँव में बिना बकरी पॉलिटिक्स नहीं चलेगी। फिर बजट आया।
महँगाई बढ़ गई। बाबूजी का गुस्सा सातवें आसमान पर था। बकरी को संबोधित करके बोले–"अबे रुपैया, तेरा भी हाल आम आदमी जैसा हो गया। तुझे भी महँगाई काट रही है!" गाँव वालों को ये बजट भाषण ज्यादा समझ आता था। किसी ने पूछा– "बाबूजी, इस बार क्या करेंगे?" उन्होंने जवाब दिया–"अबकी बार बकरी के लिए मनरेगा में नौकरी माँगूंगा।"

## न्यूज फ्लैश

### नागरिक अस्पताल में कर्मचारी से मारपीट के दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र में स्थित नागरिक अस्पताल में तैनात कर्मचारी से मारपीट करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को एसएजी यूनिट सेक्टर-7 ने शामिल तफ्तीश (जांच) में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कपिल व आदित्य है। पुलिस ने आरोपितों से पूछताछ करके जमानत पर रिहा कर दिया। पुलिस वारदात में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है। गांव समसपुर गामड़ निवासी सुरजीत ने गत 5 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह नागरिक अस्पताल की ओपीडी नंबर-20 में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के तौर पर तैनात है। वह अपने कमरे के बाहर ड्यूटी पर तैनात था। ओपीडी में चिकित्सक दिव्यांग मरीजों का चेकअप कर रहे थे। जिसके चलते उसे अन्य मरीजों को रोकने के लिए बोला। उसी दौरान आदित्य नाम का कर्मचारी जोकि अस्पताल में लिफ्ट ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है, वह ओपीडी के सामने आया। उसने अपने जानकार मरीज को चिकित्सक ने दिखाने के लिए कहा। उसने इंतजार करने के लिए कहा तो विरोध करने लगा। उसके बाद हाथापाई पर उतर आया। किसी तरह बचाव करने के बाद वह जिला स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में चला गया। जहां मामले को लेकर डायल-112 पर सूचना दी। टीम के पहुंचने पर जब उसे कार्यालय से बाहर बुलाया। बाहर आने पर पुलिस कर्मचारियों के सामने कपिल नाम के युवक ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। उसके बाद कई युवकों ने उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज की। पुलिस कर्मचारियों ने बीच-बचाव करके उसे छुड़वाया। उसके बाद भी हमलावर युवक अस्पताल परिसर में कई घंटे तक मौजूद रहे।

### बिजली लाइन से साढ़े चार लाख रुपये कीमत की तार चोरी

**सोनीपत: कुंडली थाना क्षेत्र के** अब्बासपुर गांव में बिजली लाइन से लाखों रुपये कीमत की तार के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। कंपनी के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों की तलाश के प्रयास कर रही है। पावर ग्रिड नेशनल ट्रांसमिशन लिमिटेड के उप प्रबंधक दीपक चंद्र ने बताया कि उनकी कंपनी द्वारा 765 केवी लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है जो कि अब्बासपुर गांव से होकर गुजर रही है। उन्होंने बताया कि साइट की लोकेशन नंबर- 247 मीटर पर 36 तार खींचकर रखे थे। वह शनिवार को साइट पर गए तो 100 मीटर के 12 तार गायब थे। जिसकी कीमत करीब 4.50 लाख रुपये थी। अपने स्तर पर तार की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: कुंडली थाना सोनीपत पुलिस** ने मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विकास निवासी स्वतंत्र नगर नरेला दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक युवती ने गत 12 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी करती है। वह 10 अप्रैल को देर शाम ड्यूटी खत्म होने के बाद पैदल घर लौट रही थी। जब वह औद्योगिक क्षेत्र कुंडली के पास पहुंची। उसी दौरान मोटरसाइकिल पर दो युवक आए। एक लड़के ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया। उसके बाद जीटी रोड की तरफ फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए सहायक उप निरीक्षक अनिल की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया।

# विधायक मदान ने यमुनानगर में मोदी की रैली में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ लिया भाग

## बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विधायक निखिल मदान ने किया बाबा साहब को नमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : सोमवार को विधायक निखिल मदान ने देश** के संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शहरवासियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधयक निखिल मदान बस स्टैंड पर अंबेडकर पार्क में पहुँचे जहाँ उन्होंने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। साथ ही इस अवसर पर भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने 101 दिये लगाकर बाबा साहब को याद किया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं अपितु एक संस्था थे, एक विचार थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन वंचित और शोषित वर्ग को उनके अधिकार दिलाने के लिए समर्पित



कर दिया। बाबा साहेब सामाजिक समरसता के अग्रदूत के तौर पर सदैव याद रखे जाएंगे। बाबा साहब ने बेहद सीमित संसाधनों के साथ गरीब मजदूर वर्ग के हितों की लड़ाई लड़ी। अपनी विद्वता और योग्यता के चलते बाबा साहब देश के प्रथम कानून मंत्री और भारतीय संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष बने और उन्होंने देशवासियों को एक बेहतरीन संविधान दिया। आज के दौर में हम सब को भारतीय संविधान के मूल्यों और उसमें वर्णित नीतियों पर चलना चाहिए यही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, वरिष्ठ भाजपा नेता माई राम कौशिक, निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, तरुण देवीदास,मंडल अध्यक्ष आरती शर्मा,सुनीता लोहचाब,पवन दुग्गल,अनिल ठाकुर,तूफान सिंह,शशिकांत भारद्वाज,कृष्ण भाटिया,रामरतन भाटिया,हर्ष मेहरा,दीपचंद आदि लोग मौजूद रहे। इसके उपरांत विधायक निखिल मदान ने यमुनानगर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में शिरकत की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। निखिल मदान ने कहा कि आज अंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा वासियों को यमुनानगर में 800 मेगावाट के थर्मल पावर स्टेशन की सौगात दी। वहीं हिसार से पहली कमर्शियल फ्लाइट हिसार से अयोध्या का झंडी दिखाकर शुभारंभ भी किया।

## भगवान वाल्मीकि प्रबन्धक कमेटी ने स्लम एरिया में बांटी शिक्षण सामग्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: भगवान वाल्मीकि** प्रबंधक कमेटी (रजि०) नवनिर्वाचित प्रधान रविकांत की तरफ से आज भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी के जन्मोत्सव पर मनमोहन नगर स्थित सलम ऐरिया में जरूरतमंद बच्चो को शिक्षा सामग्री बांटी गई। बाबा साहब की जीवनी के बारे में बच्चों बताया गया कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने समाज में अछूतों (दलितों) को शिक्षा, स्वतंत्रता, वोट, पानी पीने का अधिकार दिलवा कर बाबा साहेब ने समानता का अधिकार दिलवाया। हमें बाबा साहेब की कही बातों पर चलना चाहिए। बाबा साहेब का कहना था शिक्षित बनो, संगठित बनो तथा संघर्ष करो। इस मौके पर भगवान वाल्मीकि प्रबन्धक कमेटी के प्रधान रविकान्त, उप प्रधान मनीष कंडारा, सचिव इन्दुबाला, रमन मचल, दीपक बिडलान, रामदास रांझा, संजय अठवाल, विक्की कागडा, दीपक कागड़ा, विजय बिडलान, राजिन्द्र अठवाल, रविन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## पंचायत घर से जिम का सामान चोरी

**सोनीपतः** सदर थाना क्षेत्र के गांव बड़वासनी स्थित पंचायत घर से जिम का सामान चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। वार्ड की पार्षद ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। वार्ड नंबर-15 की पार्षद सुदेश ने बताया कि जिला परिषद से इंडोर जिम का सामान मिला था। जिसे उन्होंने बड़वासनी गांव के पंचायत घर में रखवाया था। उनको सूचना मिली कि पंचायत घर से सामान चोरी हो गया है।

# खट्टर और जिन्दल ने की 'विकसित हरियाणा' पर विस्तृत चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: यमुनानगर में** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की रैली में शामिल होने के लिए नोएडा से यमुनानगर तक की संयुक्त यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर और कुरुक्षेत्र के सांसद श्री नवीन जिन्दल के बीच हरियाणा के समग्र विकास पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इस यात्रा के दौरान दोनों नेताओं ने हरियाणा को 'विकसित भारत' की भावना के अनुरूप एक अग्रणी राज्य बनाने हेतु संभावित योजनाओं पर चर्चा की। विशेष रूप से ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों से संबंधित विषयों पर गंभीर मंथन किया गया, साथ ही राज्य में नागरिक सुविधाओं के



सुदृढ़ीकरण, सतत विकास, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं और हरित ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि यमुनानगर की रैली केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि 'विकसित हरियाणा' के रोडमैप को जनता के सामने रखने का अवसर है। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की लहर चल रही है और आने वाले समय में देश विकसित भारत के सपने को पूरा करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर थर्मल प्लांट की तीसरी यूनिट प्रदेश के लिए एक बहुत बड़ी सौगात है, और यह सौगात हम सबको विकसित भारत की यात्रा को आगे बढ़ाने की, एक नई जिम्मेदारी भी देती है। सांसद नवीन जिन्दल के मीडिया सलाहकार डॉ. राज कुमार ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को 2030 तक विकसित संसदीय क्षेत्र बनाने के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए संसदीय क्षेत्र में अपने स्तर पर अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की जनता, नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित हो रही है।

## अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस** टीम ने समालखा अनाज मंडी गेट के पास एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अरविंद निवासी भगैन बिजनौर यूपी हाल किरायेदार फ्लौरा चौक के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि रविवार को उनकी एक टीम गश्त व जांच पड़ताल के समालखा अनाज मंडी गेट नंबर दो के पास मौजूद थी। तभी टीम को बस अड्डा की और से एक संदिग्ध युवक पेदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई कर कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अरविंद निवासी भगैन बिजनौर यूपी हाल किरायेदार फ्लौरा चौक के रूप में बताई। पुलिस टीम ने युवक की तलाशी लेने उसकी पहनी हुई लोअर की जेब से 315 बोर का एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। देसी पिस्तौल का लाईसेंस व परमिट दिखाने के लिए कहा तो आरोपी कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका। प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को उसको हथियार रखने का शौक है।

# अंबेडकर जयंती पर निकली 43 किलोमीटर की साइकिल यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिलों में प्रतिमाह,पर्यावरण** संरक्षण और राष्ट्रीय ध्वज को लेकर कार्य कर रही सामाजिक संस्था मां भारती रक्तवाहिनी के संस्थापक और सचिव प्रेम डॉ. गौतम ने सोमवार को संविधान निमार्ता। भीमराव कॉम की 135वीं जयंती के अवसर पर गन्नौर के बीच से 43 किलोमीटर की दूरी पर उनकी साइकिल यात्रा निकाली गई। संस्था के बैनर तले यह 165वीं की पैदल यात्रा हुई, जिसमें 43 किलोमीटर की यात्रा शामिल थी। प्रेम गौतम ने 19 मार्च



2020 से मां भारती साइकिल क्लब अभी तक कुल 35 हजार किमी से अधिक सामाजिक सेवाओं के लिए साइकिल साइकिल क्लब के माध्यम से लोगों को शामिल किया है। कभी-कभी साइकिल साइकिल तिरंगा यात्रा, व्यक्तिगत मनोवैज्ञानिक यात्रा, पर्यावरण बचाओ यात्रा, नशे के खिलाफ साइकिल यात्रा, चुनाव आयोग द्वारा जागरूकता यात्रा, मुक्ति कर जागरूकता संदेश देने का कार्य संस्था से जुड़े साइकिल चालक और रक्तदाताओं के सहयोग से किया जा रहा है। प्रेम गौतम ने कहा कि "बाबा साहेब जैसी महान विभूतियों का जन्म देश के लिए होना गर्व की बात है। हमें उनके विचारों पर विश्वास करके समाज को समानता और स्वतंत्रता की ओर ले जाना चाहिए। हम सभी अपने चरित्र में साइकिल का उपयोग कर-के पर्यावरण स्वच्छता का संदेश देकर उनकी सच्ची प्रशंसा कर सकते हैं।" साइकल को हम सभी को अपने चित्रण का हिस्सा बनाना चाहिए। नशे के खिलाफ सरकार की मुहिम को साइकिल स्केच के माध्यम से आगे बढ़ाने की जरूरत है। हर युवा को खेलों से जुड़ना चाहिए ताकि वे बुरे लोगों से दूर रहकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार सप्ताह के खिलाफ एक दिन में सभी साइकिलें चलाएँ, ऐसे में हरियाणा सरकार जिला स्तर पर शुरू करे तो युवाओं में नशे के और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जागरूकता के साथ लो समाज में जागृति होगी।

# न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी ने लांच किया भारत का पहला कोडिंग यूजी एंट्रेंस एक्जाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी ने कोडिंग और फंडामेंटल प्रोग्रामिंग स्किल्स कौशल पर केंद्रित भारत की पहली यूजी प्रवेश परीक्षा- कोडिंग ऐनसैट की घोषणा की है। पारंपरिक परीक्षाओं के विपरीत -जिनमें भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित में गहन ज्ञान की आवश्यकता होती है- कोडिंग ऐनसैट व्यावहारिक कोडिंग क्षमताओं का मूल्यांकन करता है, जो न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रवेश के लिए एक अनूठा वैकल्पिक मार्ग प्रदान करता है। रियल-वर्ल्ड प्रॉब्लम को हल करने और प्रोग्रामिंग दक्षता पर ध्यान केंद्रित करते हुए, यह कोडिंग ऐंट्रेंस पारंपरिक शैक्षणिक अंकों के बजाय कौशल और क्षमता के आधार पर मूल्यांकन करेगा जिससे विद्यार्थियों को अपने कौशल को और बढ़ाने का अवसर हासिल होगा। इच्छुक टेक्नोलॉजिस्ट और विद्यार्थी सोनीपत, पुणे व बैंगलोर के कैम्पस में न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस घोषणा पर बोलते हुए न्यूटन स्कूल के सह-संस्थापक सिद्धार्थ माहेश्वरी ने कहा, ह्लएनएसटी में, हम कोडिंग के प्रति उत्साही लोगों की पहचान करते हैं, उन्हें इंडस्ट्री के मुताबिक कोडिंग पाठ्यक्रम के साथ पेशेवर शिक्षा और करियर के लिए एक तय रास्ता प्रदान करते हैं जो रियल-वर्ल्ड ऐप्लीकेशंस के अनुसार होता है। कोडिंग ऐनसैट नतीजों से चलने वाली शिक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। इसमें टैक इंडस्ट्री के लिए महत्वपूर्ण कौशल की परख की जाती है जैसे एल्गोरिद बनाना और कोड को डीबग करना। न्यूटन स्कूल का मानना है- शिक्षा को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों को प्रतिबिंबित करना चाहिए, न कि पुराने अकादमिक फार्मूलों को और कोडिंग ऐनसैट न्यूटन स्कूल के इसी कॉन्सेप्ट का प्रमाण है।ह्ल न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी का मिशन है वास्तविक दुनिया की उपयोगिता के जरिए तकनीकी शिक्षा को नए मायने देना और कोडिंग ऐनसैट इसी दिशा में एक साहसिक कदम है। प्रोग्रामरों को मौके देना और उन्हें पुरस्कृत करना बेहद अहम है, वे अगली पीढ़ी के टैक लीडरों के निर्माण के लिए एक मजबूत कोडिंग और टेक्नोलॉजी-केंद्रित माहौल के मामले में सबसे आगे रहे हैं।

# कांग्रेसजनों ने किया अंबेडकर को नमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : थानेसर के विधायक** व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अशोक अरोड़ा ने कहा है कि बाबा साहब डा. भीम राव अंबेडकर ने उस समय भारत को संविधान दिया था जब देश विभिन्न जातियों, धर्मो, भाषाओं व रियासतों में बंटा हुआ था। संविधान ने सभी भारतीयों को बराबर का अधिकार देते हुए वोट का अधिकार दिया। ऐसी महान शख्सियत को आज पूरा देश नमन कर रहा है। वे डा. बीआर अंबेडकर जयंती पर अंबेडकर चौक पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इस दौरान सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संविधान को बचाने की शपथ भी ली। इसके बाद अशोक अरोड़ा व अन्य



कार्यकर्ता श्री गुरु रविदास सभा मे गए, जहां बाबा साहब की जयंती के उपलक्ष मे आयोजित कार्यक्रम मे भाग लिया व गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर माथा टेककर पुष्प अर्पित किए। अपने संबोधन मे विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार, समानता सद्भाव और सामाजिक न्याय मे अतुलनीय योगदान देने वाले भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की आज जयंती है। बाबा साहब ने समाज को शिक्षा दी कि शिक्षित बनो, संगठित बनो व संघर्षशील बनो। क्योंकि शिक्षा के बिना संगठन की कल्पना नही की जा सकती और संगठन के बिना संघर्ष नही है। आज जरूरत है कि डा. अंबेडकर की शिक्षाओं पर समाज चले। जिस संविधान की बदौलत आज हर भारतीय बराबर है। उस संविधान की रक्षा की सभी मिलकर शपथ लें।

इस मौके पर उनके साथ पार्षद मनु जैन, पार्षद नरेंद्र चौहान, पार्षद राजेंद्र सैनी, पार्षद प्रिंस, झंझुनंमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा, सुभाष पाली, विक्की मैहता, विशाल सिंगला, पूर्व पार्षद ओपी, सरपंच रणबीर बूरा, रविदास सभा के प्रधान सुरजभान नरवाल, जिप सदस्य प्रतिनिधि सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा, मुल्खराज अरोड़ा, सुनीता नेहरा, पवन चौधरी, दीनानाथ अरोड़ा, पूर्व पार्षद महेंद्र पाल, गौरव शर्मा गौरी, बीना रंगा, नीलम बडोंदा, विरेंद्र रोहिला, सुनील राणा, विवेक भारद्वाज सहित सैंकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गेहूं खरीद के मामले में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी : राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/लाडवा : खाद्य एवं** आपूर्ति नियंत्रक मंत्री राजेश नागर ने कहा कि अनाज मंडी में गेहूं खरीद के मामले में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। किसानों की गेहूं मंडी में आने के बाद तय समय पर सरकार द्वारा निर्धारित भाव पर खरीद हो जानी चाहिए। इतना ही नहीं 48 घंटे के भीतर उनके खातों में गेहूं का भुगतान भी करना सुनिश्चित करें। सरकार के पास अनाज मंडी से किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मंत्री राजेश नागर सोमवार को पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा के साथ अनाज मंडी लाडवा में गेहूं खरीद की व्यवस्थाओं का



जायजा ले रहे थे। उन्होंने अनाज मंडी लाडवा में गेहूं खरीद एवं उठान संबंधित सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही आढ़तियों और किसानों से बातचीत करते हुए उठान व गेहूं खरीद से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने मंडी में पहुंचते ही सबसे पहले गेट पास की व्यवस्था का जायजा लिया तथा मौजूद कर्मचारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत फसल खरीद का जायजा लिया तथा अधिकारियों को खरीद एजेंसियों और संबंधित अधिकारियों को खरीद कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने, गेट पास में पारदर्शिता बरतने, किसानों के लिए स्वच्छ पेयजल, सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने, फसल का उठान सही समय पर करने एवं फसल की निर्धारित मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करने को लेकर निर्देशित किया। खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मंत्री ने कहा कि अभी तक अनाज मंडी लाडवा से 14000 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसमें से 40 परसेंट का उठान भी करवा दिया गया है। यहां पर किसानों से और आढतियों से बातचीत करने पर कोई गंभीर समस्या सामने नहीं आई है। फिर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत, परेशानी न होने दें। इस सीजन में अधिकारियों को विशेष हिदायत दी है कि वे उठान कार्य पर विशेष फोकस रखें ताकि व्यापारियों और किसानों को कोई समस्या न आए। किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदने के लिए व्यापक प्रबंध तथा समुचित व्यवस्था की गई है। कसानों की फसल का दाना-दाना खरीदने की व्यवस्था सरकार ने की है इस मौके पर नगर पालिका लाडवा की प्रधान साक्षी खुराना, अनाज मंडी के प्रधान विमलेश गर्ग, राइस मिल एसोसिएशन के प्रधान दीपक, संजीव मंगला, मार्केट कमेटी सचिव संत कुमार, फूड सप्लाई इंस्पेक्टर अंकुर जांगड़ा, डीएफसी सुरेंद्र सैनी, मंडी सुपरवाइजर गुरजंट सिंह, विजय जैन, वैभव अग्रवाल सहित अन्य आढती मौजूद रहे।

# जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सदर थाना सोनीपत** पुलिस ने जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रवीन व हिमांशु निवासी सलीम सर माजरा का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गोली चलाकर हमला करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान पर मुकदमें दर्ज किए हुए है। गांव सलीम सर माजरा निवासी आकाश ने गत 11 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह खेती करता है। करीब 4-5 साल पहले प्रवीन और उसके साथियों ने खेत में उसके साथ झगड़ा किया था। मारपीट कर फोन छीन लिया था। उसने थाना सदर में मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में कोर्ट में राजीनामा हो गया। प्रवीन ने फोन के 15 हजार रुपए लौटाने की बात कही थी। 5 हजार रुपए दे दिए, बाकी नहीं दिए। 10 अप्रैल को दोपहर 1:30 बजे आकाश ने प्रवीन को फोन कर पैसे मांगे। प्रवीन ने फोन नहीं उठाया। रात 10:30 बजे प्रवीन ने फोन किया। पैसे मांगने पर गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद प्रवीन, दीपक , भोलू , हिमांशु, राहुल , नीतू और कुछ अन्य लोग लाठी, डंडे, तलवार, डोगा और बंदूक लेकर आकाश के घर पहुंच गए। उस समय आकाश घर पर नहीं था। आरोपितों ने उसके पिता दिनेश और मां पूनम के साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी देकर चले गए। रात करीब 1 बजे आकाश खेत से घर लौट रहा था। गांव के तालाब के पास प्रवीन के मकान के पास पहुंचा तो गली में नीतू, हिमांशु, प्रवीन, भोलू, दीपक और राहुल खड़े थे।

## न्यूज़ फ्लैश

### झुग्गी झोपड़ पट्टी में रहने वाले बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य सामग्री का किया वितरण



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा जहां भूखे को भोजन, निर्वस्त्र को वस्त्र और अशिक्षित को शिक्षित करने के लिए कृतसंकल्प है। ये शब्द रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने झुग्गी झोपड़ पट्टी में रहने वाले बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य सामग्री और लेखन सामग्री वितरित करते हुए कहे। उन्होंने बताया कि रोटी बैंक के संस्थापक सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी श्री श्रीकांत जाधव साहेब हैं जिन्होंने रोटी बैंक की स्थापना 2017 में की थी। रोटी बैंक पुलिस लाइन में चलता है। पुलिस के साथ साथ जनता का सहयोग बहुत अधिक प्राप्त है। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा कुरुक्षेत्र के ऐसे स्थानों को चिन्हित किया है जहां पर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्र छात्राओं को लेखन सामग्री, पुस्तकें और अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की जा रही हैं। आज रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश सैनी, महासचिव कर्म चंद और रोटी बैंक के अंकेक्षक डॉ. एम एम सिंह सुंदरपुर पुल के निकट झुग्गी झोपड़ पट्टी पहुंचे और स्कूल बैग एवं अन्य लेखन और पाठ्य सामग्री वितरित की। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक का मुख्य कार्य भोजन वितरण, सूखा राशन वितरण, ऋतु अनुसार वस्त्र वितरण, पैरों के लिए चप्पल और जूते, स्वच्छता के लिए नहाने का साबुन, ब्रश, पेस्ट, फल और मिठाइयां आदि वितरण करना है। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

### हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ ने



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** :आज हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ कुरुक्षेत्र की समस्त कार्यकारिणी ने जिला प्रधान अमर सिंह व पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सरोहा के नेतृत्व में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा नजदीक श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला कुरुक्षेत्र पर पहुंचकर डॉ बी आर अंबेडकर जयंती के मौके पर प्रतिमा को माल्यार्पण किया और सभी साथियों को बाबा साहब के जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला संरक्षक रमेश थाना ने मौजूद साथियों को बाबा साहब के वचनों पर अमल करने के लिए प्रेरित किया और उनके विचारों का प्रचार प्रसार करने की अपील की। राज्य कार्यकारिणी सदस्य रमेश रंगा ने बाबा साहब के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि हर एक साथी को बाबा साहब के पद चिन्ह पर चलकर एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण में सहयोग करना चाहिए।

# 'आप' पानीपत ने धूमधाम से मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

## भारत नगर के प्रजापत चौक पर बाबा साहब की स्मृति में एक यादगार सभा का आयोजन किया गया

**श्रद्धांजलि**

**आप पानीपत इकाई ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की**



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )

**संविधान** निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आम आदमी पार्टी (आप), पानीपत इकाई ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। दिन की शुरुआत पार्टी कार्यालय में आयोजित एक बैठक के साथ हुई, जिसमें वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात, आप के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी लघु सचिवालय पहुंचे, जहां डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। दोपहर में बबैल रोड, भारत नगर के प्रजापत चौक पर बाबा साहब की स्मृति में एक यादगार सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वरिष्ठ आप नेता सुंदेर अहलावत, करनाल लोकसभा महासचिव अजय सिंगला, जिला अध्यक्ष जसबीर जस्सा कादयान, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जेसिया, जिला महासचिव योगेश कौशिक, व्यापार विंग जिला अध्यक्ष प्रीतपाल खेड़ा, ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष सूरजभान राठी, शहरी अध्यक्ष जयगोपाल बाधवा, जिला सचिव संदीप पाल एडवोकेट, युवा जिला अध्यक्ष मनीष रोड, एससी विंग अध्यक्ष श्याम लाल पहाड़िया, दीपक शक्तिमान सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**महापुरुष सांझी विरासत, उन्हें सीमित करना अन्याय: सुंदेर अहलावत**

सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता सुंदेर अहलावत ने कहा, "बाबा साहब का जीवन संघर्ष और समर्पण प्रेरणा का स्रोत है। वे असमानता, अन्याय और जाति-धर्म के भेदभाव के खिलाफ लड़ाई का प्रतीक हैं। महापुरुष और स्वतंत्रता सेनानी सभी की सांझी विरासत हैं। उन्हें जाति या धर्म के दायरे में बांधना न केवल उनके व्यक्तित्व के साथ अन्याय है, बल्कि यह समाज को गलत संदेश भी देता है।" उन्होंने वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में बाबा साहब की सोच और चिंतन को और अधिक प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही सामाजिक और सांप्रदायिक विघटनकारी ताकतों को परास्त किया जा सकता है।

**सामाजिक न्याय के महानायक हैं बाबा साहब: नरेंद्र जेसिया**

जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जेसिया ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर को सामाजिक न्याय का महानायक बताते हुए उनके जीवन और कार्यों को प्रेरणादायी बताया।

वहीं, जिला अध्यक्ष जसबीर जस्सा कादयान ने बाबा साहब को भारत का महान सपूत करार देते हुए कहा, "उनके अथक प्रयासों और दूरदर्शिता के कारण ही भारत का संविधान विश्व के सर्वश्रेष्ठ संविधानों में शुमार है।"

आम आदमी पार्टी, पानीपत ने इस अवसर पर बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करने और सामाजिक समता व न्याय के लिए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

## डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर फल व दवाई वितरित की



टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत: सेवा** ट्रस्ट (यूके) इंडिया सोनीपत के प्रधान सुरेश वत्स की अगवाई में सेक्टर-15 में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जयंति पर कुष्ठ आश्रम में वरिष्ठ नागरिकों को खांसी की दवाई व फल भेंट किया!

कुष्ठ आश्रम के प्रधान बेसहारा व्यक्तियों की सेवा का कार्य करते हैं आश्रम में 27- परिवार रहते हैं जिनका कोई नहीं होता उनकी देखभाल कुष्ठ श्रम के प्रधान करते हैं। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की टीम समय-समय पर कुष्ठ आश्रम ,भटठों पर श्रमिकों, सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों और स्लम क्षेत्र में भी डाबर को--सपांसर इम्युनिटी बूस्टर किट भी भेंट करते रहते हैं संस्था का मुख्य उद्देश्य है कि जरूरतमंदों को सेवा का लाभ मिल सके। दिलबाग सिंह प्राध्यापक ने संदेश

**फल बांटे**

**कुष्ठ आश्रम के प्रधान बेसहारा व्यक्तियों की सेवा का कार्य करते हैं आश्रम में 27- परिवार रहतें है**

दिया कि बाबा साहेब सिर्फ एक नेता नहीं थे, वो उम्मीद थे उन करोड़ों लोगों के लिए जिन्हें समाज ने हाशिए पर धकेल दिया था। उन्होंने समाज के हर उस हिस्से के लिए लड़ाई लड़ी जिसे दुनिया ने अनदेखा कर दिया था। सुनील (सिले) छहतरा ने कहा कि हमें सभी को निःस्वार्थ भावना से काम करना चाहिए और जरूरतमंद व्यक्तियों के साथ-साथ पर्यावरण स्वच्छ रखने का कार्य भी संस्था करती रहती है।

## डॉ अंबेडकर की शिक्षाओं का अनुसरण करें: मिहा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र** : डॉ भीमराव अंबेडकर जी को 134 वें जन्मदिन पर विश्व में याद किया गया। कुरुक्षेत्र में महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट के चेयरमैन मिहा सिंह रंगा और ट्रस्ट के सदस्यों ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। मिहा सिंह रंगा ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर जी भारतीय संविधान के शिल्पकार थे बाबा साहब ने महिलाओं के उत्थान के लिए अधिक प्रयास किया। आज सभी संकल्प ले कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी के दिखाएं मार्ग पर चलकर समाज को अधिक से अधिक शिक्षित करें और जो बच्चे किसी आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते उनका सहयोग करें ताकि वह बच्चे भी शिक्षा प्राप्त करके अपना भविष्य बना सकें। डॉ भीमराव अंबेडकर जी का सपना था कि अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण करके देश और समाज के काम आए। ट्रस्ट के सदस्य गौरव कुमार ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट हमेशा ही शिक्षा के लिए प्रयासरत है और जिन बेटियों के पिता नहीं है उन बेटियों को ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती स्वीटी रंगा के मार्गदर्शन में बेटियों को पढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

## डा अम्बेडकर ने सशक्तिकरण को महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में महत्व दिया - डा. श्रीप्रकाश

**निंदा की**

**धर्म की आड़ में मनुष्य द्वारा मनुष्य के किसी भी प्रकार के पाखंड, अन्याय या शोषण की निंदा की**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : अंबेडकर का सामाजिक न्याय का दृष्टिकोण सभी मनुष्यों की स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे को बढ़ावा देता है। एक तर्कवादी और मानवतावादी के रूप में, उन्होंने धर्म की आड़ में मनुष्य द्वारा मनुष्य के किसी भी प्रकार के पाखंड, अन्याय या शोषण की निंदा की। उन्होंने सार्वभौमिक नैतिक सिद्धांतों पर आधारित एक धर्म की वकालत की जिसे सभी समय, स्थानों और जातियों पर लागू किया जा सकता है। यह विचार मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समरसता संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा.श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा डा. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। सभी विद्यार्थियों ने उनके जीवन का अनुसरण करने का संकल्प लिया।

डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा डॉ. अंबेडकर ने भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई , यह सुनिश्चित करते हुए कि समानता, न्याय और अधिकार के सिद्धांत इसके ढांचे में निहित हों।

उन्होंने दलितों और अन्य उत्पीड़ित समूहों के अधिकारों की वकालत की , सामाजिक उत्थान के लिए शिक्षा और सशक्तिकरण को महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में महत्व दिया।

भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर महान अध्येता थे। उन्होंने जीवन में गहन अध्ययन किया और उनके उस ज्ञान का लाभ आदर्श संविधान के रूप में पूरे देश को मिला। डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने समाज के हर वर्ग के लिए कार्य किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने डॉ. भीम राव अंबेडकर के जीवन पर आधारित संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## डॉ अंबेडकर ने सामाजिक न्याय को दिया बढ़ावा: देवेन्द्र गौतम

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत:** सोमवार को शहर के चौधरी देवीलाल चौक के पास स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान आम आदमी पार्टी के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के अध्यक्ष देवेंद्र गौतम, शहरी जिला अध्यक्ष राजेश सरोहा, जिला मीडिया प्रभारी अमरदत्त भारद्वाज, ब्लाक प्रधान शेर मोहम्मद, राई ब्लाक प्रधान अजय, छात्र नेता वंश आर्य, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक



चुघ, मोहित, योगेशपाल आदि ने बाबा साहब डॉ० भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजली दी। आप नेता देवेन्द्र गौतम ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने जीवनभर सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा की परिवर्तनकारी क्षमता समझते हुए दलितों के उत्थान के लिए शिक्षा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कॉलेजों की स्थापना की और दलित समुदाय को जाति एवं सामाजिक असमानता की बेड़ियों को तोड़ने के साधन के रूप में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। आप नेता देवेंद्र गौतम ने कहा कि डॉ अम्बेडकर महिला अधिकारों के प्रबल समर्थक थे और उन्होंने उन हिंदूगत कानूनों में सुधार लाने की दिशा में कार्य किया, जिनमें महिलाओं के साथ भेदभाव किया गया था। आप नेता ने कहा कि बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलकर देश को आगे बढ़ाया जा सकता है।

**शिक्षा का महत्व**

**डॉ अंबेडकर ने दलितों के उत्थान के लिए शिक्षा के महत्व पर बल दिया: देवेन्द्र गौतम**

## अदबी संगम कुरूक्षेत्र एवं सार्थक साहित्य मंच ने संयुक्त कवि सम्मेलन आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : आज को गुलजारी लाल नंदा स्मारक के पुस्तकालय में अदबी संगम कुरुक्षेत्र एवं सार्थक साहित्य मंच की संयुक्त कवि सम्मेलन आयोजित किया गया । जिसकी अध्यक्षता डॉ सुभाष गर्ग पार्थ एवं डॉ चितरंजन दास कौशल की संयुक्त रूप से रही और विशिष्ट अतिथि नंदा स्मारक अध्यक्षा डॉ शुचि स्मिता जी पूर्व संगीत विभागाध्यक्ष कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र रही। संचालन डॉ बलवान सिंह बादल जी ने किया और मेजबानी श्रीमती गायत्री कौशल आर्य ने



की कवि सम्मेलन में सभी सम्मानित सदस्यों,कवि, शायरों ने बैसाखी पर्व पर और जलियांवाला बाग को याद करते हुए कविताएं, गजल प्रस्तुत की इस अवसर पर आज अदबी संगम कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष डॉ सुभाष गर्ग पार्थ ने नवोदित कवि सौरभ , मीनाक्षी,अनिल वर्मा जी का स्वागत किया। और साहित्यिक कार्यक्रमों में निरंतर भाग लेने व पुस्तकीय साहित्य में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।

## भूना पुलिस ने चोरी के आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** भूना पुलिस ने राजस्थान गए एक मजदूर के घर से गहने, बर्तन व अन्य सामान चोरी करने के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए सोमवार को एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान विनोद उर्फ गोदी पुत्र सतबीर निवासी वार्ड नंबर 9 भूना हाल गांव टिब्बी के रूप में हुई है। थाना भूना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेन्द्रा ने बताया कि इस बारे भूना पुलिस ने नौ अप्रैल को वार्ड नं. 14, नजदीक शांति निकेतन स्कूल, भूना निवासी संदीप की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह परिवार के साथ दो महीनों से मजदूरी का काम करने राजस्थान गया हुआ था।

## 40 संवेदनशील बूथों पर रहेगी प्रशासन की पैनी निगाहें: नेहा

**आज दिनांक** 14 अप्रैल 2025 को एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया एवं हरियाणा राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन सोनीपत , द्वारा डां भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के सुअवसर पर जिला सोनीपत के गांव जुआं मे महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया ,जिसमें हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया महिलाओं को वित्तीय सशक्तिकरण के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य जसबीर दोदवा मुख्य वक्ता सूर्यकान्त शर्मा एवं कार्यक्रम



अध्यक्ष अजय कुमार डी पी एम एच एस आर एल एम सोनीपत डा जयपाल जिन्दल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में वित्तीय जागरूकता के विषय को विस्तार से समझाया ओर कहा कि आज के समय मे महिलाए दोहरी जिम्मेदारी निभा रही है। घर संभालने के साथ रोजगार भी करती है। अंत मे उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जानकारी सभी के लिए लाभदायक है विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के लिऐ कार्यक्रम के मुख्या वक्ता सूयकान्त शर्मा मुख्य सलाहकार, एसोसिएशन ऑफ म्यूअल फंड

**सहायता समूह**

**कार्यक्रम का आयोजन किया ग्रामीण आजीविका मिशन के सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया**

आफ इण्डिया ने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे अटल पेन्शन योजना, मुद्रा योजना,सुकन्या समृद्धी योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा एवं जन धन योजना के बारे में जानकारी दी और समझाया की कैसे इन योजनाओं के माध्यम से वे लाभ उठा सकती हैं ।

## 25वाँ स्थापना दिवस पर गुरमत समागम हुआ आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : आज खालसा सिरजना दिवस पर बाबा जी के डेरे पर धुर की बनी साहिब के अखंड जाप के ११-४-२५ को रखे अखंड पाठ साहिब के भोग १३-४-२५ को डाले गये उपरांत गुरबानी के शब्द कीर्तन गुरद्वारा ६ वी पातशाही के हजूरी रागी जत्थे दूसरा संतों को गुरबानी कीर्तन और कथा विचार से खालसा सिरजना दिवस और खंडे बाटे की पवित्र पोल खालसा के स्वरूप के बारे में गुरु गोबिंद सिंह जी के उपदेशों से अवगत करवाया गया । पत्रकारों को जानकारी देते हुए सरदार तेजेंद्र सिंह मक्कड़ समाजसेवी ने बताया के बाबा जी के डेरे साहिब की स्थापना सन 2000 में 13 तारीख को बैसाखी



वाले दिन संत बाबा करतार सिंह जी करनाल बाई पास जी की प्रेरणा और आशीर्वाद से संत बाबा राजेंद्र सिंह जी और स्वामी हरिओम दास पारिवार्जिक ने डेरे साहिब की स्थापना गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश कर गुर की बानी के जाप से की जो आप भी 25 वर्षों से निरन्तर जारी है । हर पूर्णमासी पर गुरबानी के सहेज पाठ जाप आरंभ होते है और पूर्णमासी पर ही जाप साहिब के भोग डाले जाते है उपरांत कथा विचार गुरबानी कीर्तन और गुरु के लंगर बरताये जाते है। बाबा राजेंद्र सिंह जी और स्वामी हरिओम दास जी की सेवा भाव सदका गरीब बच्चों की पढ़ाई लिखाई फ्री करवाई जाती है और जुरूरत मंद बच्चों की हर संभव सहायता की जाती है । आज भी सैकड़ों बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं ।मानव सेवा मुख्य उद्देश्य है ।आज के समागम में समाज के गणमान्य लोगों ने इलाके की संगत ने गुरू चरणों में नतमस्तक हो गुरू घर की खुशियाँ प्राप्त की। प्रमुख समाजसेवी हरियाणा सिख गुरद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व प्रवक्ता सरदार कंवलजीत सिंह अजराना एवं हरियाणा सिख गुरद्वारा प्रबंधक कमेटी की नीत प्रधान बीबी रविन्द्र कौर अजराना जी भी गुरू चरणों में नतमस्तक होकर हाज़िरी लगाई । हरियाणा पंजाब से संगतों ने गुरू चरणों में नतमस्तक हुए और गुरू के लंगर मिष्ठान्न प्रशाद निरंतर चलते रहे । इस मौके पर श्री हेमकुंड साहिब सेवा सोसायटी के प्रमुख सेवादार सरदार तेजेंद्र सिंह मक्कड़ उनकी समूची टीम गुरविंदर सिंह कालड़ा, बलबीर सिंह, अजीत सिंह, अवतार सिंह ठेकेदार, पवन शर्मा जी, तेजेंद्र पाल सिंह मोनू साहिब सिंह ठेकेदार अनुराग चंदाना, प्रदीप काठपाल , राजीव, सोनी परिवार आदि गणमान्य लोगों ने सेवा कर गुरू चरणों में नतमस्तक होकर खुशियाँ प्राप्त की ।

**समागम**

**खंडे बाटे की पवित्र पोल खालसा के स्वरूप के बारे में गुरु गोबिंद सिंह जी के उपदेशों से अवगत करवाया गया**

## पत्रकारों के हितों की बुलंद आवाज बनेगा पत्रकार एकता संघ :अनिल वर्मा

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

जीटी रोड स्थित आईबी पीजी महाविद्यालय में बी.कॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का प्रमुख उद्देश्य व्यावसायिक उत्थान में डिजिटल मार्केटिंग का महत्व व उपभोक्ता व्यवहार का अध्ययन रहे। इस प्रतियोगिता में कक्षा के लगभग 12 विद्यार्थियों द्वारा अपना प्रदर्शन दिया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर भूमि, द्वितीय स्थान पर अनन्या, तृतीय स्थान पर हिमांशी व कनिका रहे। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ शशि प्रभा जी ने विद्यार्थियों के सफल प्रदर्शन पर



उनको बधाई देते हुए कहा कि आज इस प्रतियोगिता के युग में इस तरह की गतिविधियों में भाग लेकर विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया जा सकता है इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चे आने वाले समय में अपनी लेखन प्रतियोगिता में निखार ला सकते हैं। वाणिज्य विभाग अध्यक्ष डॉ सुनित शर्मा ने विद्यार्थियों के सफल प्रदर्शन पर उनको बधाई दी और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों के लिए भविष्य में पत्रकारिता क्षेत्र इत्यादि में रोजगार के अवसर खुल जाते हैं।

# खुशहाली इंडेक्स किस देश में कितना है, उससे अमीरी का स्तर नापा जाता है : कैबिनेट मंत्री अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः हरियाणा के ऊर्जा,** परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि मेरे शहर के लोग हंसते, नाचते-गाते, झूमते व खुश रहे। इसलिए सुभाष पार्क में ओपन थियेटर बनाया गया और आज यहां हर सप्ताह में कोई न कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम व आयोजन चलते रहते है जोकि इसे बनाने के उद्देश्य की प्रतिपूर्ति करते हैं। उन्होंने कहा अमीरी का स्तर पैसा, दौलत, प्राईस इंडेक्स व जीडीपी नहीं है। आज खुशहाली इंडेक्स किस देश में कितना है, उससे अमीरी का स्तर



नापा जाता है। विज बैसाखी के अवसर पर सदाबहार संगीत प्रेमी ग्रुप द्वारा अंबाला छावनी सुभाष पार्क के ओपन एयर थियेटर में देर शाम आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि हर व्यक्ति में कोई न कोई प्रतिभा व काबिलियत जरूर छिपी होती है जिसे बाहर निकालने के लिए एक प्लेटफार्म की आवश्यकता होती है। लोगों को संगीत नृत्य व अन्य प्रतिभाओं को दिखाने का मौका मिले इसलिए यह ओपन एयर थियेटर का मंच प्रदान किया गया है और मैं भी यह चाहता हूं कि यहां एक बेहतरीन साउड सिस्टम जिससे बिना किसी खर्च के कार्यक्रम आयोजित हो सके।

**कैबिनेट मंत्री अनिल विज का कार्यक्रम में स्वागत किया**

इससे पहले सुभाष पार्क के चेयरमैन संजीव वालिया व सदाबहार संगीत प्रेमी ग्रुप के प्रधान मुकेश मीणा व संस्थापक राजेंद्र नागपाल व अन्य विशिष्ठगण एवं पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि का कार्यक्रम मे यहा पंहुचने पर उन्हें पुष्प गुच्छ देकर हार्दिक अभिनंदन किया और मुख्य अतिथि ने दीपशिखा प्रज्जवलित क्रर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने भांगड़ा, गिद्धा व संगीत प्रस्तुतियों से दर्शको एवं श्रोताओ का मन मोह लिया जिसकी मुख्यातिथि ने खुब सराहना की और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने उपस्थित आयोजकों व अन्य को यह भी कहा कि यहां पर कुर्सी या सोफा लगाने की जरूरत नहीं है।

ओपन थियेटर की सीढ़ियों पर बैठकर जो आनंद संगीत को सुनने का आता है उसका नजारा ही कुछ और है।

# फसल खरीद प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**प्रदेश के खाद्य,नागरिक** आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राजेश नागर ने सोमवार को रबी फसल खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा के तहत पानीपत अनाज मंडी का निरीक्षण किया। उनके साथ प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम, सोनीपत के विधायक निखिल मदान व अन्य अधिकारी की उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न खरीद एजेंसियों से रबी फसलों की खरीद, लिफ्टिंग और किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। खरीद एजेंसियों ने फसल खरीद, लिफ्टिंग, किसानों को अनाज मंडियों में मूलभूत सुविधाएं और किसानों को भुगतान आदि विषयों



पर जानकारी दी। उन्होंने मार्केटिंग बोर्ड व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से किसानों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने गेहूं व सरसों की खरीद कर रही सभी एजेंसियों के अधिकारियों को किसानों को समय पर फसल का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पानीपत अनाज मंडी का निरीक्षण किया व मंडी में फसल बेचने पहुंचे किसानों से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी में किसानों के लिए उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं का जायजा लिया। मंत्री राजेश नागर ने मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में पेयजल, लाइट, साफ-सफाई, सुविधा केंद्र और फर्स्ट एड जैसी सुविधाएं पूरी तरह दुरुस्त रखी जाएं।

## न्यूज फ्लैश

### गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ के छात्रों ने बीए.एलएल.बी. 9वें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में किया शानदार प्रदर्शन

**समालखा (कुलदीप सिंह )** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित बीए.एलएल.बी. 9वें सेमेस्टर की परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ, करहंस, पानीपत के छात्रों ने इस बार भी शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। कॉलेज की छात्रा आरती ने कॉलेज स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए कुल 600 में से 495 अंक हासिल किए। वहीं, अंजलि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 600 में से 488 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज में तीसरा स्थान छात्रा स्नेहा को प्राप्त हुआ, जिन्होंने 600 में से 487 अंक अर्जित किए। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुभाष कुमार ने सभी टॉपर्स सहित अन्य विद्यार्थियों को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। डॉ. सुभाष ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी ऐसे ही सफलता के पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ, पानीपत के वाइस चेयरमैन निशांत बंसल ने छात्रों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, हमारे छात्रों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### कमरे का ताला तोड़कर केबल और पाइप चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गांव चितलांग में** रात्रि के समय अज्ञात चोर एक ट्यूबवेल पर बने कमरे का ताला तोड़कर 160 फीट केबल और एल्युमिनियम के सात-आठ पाइप चोरी करके ले गए हैं। पीड़ित किसान ने पुलिस थाने में शिकायत देकर सामान बरामद करने तथा चोर को पकड़ने की मांग की हैं। पुलिस ने किसान की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चितलांग गांव के हिमांशु ने पुलिस को शिकायत में बताया कि वह मानेसर में एक निजी कंपनी में काम करता है। उसके पिता का देहांत पांच अप्रैल को हो गया था। जिसके कारण हम अपने खेत में बने ट्यूबवेल पर नहीं जा सके थे। आठ अप्रैल को वह शाम को ट्यूबवेल पर गया तब उसने देखा कि सब सामान मौजूद था। नौ अप्रैल को जब वह अपने ट्यूबवेल पर गए तब उन्हें पता चला कि ट्यूबवेल पर बने कमरा का ताला तोड़कर उसमें रखी हुई 60 फीट केबल और स्टार से लेकर कुएं तक लगभग 100 फीट केबल लगाई हुई थी, उसको भी चोर काट कर ले गए। हिमांशु ने कहा कि कमरे से बाहर सात एल्युमिनियम के पाइप रखे हुए थे वह भी नहीं मिले। हमने अपने तौर पर इधर-उधर खेतों में अपने सामान की तलाश की। लेकिन कहीं कोई सामान नहीं मिला। चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

### विशाल सिंह तंवर बने लेफ्टिनेंट

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद गुर्जर**

**नांगल चौधरी। इंडियन** मिलिट्री अकादमी देहरादून से 9 दिसंबर 2023 को पासिंग आउट परेड के बाद लेफ्टिनेंट विशाल सिंह तंवर का अपने पैतृक शहर नांगल चौधरी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। विशाल सिंह तंवर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा एसडी पब्लिक स्कूल चंडीगढ़ से पूरी की। बीसीए भी एसडी कॉलेज चंडीगढ़ से ही पूरी की। शिक्षा के साथ ही फुटबॉल खेल में भी वे कॉलेज के अब्बल दर्जे के खिलाड़ी रहे। एनसीसी आर्मी विंग में भी बेस्ट कैडेट इन चंडीगढ़ रहे। लेफ्टिनेंट तंवर वर्तमान में रेजीमेंट आफ आर्टलरी में तैनात है। आईएमए में भी उन्होंने बेस्ट फायरिंग अवार्ड अर्जित किया है। लेफ्टिनेंट विशाल सिंह तंवर की इस उपलब्धि पर भाजपा नेता रमेश तंवर व पूर्व नगर पार्षद सोनू तंवर ने कहा,"विशाल सिंह ने पिता रविंद्र सिंह तंवर व माता कल्पना तंवर के सपनों को साकार रूप देकर, क्षेत्र के बच्चों के लिए आदर्श स्थापित किया है। विशाल सिंह ने सदा ही अपने स्वर्गीय दादा भीखा सिंह तंवर के सिद्धांतों का अनुसरण किया है। लेफ्टिनेंट तंवर कि इस उपलब्धि से संपूर्ण शहर नांगल चौधरी में ही नहीं,बल्कि क्षेत्र में खुशी का माहौल है।"

# गर्मी के मौसम में नहर में नहाने वाले सावधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:गर्मी का मौसम शुरू** होते ही युवाओं में नहर में नहाने का क्रेज बढ जाता है। गर्मी के मौसम में नहरों में नहाने के दौरान हादसे रोकने के लिए पुलिस विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है। नहरों के आस-पास नहाने वालों को चेतावनी दी जा रही है कि नहर में नहाने वालों के खिलाफ कानूनी कारवाई की जाएगी। पंचायतों से आग्रह किया जा रहा है कि गांव में मुनियादी करवाएं कि नहर में नहाना वर्जित है और पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा एक मुहिम के तहत आमजन को जागरुक किया जा




रहा है। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को आदेश जारी किए हैं। सभी थाना प्रभारियों को दिए अपने आदेश में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गर्मी के मौसम में युवा नहरों पर अपने दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करने के लिए नहर के किनारे आ जाते हैं और अक्सर देखने में आया है कि नहर के किनारे बैठकर शराब वगैरा की सेवन भी करते हैं। उसके बाद नहर में नहाते हैं,नशा होने के कारण अक्सर नहर में डूबने से मौत हो जाती है। भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना घटित न हो उसको रोकने के लिए पुलिस द्वारा भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। नहरों के आस-पास लगने वाले गांव के प्रमुख लोगों से भी तालमेल करके आमजन को जागरुक किया गया है। इस सम्बन्ध में सहायता के लिए आमजन का भी सहयोग लिया जा रहा हैं। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के आदेशानुसार थाना झांसा एरिया, पुलिस चौकी ज्योतिसर व पुलिस चौकी थर्ड गेट एरिया से गुजरने वाली नहरों के मुख्य स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगवाये गये हैं। उन स्थानों को चिन्हित करके जहां पर अक्सर युवाओं के डुबने की घटनाएं हुई हैं उसके आस-पास नहर पर चेतावनी बोर्ड लगवाये गए हैं।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत हरियाणा के 50 अध्यापक एवं छात्र जाएंगे हैदराबाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा स्कूल** शिक्षा योजना परिषद पंचकूला के तत्वाधान में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत हरियाणा के पार्टनर स्टेट तेलंगाना की संस्कृति को जानने के लिए हरियाणा से छठी कक्षा से आठवीं कक्षा में प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र , कला उत्सव जो की नवमी कक्षा से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए प्रतियोगिता होती है उसमें राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं और रंगोंत्सव जो की अध्यापकों के लिए प्रतियोगिता होती है उसमें प्रथम स्थान  प्राप्त करने वाले अध्यापक कुल 50 छात्र एवं अध्यापक कलचर एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में 15 अप्रैल से 22 अप्रैल तक एक दूसरे स्टेट की संस्कृति को साझा करेंगे। शिक्षा विभाग का यह बहुत ही सराहनीय कदम है` इससे बच्चे देश की विभिन्न संस्कृतियों को भाषा को खान-पान को जान पाते हैं और उनकी प्रतिभा का सर्वांगीण विकास होता है । इस कार्यक्रम में जिला कुरुक्षेत्र से प्राध्यापक सतवीर कौशिक जोकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सारसा में कार्यरत हैं उनको स्टेट का एस्कॉर्ट नियुक्त किया गया है

# हरिनाथ महाराज की सातवीं पुण्यतिथि पर 16 अप्रैल को होगा विशाल भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। श्री विष्णु सेवा** समिति द्वारा हरिनाथ महाराज की सातवीं पुण्यतिथि पर 16 अप्रैल को विष्णु भगवान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस संदर्भ में समिति की एक आवश्यक बैठक श्री विष्णु भगवान मंदिर, श्री विष्णु कॉलोनी रेलवे रोड पर आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समिति प्रधान मनोहर लाल झुकिया ने की। बैठक में भंडारे की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपते हुए उन्हें पूर्ण निष्ठा और समर्पण से कार्य करने के निर्देश दिए गए। मंदिर प्रभारी शंकर लाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति के साथ हरिनाथ महाराज की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई हैं। मंदिर संरक्षक संजय मित्तल ने बताया कि भंडारे की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए समिति पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर प्रधान मनोहर लाल झुकिया, कोषाध्यक्ष रामानंद शर्मा, महासचिव डॉ. सुधीर यादव, संजय मित्तल मौजूद रहे।

# जीवन प्रणेता हैं बाबा साहेब : हरिओम दास

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र : ब्रह्मा कॉलोनी** स्थित श्री शिव शक्ति आश्रम एवं वात्सल्य वाटिका में सोमवार को डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें डॉ.पी.सी. मंगल मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ.अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात आश्रम संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक और मुख्य वक्ता डॉ.पी.सी.मंगल ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और उनके द्वारा किए गए समाज सुधार कार्यों का उल्लेख किया गया। स्वामी हरिओम दास ने कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर



सभी भारतवासियों के जीवन प्रणेता हैं क्योंकि उनके द्वारा हमें दिखाया गया संघर्ष का रास्ता, शिक्षा, समानता और जीने का अधिकार प्रदान किया गया। कृष्ण पांचाल ने कहा कि अर्थशास्त्र और कानून विषयों में पी.एच.डी. प्राप्त कर वो भारत के कानून मंत्री बने। कार्यक्रम में संत राजेंद्र सिंह, ओम प्रकाश मित्तल, पवन गुप्ता, शिक्षक संजीव कुमार, एडवोकेट संदीप कुमार, शालू यादव, सुनीता रानी, आध्या मंगल और आराध्या सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

# चोरी में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः सेक्टर-27 शहर** थाना सोनीपत पुलिस ने मंदिर से दानपात्र चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नवीन निवासी दिल्ली कैंप का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिक्का कॉलोनी निवासी सुभाष ने गत 11 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के अंदर दानपात्र रखा हुआ है। किसी ने मंदिर के अंदर घुसकर दानपात्र को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर चोर की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# अम्बेडकर जयन्ती धूमधाम से मनाई गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**स्थानीय भगत सिंह स्मारक** में सीपीआई की पानीपत जिला कौंसिल की ओर से भारत रत्न व भारतीय संविधान के शिल्पकार डा0.भीम राव अम्बेडकर की जयन्ती धूमधाम से पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मनाई गई। इस अवसर पर हुई सभा की अध्यक्षता कर्मचारी नेता जितेश व  डाक्टर हसरत राणा  ने की  मुख्य वक्ता हरियाणा राज्य सचिव भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कामरेड दरियाव सिंह कश्यप व जिला सचिव पवन कुमार सैनी एडवोकेट विशेष तौर पर उपस्थित रहे और मंच संचालन सीपीआई के जिला



सहायक सचिव व सदस्य राज्य कार्यकारिणी श्री  राम रतन एडवोकेट ने किया।  सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप, सीपीआई के जिला सचिव पवन कुमार सैनी, सहायक सचिव राम रतन एडवोकेट, चौधरी सुरत सिंह देशवाल एडवोकेट,एटक नेता सत्यनारायण,  जगदीश रंगा,आदि ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष, उनके विचारों, उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि डा0 भीम राव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। हमारा संविधान देश के तमाम नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, विचारों की अभिव्यक्ति, धर्म एवं उपासना की स्वतंत्रता और  शिक्षा व रोजगार के अवसर की समानता प्रदान करता है। वक्ताओं ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आज की सत्तासीन भाजपा - आर एस एस की सरकार बाबा साहब के संविधान को नष्ट करने पर तुली है और मेहनतकशों के अधिकारों पर ताबड़ तोड़ हमले कर रही है। वक्ताओं ने कहा कि आज बाबा साहब को याद करते हुए देश के संविधान ,लोकतंत्र एवं देश बचाने के लिए व्यापक आंदोलन तैयार करने के प्रयास करने का संकल्प दोहराने की आवश्यकता है।

# जगबीर आर्य अपने समर्थकों सहित वाहनों के काफिले के साथ रवाना हुए

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** की यमुनानगर में होने वाली रैली के लिए भाजपा किसाना मोर्चा के जिला जगबीर आर्य अपने समर्थकों सहित वाहनों के काफिले के साथ रवाना हुए। जगबीर आर्य ने काफिले को भाजपा का झंड़ा दिखाकर रवाना किया। वहीं कार्यकताओं व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता जगबीर आर्य ने कहा कि आज का दिन हरियाणा के लिए बहुत ही खुशी का दिन है। आज देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा वासियों को दो-दो जगहों से अनेकों सौंगात देने जा रहे हैं, जो आने वाले समय में प्रदेश वासियों के लिए वरदान साबित होंगी। यही वजह है कि केवल पार्टी के कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि ग्रामीण भी भारी संख्या में पीएम मोदी का स्वागत करने व उनके विचार सुनने के लिए भारी संख्या में समारोह में पहुंच रहे हैं। उन्होंने कार्यकताओं व ग्रामीणों से आह्वान किया की वो शांति एवं अनुशासन व्यवस्था बनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने प्रदेश का एक उदाहरण पेश करने का काम करें। इस अवसर पर सरपंच महेश त्यागी , राम कोशिक पूर्व मण्डल महामन्त्री,नवीन कौशिक सरपंच नन्हेड़ा , दलबीर रंगा सरपंच आदि मौजूद रहे।

# भगवान अग्रसेन के समाजवाद का सन्देश आज भी प्रासंगिकः गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** अग्रसेन धाम कुंडली में दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता एवं नगर निगम मेयर राजीव जैन का अग्रवाल समाज की तरफ से पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। दोनों नेताओं ने कुलदेवी माँ महालक्ष्मी जी के दरबार में माथा टेका और सर्व समाज के कल्याण की कामना की। मंच का कुशल संचालन धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि भगवान अग्रसेन के अहिंसा, समाजवाद एवं दीन दुखियों की मदद करने के सन्देश आज भी प्रासंगिक हैं और भाजपा सरकार उन्ही के सिद्धांतों को अपनाकर अन्तोदय की भावना से



काम कर रही है।  उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह धाम अग्रोहा के बाद सबसे प्रतिष्ठित धाम बनेगा जिसके दर्शन करके नागरिक भगवान अग्रसेन के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प ले सकेंगे।       मेयर ने कहा कि भाजपा सरकार ने महाराजा अग्रसेन के नाम से हिसार में एयरपोर्ट की सौगात देकर पूरे विश्व में उनके नाम को गुंजायमान किया है।  हरियाणा सरकार ने इंदिरा गाँधी मीरपुर विश्वविद्यालय में महाराजा अग्रसेन शोध केंद्र स्थापित करके ऐतिहासिक काम किया है और अब अग्रोहा के टीले की खुदाई से जो महाराजा अग्रसेन के इतिहास की जानकारी मिलेगी उससे शोध का विषय आगे बढ़ेगा।  इस अवसर पर नए बने ट्रस्टी अधिवक्ता सुरेश जैन, राकेश अग्रवाल, टिका राम मित्तल, अजय गर्ग अधिवक्ता, हरी प्रकाश मंगला, संजय सिंगला, सतबीर सिंगला, शिव कुमार गोयल, महावीर गोयल का भी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम में जैन संत विवेक मुनि, अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक नर्मदा शंकर के आशीर्वचन मिले तथा पूर्व विधायक महेंद्र गोयल, राजेंद्र अग्रवाल, दीपक मंगला, दया शंकर गुप्ता, अतुल सिंघल, अंकुर गोयल, मीतू बंसल, पवन गुप्ता, राजेश गुप्ता, अशोक गर्ग, रमेश बंसल आदि आदि सैंकड़ो भक्त उपस्थित रहे।

# संवैधानिक अधिकारों की रक्षा ही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**कांग्रेस रउ विभाग जिला** पानीपत की तरफ से लघु सचिवालय पानीपत में स्थापित संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित कर व लड्डू बांटकर  135वा जन्मदिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया । इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार, बलजीत सारसर, नरेंद्र भिवान,महिपाल सूबेदार व शौर्यवीर कादियान ने उनके



जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समतामूलक समाज की स्थापना की व गरीब, शोषित, वंचित समाज के अधिकारों की पैरवी करते हुए जातिव्यवस्था के खिलाफ लड़ाई लड़ी ओर संविधान के अंदर उनको हक दिलाने का काम किया। डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार ने बोलते हुये जोर देकर कहा कि समानता, सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा ही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धाजंलि होगी इस अवसर पर सुभाष बठला, अमित वाल्मीकि, राजबीर पोडिया, सुभाष गिल,सुलेख टांक, राजेन्द्र कंडेला, हरी सिंह पहलवान, प्रेम रंगा, नवीन चौहान, शमसेर वाल्मीकि, रामनिवास फौजी, लोकेश पवार, सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक संजीव झा को चुनना हमारी सबसे बडी भूल, सुधारेंगे गलती: सुनील

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के लोग विधायक संजीव झा की कामचोरी और निकम्मेपन की वजह से इतना तंग आ चुके है कि अब उनको यह लगने लगा है कि विधायक संजीव झा को पिछले चार बार से लगातार विधायक चुनना हमारे जीवन की सबसे बडी भूल थी, कि हर बार उनको ही चुनकर सत्ता की सीट पर आसीन किया, लेकिन जो गलती हो गई है उसको पुनः आने वाले विधानसभा चुनाव में हराकर गलती का सुधार किया जाएगा।

अगर हम बात करें बुराडी विधानसभा क्षेत्र की आबादी की तो यहां की आबादी लगभग दस से ग्यारह लाख है और वोटर्स की बात करें तो वह भी लगभग चार लाख के करीब है। बावजूद इसके पिछले 11 सालों से बुराडी विधानसभा क्षेत्र के लोग मुलभूत सुविधाओं सहित कई तरह की परेशानियों से जूझ रहे है और विधायक संजीव झा अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने में मस्त दिखाई दे रहे है। वैसे तो बुराडी विधानसभा क्षेत्र का इतिहास ऐतिहासिक काल से भी जुडा हुआ है लेकिन




विधायक संजीव झा की कामचोरी और निकम्मेपन ने बुराडी के इतिहास पर कामचोरी का कालिख पोतने में कतई भी कसर नहीं छोडी है।

**कागजों में चार बार बन चुकी है गलियां:** क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि बाबा कॉलोनी गली नंबर आठ में गली निर्माण के लिए चार बार टेंडर जारी किया जा चुका है और चार बार कागजों में गलियों का निर्माण किया जा चुका है, लेकिन जमीनी हकीकत की बात करें तो जब से संजीव झा विधायक बने है तब हमारी गली का निर्माण कागजों में ही होता आया है हकीकत में तो कभी बनाई ही नहीं गई है। लोगों ने कहा कि इतना ही नहीं हमारी कॉलोनी की नालियों में भी हमेशा गाद भरी रहती है जिसकी न तो सफाई की जाती है और न ही गाद निकाला जाता है जिसके चलते नालियां हमेशा ही ओवरफ्लों रहती है और नालियों का गंदा पानी घरें में घुस जाता है,






जिससे एक ओर तो गंदगी का माहौल बना हुआ है दूसरी ओर गंदगी से होने वाली बिमारियां भी फैलने का खतरा मंडराता रहता है। **सुनील कुमार दूबे, स्थानीय निवासी** ने कहा कि बाबा कॉलोनी वार्ड नंबर 6 बी ब्लॉक में लगभग आठ ऐसी गलियां है जो कि पिछले 11 सालों से कभी बनवाई ही नहीं गई है। क्षेत्र की केवल आठ गलियां है जिनको विधायक द्वारा अनदेखा किया गया है। इसके साथ ही दूबे ने कहा कि विधायक संजीव झा ने बाबा कॉलोनी में रहने वालों से सौतेला व्यवहार किया है। दूबे ने विधायक संजीव झा से सवाल करते हुए कहा है कि क्या उन गली वालों ने संजीव झा को वोट नहीं दिया है या फिर वह लोग उनके विधानसभा क्षेत्र में नहीं रहते है जिसके चलते उन्होंने लोगों से सौतेला व्यवहार किया है।

**अवध किशोर, स्थानीय निवासी** ने कहा कि पिछले 11 सालों से हमारी कॉलोनी के आस पास की सारी गलियां तो बनाई गई है लेकिन हर बार हमारी गलियां ही छोड दी जाती है, ऐसा लगता है जैसे विधायक संजीव झा हम गली वालो से कोई पूर्व जन्म का बदला ले रहे हो जिसके चलते वह हम गली वालो को अनदेखा कर रहे है। उन्होंने कहा कि हम गली वाले एकत्र होकर कई बार विधायक संजीव झा के कार्यालय पर भी जा चुके है, कई बार तो विधायक कार्यालय पर मिले ही नहीं और जब कभी मिले तो उन्होंने हर बार बस आश्वासन देकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला ही झाड लिया है, अब तंग आकर हम लोग अपनी बुरी किस्मत मान कर घर ही बैठ गए है। और विधायक से शिकायत करना ही बंद कर दिया है

**शशि देवी, स्थानीय निवासी** का कहना है कि विधायक क्षेत्र में केवल चुनाव में प्रचार करते समय नजर आते है और चुनाव जीत जाने के बाद वह कभी भी क्षेत्र में नजर नही आते है। विधायक संजीव झा के लिए हम क्षेत्रवासी किसी वोट बैंक से ज्यादा कुछ नहीं है, विधायक ने बाबा कॉलोनी वालों को केवल अपने वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है।

**अरविंद गौर, स्थानीय निवासी** ने कहा कि हम गली वाले अपनी समस्या को लेकर कई बार विधायक संजीव झा से मिले चुके है और उनको लिखित में शिकायत भी कर चुके।

**संजीव झा, विधायक, बुराडी विधानसभा क्षेत्र** मामले में विधायक संजीव झा ने अपना पल्ला इस कदर झाडते हुए कहा कि जैसे उनको कतई भी मालूम न हो कि उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र की कौन सी गली बनवाई है और कौन सी रह गई है। विधायक संजीव झा ने कहा कि जो गली रह गई है उसकों में किसी को भेजकर दिखवाता हूं।

# इस पार्क को दिल्ली के कनॉट प्लेस जैसा सुंदर पार्क बनाया जाएगा: शहरी विकास मंत्री आशीष सूद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के शिक्षा, ऊर्जा और शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने भारतीय संविधान के शिल्पकार, बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती के अवसर पर अपनी विधानसभा जनकपुरी के डाबरी गोल चक्कर पर स्थित बीआर अंबेडकर पार्क में बोद्ध समाज संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

सूद ने कहा कि मैं संघ का साधुवाद इसलिए भी करता हूं कि वह हर वर्ष बाबा साहेब की जयंती बनाते हैं। उन्हीं के कारण इस पार्क



का नाम बी आर अंबेडकर पार्क पड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि लेकिन आज जब हम इस पार्क की हालत देखते हैं तो इसकी दुर्दशा देखकर रोना आता है। जो लोग अंबेडकर जी का नाम लेकर, उनकी तस्वीर को अपने पीछे लगाकर, जो बाबा साहेब के अनुयायियों को ठग रहे थे उन्होंने इस पार्क को सुंदर बनाने के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि उन लोगों ने बाबा साहब के अनुयायियों के वोट तो लिए लेकिन बाबा साहब के विचारों को ऊपर करने में किसी ने ध्यान नहीं दिया।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि मैं बौद्ध समाज संघ को आज यह वचन देता हूं कि हम इस पार्क को दिल्ली के कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क की तर्ज पर सुंदर बनाएंगे। मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से आप सभी लोगों को यह आश्वासन भी देता हूं कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के पार्क को सुंदर बनाने में हम कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

# डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को कायम रखने के लिए कांग्रेस लगातार संघर्ष करती रहेगी: देवेंद्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ प्रदेश कार्यालय, राजीव भवन में भारतीय संविधान के निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर को उनकी 134वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

देवेंद्र यादव के अलावा डॉ. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख अन्य नेताओं में दिल्ली के पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ, मंगत राम सिंघल, डॉ. किरण वालिया, राजेंद्र पाल गौतम, भीष्म शर्मा, जतिन शर्मा, सिद्धार्थ राव,



संजय नीरज, दर्शना रामकुमार, जगजीवन शर्मा, डॉ. पी.के. मिश्रा, एडवोकेट सुनील कुमार, धर्मपाल चंदेला, सुरेन्द्र कुमार, हाजी इशराक खान, हाजी जरीफ, राज कुमार जैन, मोहम्मद उस्मान, हर्ष चौधरी, राजीव वर्मा, कमल अरोड़ा और जे.पी. पंवार, हाजी इशराक खान और हाजी जरीफ शामिल थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि डॉ. भीम राव अम्बेडकर सामाजिक न्याय और समानता के पक्षधर थे, उन्होंने दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के उत्थान के लिए अथक प्रयास किए और उन पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ लड़ाई लड़ी, उन्हें शिक्षा के माध्यम से जीवन की मुख्यधारा में लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर, जो भारतीय संविधान के निमार्ता थे, जिसे दुनिया भर में एक पवित्र दस्तावेज माना जाता है, ने संविधान में हाशिए पर पड़े लोगों के खिलाफ भेदभाव और अन्याय को मिटाने, उन्हें सम्मान और गरिमा के साथ जीवन में आगे बढ़ने के समान अवसर देने के प्रावधान किए।

# नरेला: फेडरेशन ऑफ नरेला ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: स्थानीय** समुदाय में एक बार फिर मानवता की मिसाल कायम हुई, जब नरेला में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी ने पीतमपुरा ब्लड बैंक के सहयोग से रविवार को किया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षा का संदेश दिया।

शिविर सुबह 9 बजे से शुरू हुआ और शाम 5 बजे तक चला। शिविर में आए रक्तदाताओं का उत्साह देखते ही बनता था। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक, हर वर्ग के लोगों ने इस नेक कार्य में हिस्सा लिया। शिविर में 232 यूनिट रक्त संग्रह का शानदार आंकड़ा हासिल किया गया। इस शिविर की खासियत रही फेडरेशन के अध्यक्ष जोगिंदर दहिया, जिन्होंने 112वीं बार रक्तदान कर नरेला क्षेत्र में इतिहास रच दिया।







दहिया इस क्षेत्र के पहले व्यक्ति हैं, जिन्होंने इतनी बार रक्तदान का कीर्तिमान स्थापित किया। इस उपलब्धि पर पीतमपुरा ब्लड बैंक की पदाधिकारी अनु देवी और संस्था के साथियों ने उन्हें सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया, साथ ही तालियों और फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा, रक्तदान के महत्व और इसके फायदों पर एक जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। यह रक्तदान शिविर न केवल एक सफल आयोजन रहा, बल्कि इसने समाज में एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा सके।

फेडरेशन के अध्यक्ष जोगिंदर दहिया ने बताया, "हमारा उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करना और लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था।

इस शिविर में 232 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो अस्पतालों में मरीजों के लिए वरदान साबित होगा।

फेडरेशन के कोषाध्यक्ष धनंजय सिंह ने बताया, "हमारी संस्था पिछले 15 वर्षों से रक्तदान शिविर आयोजित कर रही है, जिसमें पुरुषों के साथ महिलाएं भी बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं। हमारा मकसद गरीबों को मुफ्त रक्त उपलब्ध कराना है, इसी उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किए जाते हैं। रक्तदान शिविर में मनोज अग्रवाल, सुनीता यादव, रणबीर कुमार, डॉ.शीशपाल, विजेंद्र अंतिल,सरोज वशिष्ठ, संतोष तुषीर, ममता, राजकुमार अरोड़ा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा मंत्री से हुई जीएसटीए महासचिव की मुलाकात

**टीम एक्श इडिया**

**नई दिल्ली:** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ (दिल्ली) के महामंत्री अजय वीर यादव ने दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद से शिष्टाचार भेंट की और समस्त शिक्षक समाज की ओर से उन्हें अम्बेडकर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की। अजय वीर यादव ने इस अवसर पर कहा कि "आज का दिन केवल एक श्रद्धांजलि का नहीं, बल्कि आत्ममंथन और संकल्प का दिन है।" उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार, आधुनिक भारत राष्ट्र



के निमार्ता, शोषित-पीड़ित मानवता के मसीहा, नारी मुक्तिदाता, विश्व ज्ञानदीपक, 'सिंबल ऑफ नॉलेज', 'चैंपियन ऑफ सोशल जस्टिस', भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें जो संदेश दिया कि "शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित रहो" वह आज भी प्रत्येक शिक्षक के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

# नेशनल स्ट्रीट वेंडर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने सागर यादव

**टी एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के आईटीओ स्थित गांधी पीस फाउंडेशन में नेशनल स्ट्रीट वेंडर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की तरफ से वरिष्ठ निर्वाचन अधिकारी तथा समाजसेवी अनिल प्रधान के तत्वावधान में राष्ट्रीय कार्य समिति का निर्वाचन सम्पन्न हुआ।

जिसकी घोषणा निर्वाचन अधिकारी ने की। दिल्ली के जुझारू वेन्डर लीडर सागर यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसी क्रम में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक पाण्डे (छत्तीसगढ़), राष्ट्रीय महामंत्री अभिषेक निगम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार प्रीतम सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गोपाल सिंग लोधी, मध्य प्रदेश,मुख्य संयोजक अनवर सिराहटी (कर्नाटक), राष्ट्रीय मार्गदर्शक महेष्वर बल (ओडिशा) राष्ट्रीय कार्यकारी







महामंत्री साही आदिल (झारखंड), राष्ट्रीय उपमंत्री सतीश गौड़ (तेलेंगाना), राष्ट्रीय उपमंत्री अक्षिता सौलंकी (गुजरात) और साथ ही अन्य पदाधिकारी भी निर्वाचित हुए। सभी निर्वाचित पदाधिकारियो को निर्वाचन प्रमाणपत्र, अंगवस्त्र, गुलदस्ता और मोतियों की माला पहना कर स्वागत किया गया। सभा का संचालन रक्षपाल सिंह ने किया। सर्व प्रथम मंचासीन अतिथियो द्वारा महात्मा गांधी जी के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन कर सभा प्रारम्भ हुई। सभी पदाधिकारीयो ने संगठन को मजबूत करने के लिये स्ट्रीट वेंडर एक्ट-2014 को सही ढंग से लागू करने के लिये आह्वान किया। अंत मे वंदे मातरम गीत के बाद सभी को धन्यवाद देने के बाद सभा समाप्ति की घोषणा की गई। इस मौके पर बहुताय की संख्या में गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# नरेला विधानसभा क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई विशाल ध्वजा यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली** के नरेला में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य और विशाल ध्वजा यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन बजरंग सेवा संकीर्तन मंडल द्वारा चौथी बार आयोजित किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह ध्वजा यात्रा नरेला के रामकुटीर मंदिर से शुरू होकर बांकनेर दादा माईवाला मंदिर तक पहुंची, जिसमें भक्तों का जोश और भक्ति देखते ही बनता था। ध्वजयात्रा का शुभारंभ सुबह 10 बजे बवाना रोड स्थित रामकुटीर मंदिर से वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर मंदिर को रंग-बिरंगी झालरों और फूलों से सजाया गया था। मुख्य पुजारी और आयोजक समिति के सदस्यों ने हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष विशेष आरती की और ध्वजा को विधिवत रूप से यात्रा के लिए रवाना किया। यात्रा शुरू होने से पहले भक्तों ने "जय राम" और "जय हनुमान" के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यह विशाल ध्वजा यात्रा नरेला के प्रमुख मार्गों से होकर





गुजरी, जिसमें मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, पुरानी अनाज मंडी, मंगला चौक, लामपूर मोड़, अंडर पास बांकनेर गांव और आसपास के रिहायशी इलाके शामिल थे। यात्रा में सैकड़ों भक्तों ने भगवा ध्वजा थामे हुए हिस्सा लिया, जबकि कई भक्तों ने हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते हुए यात्रा को और पवित्र बनाया। यात्रा में शामिल 10 रथ, जिस पर राधा कृष्ण, हनुमान, शंकर पार्वती, हनुमान जी और भगवान राम की आकर्षक झांकियां सजाई गई थीं, ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। ढोल-नगाड़ों, शंखनाद, और भक्ति भजनों की मधुर धुनों के साथ यात्रा का माहौल उत्साहपूर्ण रहा। युवा, बच्चे, महिलाएं, और बुजुर्ग सभी इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए, जिसने नरेला की सड़कों को भगवा रंग में रंग दिया। आयोजक समिति ने भी स्वयंसेवकों की टीम बनाई थी, जो यात्रा के सुचारू संचालन में सहयोग कर रही थी। यात्रा के दौरान आयोजकों ने भक्तों को सामाजिक एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कई स्थानों पर जल और शरबत वितरण की व्यवस्था की गई थी। यात्रा के दौरान जगह-जगह पर सामाजिक धार्मिक संस्थाओं व स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के समापन पर बांकनेर दादा माईवाला मंदिर के प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बजरंग संकीर्तन मंडल अध्यक्ष राहुल प्रजापति ने सभी भक्तों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और अगले वर्ष और भव्य आयोजन का संकल्प लिया और उन्होंने कहा कि नरेला में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली गई इस विशाल ध्वजा यात्रा ने न केवल धार्मिक उत्साह को बढ़ाया, बल्कि सामुदायिक एकता को भी मजबूत किया। रोहित प्रजापति ने कहा कि इस तरह के आयोजन से नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है। हनुमान जी की कृपा से यह आयोजन पूरी तरह सफल रहा और सभी के लिए अविस्मरणीय बन गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथियों के रूप में उत्तर पश्चिम लोकसभा सांसद योगेंद्र चंदोलिया, नरेला विधायक राजकरण खत्री, शनि धाम पीठाधीश्वर 1008 महामंडलेश्वर परमहंस दाती महाराज, सालासर धाम राजस्थान से महंत किशोर आनंद तीर्थ महाराज, अखिल भारतीय संत समिति राष्ट्र सह प्रभारी धर्म समाज से स्वामी नवीन महाराज का संस्था पदाधिकारियो ने पटका पहनाकर पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया। ध्वजा यात्रा में अजीत प्रजापति, भगवान प्रजापति, नरेश, अशोक खत्री, राजेश खत्री, डॉ.संजय सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# यूपी में डॉ. आंबेडकर के नाम पर होगा जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम : मुख्यमंत्री

## योगी आदित्यनाथ ने हजरतगंज स्थित डा. आंबेडकर की प्रतिमा पर किए पुष्प अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की कि उत्तर प्रदेश में जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर होगा। इस कार्यक्रम को इसी महीने आगे बढ़ाने जा रहे हैं। हर गरीब-वंचित को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से प्रदेश सरकार ने जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम को अपने हाथ में लिया है। जीरो पॉवर्टी का मतलब कोई गरीब-वंचित न रह पाए। उन्होंने यह बात भारत रत्न डॉ. आम्बेडकर की 134वीं जयंती पर सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने हजरतगंज



स्थित डा. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने आंबेडकर महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि यूपी देश का पहला राज्य है जो जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाएगा। पहले चरण में 14-15 लाख परिवारों को जोड़ेंगे। हर ग्राम पंचायत में 20-25 ऐसे परिवार होंगे, जिन्हें बहुत सारी सुविधाएं नहीं मिली होंगी वर्ष 1946 में संविधान सभा का गठन

**पुष्पांजलि**

**तमन्ना के भाव के कारण उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड जाने की इच्छा व्यक्त की।**

हुआ। पहली संगठित सरकार के न्याय मंत्री और संविधान समिति के ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में डॉ. आम्बेडकर को कार्य करने का अवसर मिला। भारत का संविधान आज भी प्रत्येक नागरिकों को जोड़ने का सामर्थ्य रखता है। जो लोग भारत की एकता के पक्षध? नहीं थे, वे हंसते थे कि भारत स्वतंत्र तो हो रहा है पर एकजुट नहीं रह पाएगा। उनकी मंशा धरी की धरी रह गई। उत्तर से दक्षिण व पूरब से पश्चिम तक 140 करोड़ लोग एकता के सूत्र में बंधे हैं। संविधान के कारण भारत ने सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में आज भी अपनी धाक जमाई है। उन्होंने डा. आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 1891 में मध्य प्रदेश के महू में उनका जन्म हुआ। विलक्षण बुद्धि और कुछ करने की तमन्ना के भाव के कारण उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड जाने की इच्छा व्यक्त की।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**फिरोजाबादः थाना** रसूलपुर क्षेत्र अन्तर्गत रविवार देर रात सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी घायल है। पुलिस ने सोमवार को शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द किया है। घटना थाना रसूलपुर क्षेत्र के आसफाबाद फाटक स्थित फतेहाबाद रोड की है। यहां किसी अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रविवार की देर रात टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस तत्काल घायल को सरकारी ट्रामा सेंटर की इमरजेंसी लेकर आई। जहां उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया है।



वहीं पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई। पुलिस ने मृतक की पहचान पुष्पेंद्र राठौर पुत्र मुकेश राठौर व घायल की पहचान विशाल पुत्र मुकेश कुमार के रूप में की है। दोनों राठौर नगर आसफाबाद के रहने वाले है। पुलिस ने सोमवार को मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द किया है।इस सम्बंध में थाना प्रभारी रसूलपुर का कहना है हादसे में एक युवक की मौत हुई है। जबकि दूसरा घायल है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी। वहीं सोमवार को अस्पताल पहुंचकर महापौर कामिनी राठौर, विधायक मनीष असीजा ने भी मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया है। उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर हर संभव मदद का भरोसा दिया है। वहीं घायल के समुचित उपचार हेतु सीएमएस डॉ नवीन जैन को निर्देश दिए है।

## संक्षिप्त खबरें

### विलक्षण क्षमता और प्रतिभा के धनी थे बाबा साहेब आंबेडकर : मनोज

**लखनऊः भारत** रत्न डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को जियामऊ स्थित विश्व संवाद केन्द्र में बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कृतज्ञतापूर्वक उन्हें नमन किया। सामाजिक समरसता गतिविधि की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख मनोज ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर विलक्षण क्षमता और प्रतिभा के धनी थे। उन्हें अधिकांश लोग केवल संविधान निमार्ता के रूप में जानते हैं। बाबा साहेब ने वंचित समाज को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। अनेक प्रलोभनों के बावजूद उन्होंने ईसाई व इस्लाम नहीं अपनाया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक प्रमुख यशोदानंदन ने कहा कि संघ के वरिष्ठ प्रचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी से बाबा साहब का बहुत ही घनिष्ठ संबंध था। बाबा साहेब के चुनाव में दत्तोपंत ने काम किया था। संघ के प्रति बाबा साहेब निष्ठा रखते थे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सामाजिक समरसता गतिविधि के माध्यम से देशभर में अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर विश्व संवाद केन्द्र के कार्यालय प्रमुख सनी सिंह, सह नगर संघचालक विजय विश्वकर्मा, सह नगर कार्यवाह शशिकांत, नगर बौद्धिक प्रमुख अवधेश पाण्डेय एडवोकेट, नगर सम्पर्क प्रमुख डा. मदन मोहन मिश्रा, सायं कार्यवाह अर्जुन, शाखा कार्यवाह डा. उमेश कुमार राय, आशीष कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, सुधांश एडवोकेट व विकास पाठक एडवोकेट प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### प्रयागराज में अलग-अलग स्थान पर हुए सड़क हादसे में दो की मौत, एक घायल

**प्रयागराजः करछना** थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटना में एक बच्चे समेत दो लोगों की जान चली गई। जबकि एक ट्रक चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि करछना थाना क्षेत्र में धरवारा गांव के समीप सोमवार भोर में दो ट्रकों के बीच आमने-सामने अचानक भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ट्रक चालक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरे ट्रक का चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल चालक को उपचार के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। हादसे मे प्रयागराज जनपद के मऊआइमा थाना व कस्बा निवासी सद्दाम हुसैन 38 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर परिवार को सूचना दिया और शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है। दूसरी घटना करछना थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक ई-रिक्शा पलटने से छत्तीसगढ़ के विलासपुर जनपद के मस्तुरी थाना क्षेत्र के रौड़की गांव निवासी रुद्र सोनवानी 6 वर्ष पुत्र अभिमन्यु सोनवानी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश घायल

**लखनऊः मोहनलालगंज** थाना क्षेत्र में रविवार देर रात को पुलिस ने मुठभेड़ में दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस को दो अवैध तमंचा,कारतूस और मोटर साइकिल बरामद हुई है। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने सोमवार को बताया कि मोहनलालगंज पुलिस पूरनपुर में चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि, सीतापुर निवासी रामचंद्र उर्फ छोटू व कमलेश किसी घटना को कारित करने के लिए किसान पथ से पूरनपुर की ओर जा रहे हैं। इन लोगों ने पूर्व में भी ग्राम भैदुआ में चोरी का प्रयास किया था। सूचना का तत्काल संज्ञान लेकर पुलिस टीम कस्तूरबा के पास पहुंची, तभी एक मोटर साइकिल आती दिखी और पुलिस ने उन्हें रुकने को कहा। इस पर बदमाश बाइक रोकने की बजाए दाहिनी तरफ भागने लगे। पीछा करने पर अभियुक्तों ने पुलिस टीम फायर कर दिया। अपना बचाव करते हुए पुलिस टीम पर बदमाशों ने फायर किया, जिससे दोनों अभियुक्तों के पैरों में गोली लगी। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर इलाज के लिए पीजीआई ट्रामा सेन्टर भेजा गया।

## डॉ. अंबेडकर जयंती पर जनपद जालौन को मिली 36 नई एम्बुलेंस

**जालौनः भारत** रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर सोमवार को जनपद में एक महत्वपूर्ण जनसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न जनप्रतिनिधियों समेत मंडलायुक्त और प्रशासनिक अधिकारियों ने एक साथ मिलकर जनहित में एक बड़ी पहल की। विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक के प्रतिनिधि अरविंद चौहान की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर से 102/108 निःशुल्क सेवा की शासन से उपलब्ध 36 नई एम्बुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# गाजियाबाद में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की धूम, जगह–जगह भंडारे व गोष्ठी आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबादः भारत रत्न डॉ.** भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे जिले में हर्षोल्लास व श्रद्धापूर्वक मनाई जा रही है। इस मौके पर जगह-जगह भंडारे लगाए जा रहे हैं वहीं राजनीतिक दलों के नेताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा "आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर



जयंती के पावन अवसर पर हम सभी उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं। उन्होंने न केवल भारतीय संविधान के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र के मूल्यों को भी सशक्त आधार प्रदान किया। डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, संकल्प और समर्पण की प्रेरणा है। उनके विचार आज भी हमारे मार्गदर्शक हैं। भाजपा उनकी सोच को आत्मसात करते हुए समावेशी समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है, जहाँ हर व्यक्ति को समान अवसर मिले।

पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा "डॉ. भीमराव अंबेडकर जी न केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार थे, बल्कि करोड़ों शोषितों, वंचितों और पीड़ितों की आवाज भी थे।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया। महानगर कांग्रेस कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गई साथ ही डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर पूर्व मंत्री सतीश शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी, विजेंद्र यादव, सुशांत गोयल,शिक्षाविद्ध जेके गौड़, अख्तर चौधरी,सईद चौधरी समेत तमाम कांग्रेसी उपस्थित थे। जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस के अध्यक्ष सतीश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई तथा डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय चौधरी चरण सिंह पार्क, मेरठ तिराहा, मेरठ रोड गाजियाबाद पर भारत रत्न,संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर सदस्यता अभियान का शुभारम्भ किया गया ।

# आंबेडकर जयंती पर निकाली गई रैली, जनप्रतिनिधियों ने की पुष्प वर्षा

**टीम एक्शन इंडिया**

**बांदाः भारत** रत्न से सम्मानित संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कचहरी स्थित डॉ. बी.आर. आंबेडकर पार्क से रैली की शुरूआत हुई, जिसमें हजारों की संख्या में वाहन सवार शामिल हुए। रैली का नेतृत्व बहुजन सेवा संघ के जे.पी. सिंह, अध्यापक जितेंद्र उर्फ जीतू, राज सिंह, नरपत सिंह, राममिलन वर्मा, वृंदावन व अरविंद उर्फ छोटू वर्मा ने किया। नगर भ्रमण के दौरान रैली ने बाबूलाल चौराहा, खूंटी चौराहा, जिला परिषद चौराहा, मर्दन नाका, महेश्वरी देवी चौक, बाकरगंज, स्टेशन रोड, दिल्ली बाजार, कंचन पूरवा, स्वराज कॉलोनी, पुलिस लाइन और महाराणा प्रताप चौराहा सहित विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए नगरवासियों को बाबा साहेब के विचारों से अवगत कराया। महाराणा प्रताप चौराहा पर रैली का सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मालती गुप्ता, नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू राजपूत, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, अमित सेठ भोलू सहित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने गुलाब की पंखुड़ियों से रैली में शामिल लोगों का सम्मान व स्वागत किया। भीषण गर्मी को देखते हुए जगह-जगह पर जलपान, बिस्किट, शरबत और ठंडा पानी वितरित किया गया। बिजली खेड़ा में अधिकारी संघ के पदाधिकारियों ने शरबत, फल, पेठा और ठंडा पानी वितरित कर रैली में शामिल लोगों का स्वागत किया। वहीं श्रेया कलेक्शन की ओर से लड्डू और फल वितरण किया। गायत्री नगर तिराहा, मर्दन नाका और महर्षि देवी चौक पर भी समाजसेवियों द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई। राहुल वर्मा और श्याम बाबू टेलर मास्टर ने पेठा एवं ठंडा पानी, जबकि राजन स्पॉट ने बिस्किट एवं शीतल जल वितरित किया गया।

## देवरिया में टैंकर की टक्कर से 31 बस यात्री घायल

**देवरियाः उत्तर प्रदेश** के जनपद देवरिया में सोमवार दोपहर को परिवहन विभाग की बस और टैंकर में टक्कर हो गई। हादसे में 31 लोग घायल हो गए, जिनमें एक यात्री की हालत नाजुक होने पर इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि देवरिया डिपो की एक बस सवारियों को लेकर गोरखपुर से देवरिया आ रही थी। बैतालपुर कस्बे के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने बस में टक्कर मार दी। बस में सवार लगभग 31 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहत बचाव करते हुए घायलों को देवरिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

# 'समानता को समर्पित रहा आंबेडकर हेडगेवार का जीवन : डॉ. भागवत



**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुरः राष्ट्रीय** स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि आज देश डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मना रहा है और आज ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर प्रांत कार्यालय केशव भवन का प्रवेश उत्सव भी मनाया जा रहा है। ऐसा इसलिए कि डॉ. आंबेडकर और संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का पूरा जीवन हिंदू समाज की एकता एवं समानता के लिए समर्पित रहा। यह अलग बात है डॉ. आंबेडकर ने अंतिम दिनों में बौद्ध धर्म अपना लिया था, लेकिन एकता समानता एवं बंधुत्व से कभी विमुख नहीं हुए। संघ प्रमुख सोमवार को कानपुर में संघ के प्रांत कार्यालय के लोकार्पण के दौरान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। पांच दिवसीय कानपुर प्रवास पर आए सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि संघ स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के विचार धारा पर काम कर रहा है और इसी विचारधारा पर डॉ. भीमराव आंबेडकर भी कार्यरत रहे। एक बार डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि यह विचार हमने फ्रांसीसी क्रांति से नहीं लिया, बल्कि यह बुद्ध के विचार से अपनाया गया है।

विषमता को जड़ से उखाड़ देने के रूप में बाइक के अगर बाबा साहब पैडल किक थे तो संघ भी स्टार्टर है। संघ एक जीवन व वातावरण है, संघ का काम सबको जोड़ने का है। डॉ. आंबेडकर ने जो कार्य किया था, उसकार्य को ही संघ कर रहा है। उन्होंने कहा कि संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपना पूरा जीवन समाज के लिए लगा दिया। दोनों हिंदू समाज में एकता व समानता के लिए प्रयासरत रहें। दोनों का काम एक ही था। बस अंतर यह था कि दोनों ने अलग-अलग इस कार्य को शुरू किया। एक बार 1934 में डॉ. आंबेडकर संघ की शाखा में गए। वहां उन्होंने कहा था कि कुछ बातों में मतभेद हैं, इसके बावजूद संघ को अपनत्व के भाव से देखता हूं।

# आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने बाबा साहेब की जयंती मनाई

**जयंती मनाई**

**इको गार्डन धरना स्थल पर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी जयंती मनाई**

**टीम एक्शन लखनऊ**

69 हजार शिक्षक भर्ती के अंतर्गत नौकरी की मांग कर रहे आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने सोमवार को इको गार्डन धरना स्थल पर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी जयंती मनाई। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का धरना लगातार इको गार्डन में



जारी है। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा कि हम सभी अभ्यर्थी बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रेरणा से लोकतांत्रिक तरीके से अपना धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। हमें पूरी उम्मीद है कि जल्द ही न्याय मिलेगा। हमारी मांग है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता भेज कर हमारे पक्ष में मामले की सुनवाई करा कर जल्द निस्तारित कराये। क्योंकि हम आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी हाई कोर्ट से इस प्रकरण को जीत चुके हैं।

सरकार की लापरवाही के कारण ही यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट में डेट लगती है लेकिन सुनवाई नहीं होती, जिस कारण सें अभ्यर्थी बहुत परेशान।

धरना स्थल पर भोला नाथ अम्बेडकर, मनोज यादव, आनंद, अजय कुमार और वरुण आदि लोग मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। बता दें कि 69000 शिक्षक भर्ती मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रहीं हैं। इन अभ्यर्थियों की मांग है कि सरकार उनके पक्ष में सुनवाई कराते हुए मामले का जल्द निस्तारण कराये।

# दलित-गरीबों के उत्थान की मिसाल बनी योगी सरकार की योजनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः योगी** सरकार की दलित उत्थान से संबंधित योजनाएं सामाजिक न्याय के आदर्शों को साकार करती दिख रही हैं। बीते आठ सालों में योगी सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम प्रदेश में दलित सशक्तीकरण की नई इबारत लिखी है। योगी सरकार ने बाबा साहब के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के मंत्र को धरातल पर उतारने का संकल्प लेते हुए प्रदेश के समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 100 सर्वोदय विद्यालयों की स्थापना की है, जिसमें अनुसूचित जाति के लिए 60 प्रतिशत व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित

**इबारत**

**योगी सरकार योजनाओं के माध्यम प्रदेश में दलित सशक्तीकरण की नई इबारत लिखी है**

की हैं। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इन विद्यालयों में 2.65 लाख बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। छात्रों को यूनिफॉर्म, किताबें, स्टेशनरी और टैबलेट जैसी सुविधाएं भी दी जा रही हैं, जिससे शिक्षा का स्तर सुधरा है और नामांकन दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। योगी सरकार ने मीरजापुर के मड़िहान में



संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय (बालिका) विद्यालय में जेईई और नीट के लिए लिए सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना की है। इसके अलावा योगी सरकार अनुसूचित जनजाति के बच्चों को कक्षा 6 से 12 तक गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान किए जाने के उद्देश्य से एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय संचालित कर रही है। बीते आठ वर्षों में योगी सरकार ने अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए भी शिक्षा को लेकर प्रतिबद्धता दिखाई है। इनके लिए अनुसूचित जाति पूर्वदशम के 33,38,180 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति से लाभांवित किया गया है। वहीं दशमोत्तर के लिए 88,61,997 लाभार्थियों को योगी सरकार ने छात्रवृत्ति योजना के तहत लाभ प्रदान किया है। वित्त वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लिए 968 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। पिछड़ा वर्ग पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत 2825 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

**दलितों एवं वंचितों के लिए मूलभूत सुविधाओं में हुआ विस्तारः** 2017 से सत्ता में आने के बाद योगी सरकार ने जनजाति कल्याण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया। पीएम-जनमन के अंतर्गत पीवीटीजी को शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, पक्के मकान, सड़के, पेयजल, दूरसंचार, सोलर लाईट आदि मूलभूत सुविधाएं मौहैया कराई जा रही है।

प्रदेश की बुक्सा जनजाति के सबी 815 परिवारों को योजना से लाभा देकर उनकी सामाजिक सुरक्षा और विकास सुनिश्चित किया है। साथ ही 42 वनग्राम को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित कर उनका विकास किया गया है।

# हर व्यक्ति के विकास से ही राष्ट्र का उत्थान संभव : मंडलायुक्त

## जिले में शिक्षा, समानता और समर्पण के प्रतीक बाबा साहेब को याद कर जगह-जगह हुए कार्यक्रम

**टीम एक्शन मिंडिया**

**मीरजापुरः भारतीय** लोकतंत्र की नींव रखने वाले, संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर सोमवार को जिले में उत्सव जैसा माहौल रहा। कई जगहों पर पुष्पांजलि कार्यक्रमों हुए, वहीं सरकारी कार्यालयों से लेकर ग्राम पंचायतों तक बाबा साहेब के विचारों की गूंज सुनाई दी। मंडलायुक्त कार्यालय में मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि हर व्यक्ति के विकास से ही राष्ट्र का उत्थान संभव है। उन्होंने आंबेडकर के जीवन संघर्ष और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। विकास भवन सभागार में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें मंडलायुक्त के साथ सहकारिता चेयरमैन जगदीश सिंह पटेल, प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट परिसर में भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की खास बात रही कि लोकगायकों ने सोहर और जागरूकता गीत गए।

# आज यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट : योगी आदित्यनाथ

**फिक्की ने निवेशकों के लिए सकारात्मक माहौल और ईकोसिस्टम बनाने में सरकार का साथ दिया, उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता व श्रम बाजार: सीएम**

**सराहनीय**

● जो उत्तर प्रदेश कभी अपने कर्मचारियों को वेतन देने की भी स्थिति में नहीं था, आज वह रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन गया




**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा राज्य और उपभोक्ता व श्रम बाजार, उद्यमियों का स्वागत करता है। उन्होंने इस अवसर को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आज भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती है। मुख्यमंत्री ने फिक्की को उत्तर प्रदेश के विकास में एक महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए कहा कि इस संगठन ने निवेशकों के लिए सकारात्मक माहौल और ईकोसिस्टम बनाने में सरकार का साथ दिया है। विशेष रूप से, इन्वेस्टर समिट 2018 और 2023 को सफल बनाने में फिक्की का योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि जो उत्तर प्रदेश कभी अपने कर्मचारियों को वेतन देने की भी स्थिति में नहीं था, आज वह रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है।

**लंबे समय तक बीमारू राज्य रहा है यूपीः** मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भारत की जनसंख्या के हिसाब से सबसे बड़ा राज्य है, फिर भी यह लंबे समय तक 'बीमारू' राज्य के रूप में जाना जाता था। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता के समय उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के बराबर थी, लेकिन धीरे-धीरे यह घटकर एक तिहाई रह गई। हालांकि, पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसे देश और दुनिया ने देखा है। नीति निर्माण में फिक्की जैसे संगठनों का सहयोग इस बदलाव का एक प्रमुख कारण रहा है।

**आज देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बन चुका है यूपी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू नहीं, बल्कि देश की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। यह भारत का ग्रोथ इंजन बन चुका है और देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। राज्य ने अपनी सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) और प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने वित्तीय चुनौतियों का जिक्र करते हुए बताया कि 2017 में सरकार बनने के बाद किसानों की कर्ज माफी जैसे प्रस्तावों के लिए धन की कमी थी। उस समय बैंकों का सहयोग नहीं मिलता था और कर्मचारियों के वेतन के लिए भी संसाधन नहीं थे। लेकिन, सरकार ने बजट में 36 हजार करोड़ रुपये की रिसाव (लिकेज) को चिह्नित कर उसे समाप्त किया, जिससे आज उत्तर प्रदेश राजस्व अधिशेष (रेवेन्यू सरप्लस) वाला राज्य बन गया है।

**प्रदेश में कानून का शासन स्थापित है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में अराजकता, गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार के कारण लोग अपनी पहचान छिपाने को मजबूर थे। उन्होंने महाकुंभ के उदाहरण से समझाया कि 2017 से पहले कुंभ में गंदगी और अव्यवस्था थी, लेकिन इस बार स्वच्छता और सुव्यवस्था ने सबका ध्यान खींचा। आज पूरे राज्य में कानून का शासन (रूल ऑफ लॉ) स्थापित है। अनावश्यक लाउडस्पीकरों को हटाया गया, सड़कों पर धार्मिक आयोजन को नियंत्रित किया गया और बेटियों व व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। पुलिस भर्तियों में पारदर्शिता लाई गई और 60 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण देकर नियुक्त किया गया।

## किसानों और उद्योगों के लिए किये गये सुधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए कई कदम उठाए हैं। उत्तर प्रदेश में 122 चीनी मिलें संचालित हो रही हैं और गन्ना किसानों का बकाया अब 3 से 7 दिनों में भुगतान किया जा रहा है। पिछले आठ वर्षों में डीबीटी के माध्यम से गन्ना मूल्य का भुगतान सीधे किसानों के खातों में किया गया है। उद्योगों के लिए भी सरकार ने निवेश माहौल को बेहतर बनाया। 2017 में जब सैमसंग और टीसीएस जैसी कंपनियां उत्तर प्रदेश छोड़ने को तैयार थीं, तब सरकार ने उन्हें विश्वास दिलाया और आज तो 15 लाख करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतर चुका है।

**निवेश और औद्योगिक विकास के लिए बनाई गई पॉलिसीज**

मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 33 सेक्टोरियल नीतियों और निवेश मित्र पोर्टल के जरिए 500 से अधिक मंजूरियां सिंगल विंडो सिस्टम से दी जा रही हैं।

## बाबा साहब ने भारत को अपमानित नहीं होने दिया: योगी



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की कि उत्तर प्रदेश में जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर होगा। यह कार्यक्रम इसी महीने आगे बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर गरीब-वंचित को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के लिए पीएम मोदी की प्रेरणा से सरकार ने जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम को अपने हाथ में लिया है। जीरो पॉवर्टी का मतलब कोई गरीब-वंचित न रह पाए। वह सभी प्रकार की सुविधाओं से युक्त हो। पिछले 8 वर्ष में मुसहर, थारू, वनटांगिया, कोल, बुक्सा, चेरो, गोड़, सहरिया को पूरी तरह से सेचुरेट करने का कार्य किया गया। हर जरुरतमंद को सुविधाओं का लाभ दिलाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर अंबेडकर महासभा की तरफ से सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में अपनी बातें रखीं। मुख्यमंत्री ने स्मारिका का भी विमोचन किया।

यूपी देश का पहला राज्य, जो जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में 14-15 लाख परिवारों को जोड़ेंगे। हर ग्राम पंचायत में 20-25 ऐसे परिवार होंगे, जिन्हें बहुत सारी सुविधाएं नहीं मिली होंगी। डबल इंजन सरकार उन्हें वह सुविधा उपलब्ध कराएगी। सीएम ने कहा कि यह योजना इसलिए बाबा साहेब के नाम पर जानी जाएगी, क्योंकि देश में शैक्षणिक, सामाजिक व आर्थिक रूप से समुन्नत करने का दर्शन उन्होंने ही दिया था। यूपी देश का पहला राज्य होगा, जो जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाएगा।

**प्रेरणास्त्रोत**

● अन्याय-अत्याचार व भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने से ही बाबा साहेब के सच्चे अनुयायी कहलाएंगेः मुख्यमंत्री

● संविधान के कारण भारत ने सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में आज भी जमाई है धाक

**वंचितों-दलितों को अधिकार दिलाना ही बाबा साहेब का संकल्प**

सीएम योगी ने कहा कि 1891 में मध्य प्रदेश के महू में उनका जन्म हुआ। विलक्षण बुद्धि और कुछ करने की तमन्ना के भाव के कारण उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड की तरफ प्रस्थान का निश्चय किया। महाराजा बडोदरा ने छात्रवृत्ति दी, जिस पर वे वहां गए और दुनिया की उच्चतम शिक्षा की डिग्री हासिल कर वापस भारत आए।

## 35 प्रतिशत वेस्ट वाटर यूज कर रहा है गाजियाबाद नगर निगम

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम जहां ट्रिपल आर (रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल) पर बेहतर कार्य कर रहा है। वहीं वाटर वेस्ट मैनेजमेंट में भी प्रशंसनीय कार्य कर रहा है जिसके लिए अवसान और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गाजियाबाद नगर निगम की प्रशंसा की गई है । सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड के अंतर्गत 40 एमएलडी के टीएसटीपी प्रोजेक्ट को सराहा गया, तथा वाटर यूज प्रणाली की प्रशंसा की गई, गाजियाबाद शहर वासियों ने नगर आयुक्त तथा जलकल विभाग अधिकारियों को शुभकामनाएं दी' नगर आयुक्त ने बताया कि ऑनलाइन ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड, टीएसटीपी 40 एमएलडी प्लांट संचालन के कार्यों को ट्वीट भी किया गया है, जिस पर लगभग हजारों शहर वासियों ने गाजियाबाद नगर निगम की वेस्ट वाटर मैनेजमेंट प्रणाली को सराहा है, गाइडलाइन के अनुसार वेस्ट वाटर का लगभग 35प्रतिशत गाजियाबाद नगर निगम जन हित मे री यूज कर रहा है।

## अखिलेश ने लखनऊ में मनाई बाबा साहेब की जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती के सोमवार को पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाई समाजवादी पार्टी (सपा) ने भी बाबा साहेब की जयंती सभी जिलों में मनाई। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद अखिलेश यादव ने लखनऊ में अटल चौक स्थित डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। वहीं प्रदेश के सपा कार्यालयों और जगह जगह बाबा साहेब को याद किया गया।

सपा अध्यक्ष ने अखिलेश यादव ने देश और प्रदेश वासियों को डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती की बधाई दी। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज के दिन जब बाबा साहेब को हम लोग याद कर रहे हैं तो यह संकल्प लें कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए हम लोग काम करेंगे। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को नहीं मानते हैं। गोरखपुर में समाजवादी पार्टी के बेतियाहाता स्थित कार्यालय पर बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में मनाई गई। पार्टी नेताओं व कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। उन्होंने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम ने कहा कि बाबा साहेब ने स्वाभिमान स्वमान कार्यक्रम 8 अप्रैल से ही सभी विधानसभा क्षेत्रों में चल रहा है।



**नमन किया**

● अखिलेश यादव ने लखनऊ में अटल चौक स्थित डॉ.भीमराव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया

## वक्फ कानून का उद्देश्य गरीब मुसलमानों को सशक्त बनाना : कलराज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सुल्तानपुरः** भाजपा नेता रामचन्द्र मिश्रा के यहां निजी कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्रा ने कहा कि वक्फ कानून का उद्देश्य गरीब मुसलमानों को सशक्त बनाना है। वक्फ कानून संसद से पास हुआ कानून है।भारत की संवैधानिक व्यवस्था में कोई भी राज्य केंद्रीय कानून को लागू करने से इनकार नहीं कर सकता।अगर कोई ये कहता है कि हम इसे लागू नहीं करेंगे, तो यह सीधे सीधे संविधान का उल्लंघन है।वक्फ गरीबों की संपत्ति है।

जिले मे पहुँचे सोमवार को श्री मिश्र ने कहा कि यह कानून संसद में सभी दलों के सांसदों द्वारा घंटों चर्चा करने के बाद बना है। भारत सरकार ने दोनों सदनों में बहुमत से वक्फ बिल को पास किया है।संसद ने वक्फ बोर्ड में जो खामियां थी उसको दूर करने का काम किया है।इसमें कहीं भी मस्जिद और जमीन को हड़पने की बात नही है।यह बिल वक्फ संपत्ति को पारदर्शी ढंग से नियमित स्वरूप प्रदान करने और ढंग से उसका सदुपयोग करने के लिए है।यह गरीब मुसलमान के हित में किया गया फैसला है।इस कानून से गरीब मुस्लिम को फायदा मिलेगा।इस बिल को सभी दलो को मनाना चाहिए। वहीं आगे श्री मिश्रा ने राणा सांगा को लेकर किये गए सवाल पर कहा कि राणा सांगा का गौरवशाली इतिहास है।



**हित में**

● संवैधानिक व्यवस्था में कोई भी राज्य केंद्रीय कानून को लागू करने से इनकार नहीं कर सकता

## भूकंप पूर्व चेतावनी के लिए 'भूदेव ऐप' लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से भूकंप पूर्व चेतावनी देने वाले भूदेव ऐप को डाउनलोड करने की अपील की है। यह ऐप उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और आईआईटी रुड़की के सहयोग से विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र में आता है, क्योंकि राज्य का अधिकांश भाग सिस्मिक जोन-4 और जोन-5 में स्थित है। मुख्यमंत्री ने अपने वीडियो संदेश में नागरिकों से आग्रह किया कि वे स्वयं भी यह ऐप अपने मोबाइल में डाउनलोड करें और अपने परिजनों व परिचितों के मोबाइल में भी इसे इंस्टॉल करवाएं। यह ऐप पांच से अधिक तीव्रता का भूकंप आने पर मोबाइल फोन में अलर्ट भेज देगा। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास के सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि राज्य में अलग-अलग स्थानों में 169 सेंसर और 112 सायरन लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जब भूकंप आता है, तो दो तरह की तरंगें निकलती हैं, जिन्हें हम प्राइमरी और सेकेंडरी तरंग कहते हैं। प्राइमरी तरंगें पहले निकलती हैं। जब भूकंप आएगा तो अलग-अलग स्थान पर लगे सेंसर प्राइमरी तरंगों को डिटेक्ट कर लेंगे। यदि 5 से अधिक तीव्रता का भूकंप आएगा तो इन सेंसरों के माध्यम से सीधे भूदेव ऐप के जरिए मोबाइल फोन में सायरन बज उठेगा।

**एप**

● ऐप राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और आईआईटी रुड़की के सहयोग से विकसित किया गया

## 2 मई को बाबा तुंगनाथ और 21 मई को मद्महेश्वर के खुलेंगे कपाट

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** पंचकेदारों में शामिल प्रतिष्ठित द्वितीय केदार श्रीमद्महेश्वर मंदिर के कपाट 21 मई को कर्क लग्न में पूर्वाह्न शुभ मुहूर्त पर विधिविधान से खोले जाएंगे। इसी तरह तृतीय केदार बाबा तुंगनाथ के कपाट 2 मई को मिथुन लग्न में भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में मंदिर समिति के आचार्य वेदपाठियों ने पंचाग गणना पश्चात मद्महेश्वर धाम के कपाट खुलने की तिथि की घोषणा की।

**बराबार की हक** दलित-वंचितों के लिए शिक्षा से लेकर स्वरोजगार, सामाजिक सुरक्षा और सम्मान में हुआ ऐतिहासिक विस्तार

## बाबा साहब के विचारों को साकार कर रहे सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** योगी सरकार की दलित उत्थान से संबंधित योजनाएं सामाजिक न्याय के आदर्शों को साकार करती दिख रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते आठ वर्षों में राज्य सरकार ने शिक्षा, स्वरोजगार, सामाजिक सुरक्षा और सम्मान जैसे क्षेत्रों में जो ठोस कदम उठाए हैं, वह दलित समाज को न केवल बराबरी का हक दिला रहे हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी प्रेरक साबित हो रहे हैं। बीते आठ सालों में योगी सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम प्रदेश में दलित सशक्तीकरण की नई इबारत लिखी है। योगी सरकार ने बाबा साहब के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के मंत्र को धरातल पर उतारने का संकल्प लेते हुए प्रदेश के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 100 सर्वोदय विद्यालयों की स्थापना की है, जिसमें अनुसूचित जाति के लिए 60 प्रतिशत व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित की हैं। इन विद्यालयों में 2.65 लाख बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। छात्रों को यूनिफॉर्म, किताबें, स्टेशनरी और टैबलेट जैसी सुविधाएं भी दी जा रही हैं, जिससे शिक्षा का स्तर सुधरा है और नामांकन दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। योगी सरकार ने मिरजापुर के मड़िहान में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय (बालिका) विद्यालय में जेईई और नीट के लिए लिए सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना की है।




**सशक्तीकरण**

● योगी सरकार ने बाबा साहब के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के मंत्र को धरातल पर उतारा

